वर्ष-32, अंक- 150, पृष्ठ-16 | चैत्र कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
17 मार्च 2026

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







## विधानसभा परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का मुख्यमंत्री ने स्वयं रक्तदान कर किया शुभारंभ

# रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है : हेमंत सोरेन

- सीएम ने विधानसभा के सभी सदस्यों व कर्मियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का किया आह्वान

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा परिसर स्थित विधानसभा औषधालय में सोमवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं रक्तदान करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्यमंत्री की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्तदान को एक महान मानवीय कार्य बताते हुए कहा कि यह ऐसा पुण्य कार्य है। इससे अनेक जरूरतमंदों को नया जीवन प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के सभी सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही, समाज के प्रत्येक वर्ग से रक्तदान के महत्व को समझने और इसे नियमित रूप से अपनाने की अपील की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मंत्री, विधायक तथा विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।





## एक नजर

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग किया जाम

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा ओकिया गांव में सोमवार देर शाम बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान जामुनी देवी (70 वर्ष), पति रामधनी यादव, निवासी ओकिया मुरपा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में तेज गति से जा रहे ट्रैक्टर ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुरपा पिकेट प्रभारी होसेंग डांग पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। इधर घटना से आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों ने बालूमाथ–मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग को मनसिंघा मोड़ के पास जाम कर दिया। पुलिस प्रशासन जामस्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने-बुझाने एवं मार्ग को सुचारू कराने का प्रयास कर रहा है।

### झामुमो ने निर्वाचन आयोग को भेजी असम चुनाव के स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के हस्ताक्षर से जारी यह सूची भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को भेजी गई है। इसमें नेताओं को चुनाव प्रचार की अनुमति देने तथा उनके उपयोग में आने वाले वाहनों के लिए पास जारी करने का अनुरोध किया गया है। इस सूची में राज्य के मुख्यमंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के अलावे विधायक कल्पना सोरेन, सांसद डॉ सरफराज अहमद, विनोद कुमार पांडेय, जोबा माझी, अभिषेक प्रसाद, पंकज मिश्रा, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद, विजय हांसदा, डॉ महुआ माजी, हफीजुल हसन, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, जिगा सुशरण होरो, विकास मुंडा, एमटी राजा, आलोक सोरेन और डॉ लुईस मरांडी शामिल हैं। पार्टी ने निर्वाचन आयोग को भेजे पत्र में बताया है कि ये सभी नेता असम के विभिन्न इलाकों में हवाई, सड़क और रेल मार्ग से यात्रा कर चुनाव प्रचार करेंगे।

## भू-राजस्व निबंधन एवं अन्य विभागों के अनुदान मांगों की कटौती प्रस्ताव पर मंत्री ने दिया जवाब

# सरकार 1932 आधारित स्थानीय नीति लागू करने के लिए प्रतिबद्ध : बिरुआ

- कहा, भूमि प्रबंधन को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार नई नीतियां व डिजिटल व्यवस्था कर रही लागू

**नवीन मेल डेस्क**






**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंत्री दीपक बिरुआ ने सोमवार को भू-राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग, कार्मिक प्रशासनिक एवं अन्य विभागों के अनुदान मांगों की कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से सदन में जवाब दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार, 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए विधानसभा से पारित झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा विधेयक-2022 को नौवीं अनुसूची में शामिल करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया गया है। नई नियुक्तियां होने तक बाह्य स्रोत से कर्मियों की सेवा ली जाएगी।
मंत्री बिरुआ ने कहा कि भूमि प्रबंधन को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार नई नीतियां और डिजिटल व्यवस्था लागू कर रही है। दाखिल-खारिज प्रक्रिया में सुधार के लिए सोमोटो सिस्टम और परिशोधन पोर्टल लागू किया गया है। पुराने खतियानों को समझने के लिए कैथी लिपि की पाठ्य पुस्तिका भी प्रकाशित की गई है। अंचल कार्यालयों और मुख्यालयों का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कासवान भूमि के लिए नियमावली का गठन किया जाएगा।
दीपक बिरुआ ने बताया कि झारखंड संस्था निबंधन नियमावली भी गठित की गई है। मंत्री ने बताया कि राज्य में सेवाओं और पदों पर आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 77 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है। इसमें अनुसूचित जनजाति को 28 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। ट्रांसजेंडर समुदाय को भी ओबीसी सूची में शामिल किया गया है। सभी वर्गों की महिलाओं के लिए पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में नियुक्तियों में तेजी आई है। वर्ष 2020 से 2025 के बीच जेएसएससी के माध्यम से 34 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां हुई हैं, जबकि जेपीएससी के माध्यम से तीन हजार से अधिक पदों शेष पेज 15 पर...

### सदन में उठाया गया धान खरीद में गड़बड़ी का मुद्दा

विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को सदन में धान खरीद में कथित गड़बड़ी का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठा। विधायक जनार्दन पासवान ने राज्य में धान खरीद प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया और इसे गंभीर घोटाला करार दिया। जनार्दन पासवान ने सदन में कहा कि राज्य में धान खरीद की प्रक्रिया पूरी तरह संदिग्ध हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऐसे लोग, जिनके पास कृषि योग्य जमीन तक नहीं है, वे भी 400 से 500 क्विंटल तक धान सरकार को बेच रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि बिहार से धान लाकर झारखंड में बेचा जा रहा है, जिससे पूरी खरीद प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि इस तरह का कोई मामला अभी तक सरकार के संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि इस संबंध में कोई शिकायत या ठोस तथ्य सामने आते हैं, तो सरकार इसकी जांच कराएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि धान खरीद की पूरी प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर अनियमितता हो रही है। उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की।

### इंट भट्ठा संचालन में अनियमितता मिलने पर कार्रवाई होगी : मंत्री

सदन में सोमवार को मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और वहां संचालित अवैध ईंट भट्ठों का मुद्दा भी उठाया गया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि सरकार एक ओर मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर इलाके में ईंट भट्ठों और क्रशर के संचालन से प्रदूषण का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई ईंट भट्ठे नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे हैं और इस पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। इस पर जवाब देते हुए मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 30 ईंट भट्ठों के संचालन की जानकारी मिली है और सभी संचालकों से कागजात की मांग की गई है। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, विधायक सीपी सिंह ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए शेष पेज 15 पर...

### सरकार बना रही एआई के बेहतर उपयोग की योजना : दीपक बिरुआ

विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही के दौरान सार्वजनिक सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग को लेकर चर्चा हुई। विधायक सरयू राय ने सरकार से पूछा कि राज्य में सरकारी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एआई के इस्तेमाल को लेकर क्या कदम उठाए जा रहे हैं।इस प्रश्न का उत्तर देते हुए सरकार की ओर से राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार तथा परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है। आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बेहतर तरीके से उपयोग करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से एआई के उपयोग को लेकर एक बैठक आयोजित की गई है। बैठक के बाद सरकार की तैयारियों और आगे की कार्ययोजना की रूपरेखा स्पष्ट हो जाएगी। मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सरकार नई तकनीकों को अपनाने के लिए गंभीर है। सार्वजनिक सेवाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित उपयोगों पर विचार किया जा रहा है। इस दिशा में विशेषज्ञों और संबंधित विभागों से भी सुझाव लिए जा रहे हैं। हालांकि, मंत्री के जवाब से संतुष्ट न होते हुए विधायक सरयू राय ने कहा कि फिलहाल सरकार की ओर से इस दिशा में कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि केवल बैठक करने की बात कहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सरकार को इस विषय पर स्पष्ट नीति और ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करनी चाहिए। सरयू राय ने सरकार से मांग की कि राज्य में प्रशासनिक कार्यों, नागरिक सेवाओं और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एआई के उपयोग को लेकर एक स्पष्ट रोडमैप तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर तकनीक का सही उपयोग किया जाए, तो सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में काफी सुधार किया जा सकता है।

## भतीजे ने चाचा को पीट-पीट कर किया अधमरा, इलाज के दौरान हुई मौत



- आक्रोशित ग्रामीणों ने की सड़क जाम एक घंटा बाधित रहा जपला छतरपुर मुख्य सड़क

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पतरा कला पंचायत के झड़गड निवासी जगनरायण यादव (47 वर्ष )को भतीजे व अन्य परिजनों के साथ मिलकर लाठी ठंडे से पीट पीट कर अधमरा कर दिया, जहां इलाज के दौरान सोमवार को चाचा की मौत हो गयी। घटना कल रविवार की देर शाम की बतायी जाती है। इस संबंध में मृतक के बेटा दीपक कुमार ने हुसैनाबाद थाना में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में मिथिलेश यादव, राकेश कुमार यादव, सुजीत कुमार यादव, श्रीराम यादव, विनय यादव , बिरेंद्र यादव, जितेंद्र यादव को आरोपी बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की मेरे पिता जगनारायण यादव और गांव गुरदी थाना छतरपुर निवासी सुरेंद्र यादव दिनों जपला से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे, इसी क्रम में चाउआ चट्टान गांव के समीप पहले से ही लाठी ठंडे से लैस होकर घाट शेष पेज 15 पर...

### जपला छतरपुर नहर मोड़ पर शव सड़क पर रखकर किया सड़क जाम

हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने शव को जपला छतरपुर मुख्य सड़क स्थित नहर मोड़ पर रखकर जपला छतरपुर मुख्य सड़क को जाम कर दिया, लोगों आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे, पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे, जाम की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एस आई शौरभ चौबे, श्रीनिवास शर्मा, कालिका पासवान जाम स्थल पर पहुंचकर जाम कर रहे लोगों को आश्वाशन दिया की शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तारी की जाएगी, जाम दोपहर 12बजे से दोपहर 1बजे तक लगा रहा, जिसके चलते सड़क के दोनों ओर छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी, थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया की मृतक के बेटा के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गयी हैं, शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## झरिया में मुठभेड़, प्रिंस खान गिरोह के तीन सदस्य घायल

**धनबाद।** धनबाद जिले में सोमवार को पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ की बड़ी घटना सामने आई है। झरिया के भागाबांध ओपी क्षेत्र और जोड़ापोखर ओपी क्षेत्र के बॉर्डर इलाके में रांची और धनबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह के तीन गुर्गे घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार के अनुसार, रांची में हाल ही में एक होटल में हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में रांची पुलिस को सूचना मिली कि इस घटना में शामिल कुछ अपराधी धनबाद के झरिया इलाके में छिपे हुए हैं। इसके बाद रांची पुलिस धनबाद पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। सूचना के आधार पर पुलिस की दो टीमों ने भागाबांध और जोड़ापोखर ओपी क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान छिपे हुए अपराधियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी।

## साहित्य अकादमी पुरस्कार : 24 भाषाओं की उत्कृष्ट कृतियां सम्मानित

# संताली भाषा में सुमित्रा सोरेन को पुरस्कार

- कहानी संग्रह 'मिड बिर्ना चेनने साओन इनाग सागई' के लिए मिलेगा सम्मान
- ममता कालिया को हिंदी संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए पुरस्कार




**नई दिल्ली (हि.स.)।** साहित्य अकादमी ने वर्ष 2025 के लिए अपने प्रतिष्ठित वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इस बार देश की 24 भारतीय भाषाओं की उत्कृष्ट साहित्यिक कृतियों को सम्मान के लिए चुना गया है। प्रसिद्ध लेखिका ममता कालिया को उनके हिंदी संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए और प्रसिद्ध राजनयिक नवतेज सरना को उनके अंग्रेजी उपन्यास 'क्रिमसन स्प्रिंग' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। संताली भाषा में कहानी संग्रह 'मिड बिर्ना चेनने साओन इनाग सागई' के लिए लेखिका सुमित्रा सोरेन को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है।
अकादमी की सचिव पल्लवी प्रशांत होल्कर के अनुसार, चयनित कृतियों में कविता, उपन्यास, कहानी, निबंध, आलोचना, आत्मकथा और संस्मरण जैसी विभिन्न विधाओं की पुस्तकें शामिल हैं। कुल मिलाकर इस वर्ष 8 कविता संग्रह, 4 उपन्यास, 6 कहानी संग्रह, 2 निबंध, 1 साहित्यिक आलोचना, 1 आत्मकथा और 2 संस्मरण को पुरस्कार के लिए चुना गया है। इन पुरस्कारों का चयन 24 भारतीय भाषाओं की अलग-अलग निर्णायक समितियों (ज्यूरी) की सिफारिशों के आधार पर किया गया है। पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक विजेता को उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। सम्मान समारोह 31 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। कविता श्रेणी में बांग्ला की 'श्रेष्ठ कविता', डोगरी की 'ठाकुर सतसई', गुजराती की 'भट्टखडकी', कश्मीरी की 'नजदावनेकी पॉट अलाव', ओड़िया की 'पदपुराण', संस्कृत की 'प्रस्थानचतुष्टये ब्रह्मघोषः', तेलुगु की 'अनिमेष' और उर्दू की 'सफर जारी है' शेष पेज 15 पर...

### 31 मार्च को होगा सम्मान समारोह

साहित्य अकादमी के अनुसार, सभी पुरस्कार विजेताओं को 31 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक पुरस्कार में ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। यह सम्मान भारतीय भाषाओं के साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने और देश की बहुभाषी साहित्यिक परंपरा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जाता है।

## नीतीश, नितिन व उपेंद्र कुशवाहा सहित पांचों उम्मीदवार राज्यसभा चुनाव जीते

- बिहार में रास चुनाव में एनडीए का शानदार प्रदर्शन

**पटना (आईएएनएस)।** बिहार में राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी पांचों प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं। सोमवार की शाम को मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवार नीतीश कुमार, नितिन नवीन, उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर और शिवेश राम को विजयी घोषित किया गया।
बताया गया कि एनडीए के पांचवें उम्मीदवार शिवेश कुमार को द्वितीय वरीयता के आधार पर जीत मिली है, लेकिन उन्होंने सबसे अधिक मत प्राप्त किया। चुनाव में महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को मैदान में उतारा था, जिसके बाद पांचवीं सीट को लेकर पेंच फंस गया था। राज्यसभा चुनाव के कारण बिहार की राजनीति में कई बड़े बदलाव होने तय हैं। नीतीश कुमार के ऊपरी सदन में जाने से राज्य का मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ेगा।
इधर, जीत के बाद जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सभी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहले से तय था। हम लोगों ने इससे पहले विधानसभा चुनाव में भी एकजुटता के साथ लड़ा था और आज इस चुनाव का परिणाम भी सबके सामने है। इधर, विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया है। बताया गया कि इस चुनाव में एक सीट जीतने के लिए 41 वोट की आवश्यकता थी, लेकिन महागठबंधन के चार विधायक मतदान में शामिल नहीं हुए। इनमें कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक शामिल बताए गए हैं। इस अनुपस्थिति ने चुनावी गणित को पूरी तरह बदल दिया। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट डाला, जबकि विपक्षी महागठबंधन के चार विधायकों ने मतदान नहीं किया। राज्यसभा चुनाव का परिणाम महागठबंधन के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। हालांकि, इस चुनाव में एआईएमआईएम के पांच विधायकों का महागठबंधन को समर्थन प्राप्त हुआ। बिहार के राज्यसभा सदस्य जिनका कार्यकाल अप्रैल को समाप्त हो रहा है, उनमें अमरेंद्र धारी सिंह, प्रेमचंद गुप्ता, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा एवं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह हैं।

# राजदेव महतो हत्याकांड : अवैध संबंध का भेद खुलने के डर से बुजुर्ग की हत्या

- 12 दिन बाद पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार, एक फरार

**नवीन मेल संवाददाता**



**पलामू।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र में हुए चर्चित राजदेव महतो हत्याकांड का पुलिस ने 12 दिन बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया है कि एक महिला के साथ कथित अवैध संबंध का भेद खुल जाने के डर से बुजुर्ग की हत्या की साजिश रची गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार चल रहा है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सेवती गांव निवासी बच्चू महतो (55) एवं संतोष महतो (50) के रूप में की गई है। वहीं तीसरा आरोपी सुरेश राम फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार 2 मार्च को राजदेव महतो (70) का शव सेवती डाक बंगला के समीप पदमा जाने वाली सड़क किनारे कोलकटवा जंगल से बरामद किया गया था। इस संबंध में मृतक की पत्नी दुलारी देवी ने तरहसी थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर सेवती गांव की देवन्ती देवी से पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि तरहसी निवासी सुरेश राम एवं सेवती के संतोष महतो अक्सर उसके घर शराब पीने आते थे। मृतक राजदेव महतो को इन दोनों पर देवन्ती देवी के साथ अवैध संबंध होने का शक था और वह कई बार उन्हें गांव में बदनाम करने की धमकी देता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि राजदेव महतो प्रायः पशु चराने के लिए कोलकटवा जंगल जाया करते थे और बच्चू महतो के भंडार घर के पास बैठते थे। शराब पीने के दौरान वे कई बार बच्चू महतो को भी अपशब्द कह देते थे, जिससे वह उनसे नाराज रहता था। इसी रंजिश तथा कथित संबंध का राज खुलने के डर से सुरेश राम, संतोष महतो और बच्चू महतो ने मिलकर हत्या की साजिश रची। बताया गया कि 27 फरवरी को सेवती गांव में आयोजित एक भोज के बाद बच्चू महतो राजदेव महतो को बहला-फुसलाकर अपने कोलकटवा जंगल स्थित भंडार घर ले गया। वहां तीनों आरोपितों ने मिलकर टांगी से हमला कर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को पास के खलिहान में पुआल से ढक दिया गया तथा घटनास्थल पर गिरे खून को मिट्टी हटाकर दूसरी मिट्टी से ढक दिया गया। इसके बाद 1 मार्च की रात तीनों आरोपितों ने शव को खाट पर लादकर जंगल के रास्ते सेवती डाक बंगला के पास सड़क किनारे फेंक दिया, ताकि घटना को छिपाया जा सके। मामले के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक अनंत कुमार सिंह ने बताया कि सख्ती से पूछताछ करने पर गिरफ्तार आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टांगी एवं खाट बरामद कर ली गई है।

## गैस एजेंसी बंद रहने से उपभोक्ताओं में असमंजस




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू)।** स्थानीय आरएसके इडेन ग्रामीण वितरक रसोई गैस एजेंसी के कार्यालय पर "तकनीकी कारणों से बंद" होने की सूचना लगाए जाने से उपभोक्ताओं के बीच असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। गैस लेने पहुंचे लोगों को कार्यालय बंद मिलने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि तकनीकी कारणों से सिस्टम बाधित हो सकता है, लेकिन पूरे कार्यालय को बंद कर देना उनकी समझ से परे है। एजेंसी की ओर से जारी सूचना में उपभोक्ताओं के लिए जो मोबाइल नंबर दिया गया है, वह भी लगातार बंद या संपर्क से बाहर मिल रहा है। इससे उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण उनकी चिंता और बेचैनी बढ़ गई है।

## पथरा ओपी में नए प्रभारी ने संभाला पदभार




**हरिहरगंज (पलामू)।** थाना क्षेत्र के पथरा ओपी में एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को विधिवत रूप से ओपी प्रभारी का प्रभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर ओपी में तैनात पुलिसकर्मियों ने उनका स्वागत किया और क्षेत्र में शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- रामगढ़ थाना क्षेत्र की घटना, चार छोटे बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**नवीन मेल संवाददाता**



**पलामू।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के काचन गांव स्थित गुरियाही टोला में रविवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मध्यप्रदेश के सागर जिला अंतर्गत मंगरदहा निवासी अरविंद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह पिछले लगभग 15 वर्षों से अपने ससुर नंदू मोची के घर रह रहा था। घटना की सूचना मिलने पर सोमवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक के परिजन भी उसके ससुराल पहुंच रहे हैं, जिनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के ससुर ने बताया कि रविवार को अरविंद ने घर में मटन बनाया था और शराब भी पी रखी थी। भोजन के दौरान खाने में बाल दिखने पर उसका पत्नी से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उसने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। भय के कारण पत्नी अपने बच्चों के साथ पड़ोस के घर चली गई। कुछ देर बाद जब पत्नी वापस लौटी तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। कच्ची छत से झांककर देखने पर अरविंद का शव फंदे से लटका मिला। इसके बाद ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी गई। बताया जाता है कि मृतक अक्सर पत्नी पर शक करता था और इसी कारण घर में विवाद होता रहता था। मृतक के चार छोटे बच्चे हैं।

## विधानसभा में कोयल नदी पर पुल निर्माण की मांग उठी




**शंभू चौरसिया**

**मोहम्मदगंज।** विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने सोमवार को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के सोहगाड़ा एवं पलामू जिले के मोहम्मदगंज के बीच गवर्नर रोड पर कोयल नदी में पुल निर्माण की मांग उठाई। उनकी इस पहल से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुल निर्माण होने से अंतरराज्यीय संपर्क सुदृढ़ होगा तथा आवागमन की दूरी में 80 से 100 किलोमीटर तक की कमी आ सकती है। इससे व्यापार, आवागमन एवं क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

## सब्जी विक्रेता पर अज्ञात अपराधियों का जानलेवा हमला

**गोगाड़ गांव में सुनसान स्थल पर वारदात, घायल की हालत गंभीर**

**नवीन मेल संवाददाता**




**पांकी।** प्रखंड के गोगाड़ गांव निवासी सब्जी विक्रेता अनिल कुमार सिंह पर रविवार शाम लगभग सात बजे अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि वे आसेहार गांव से सब्जी बेचकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गोगाड़ गांव से सटे सुनसान स्थान पर घात लगाए 10-12 लोगों ने उन पर हमला कर दिया। घटना के दौरान वहां से गुजर रहे एक ग्रामीण की बाइक की रोशनी देखकर हमलावर फरार हो गए। घायल को परिजनों की सहायता से मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पत्नी ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### रामनवमी पर्व को लेकर हुसैनाबाद में तैयारियां तेज

## महासमिति की बैठक में शांतिपूर्ण व भव्य आयोजन की बनी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** शहर के जपला छठ पोखरा स्थित लोकनाथ केशरी के आवास परिसर में रामनवमी पूजा महासमिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बजरंग दल के संयोजक आलोक नाथ केशरी ने की। बैठक में आगामी रामनवमी पर्व को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा पूजा को शांतिपूर्ण, अनुशासित और हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने की रणनीति तय की गई। आलोक नाथ केशरी ने कहा कि रामनवमी हुसैनाबाद क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक पर्व है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं अखाड़ा समितियों के सदस्य भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को नगर क्षेत्र के सभी अखाड़ा समितियों के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी, जबकि 23 मार्च को ग्रामीण क्षेत्र के अखाड़ा प्रतिनिधियों के साथ अलग बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही दुर्गा पूजा एवं सरस्वती पूजा समितियों के सदस्यों से भी संपर्क कर उन्हें आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए तथा आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का संकल्प लिया।

## गैस सिलेंडर कमी की अफवाह से एजेंसियों पर बढ़ी भीड़



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कमी की अफवाह फैलने से एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ गई है। गैस एजेंसी की प्रोपराइटर भारती कुमारी चौधरी ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है तथा पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि बुकिंग के बाद ओटीपी प्राप्त होने पर ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया जा रहा है। लोगों से अपील की गई है कि बिना ओटीपी एजेंसी न आएं और अफवाहों पर ध्यान न दें।

### जल महोत्सव पखवाड़ा में जलसहियाओं की बढ़ी सक्रियता

## बलडिहरी की मास्टर जलसहिया ने विभिन्न स्रोतों के पानी की गुणवत्ता जांची

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** जल महोत्सव पखवाड़ा के दौरान सामाजिक दायित्वों के निर्वहन को लेकर जलसहियाओं की सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में रामबांध पंचायत अंतर्गत बलडिहरी गांव की मास्टर जलसहिया शाहजहां बेगम ने सोमवार को विभिन्न चापाकलों से पानी मंगवाकर अपने घर पर ही उसकी गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार के निर्देशानुसार विभाग से प्राप्त किट एवं केमिकल्स की सहायता से चापाकलों के पानी की जांच का कार्य तेज कर दिया गया है। इसके साथ ही वे अन्य जलस्रोतों के संरक्षण तथा गली-मोहल्लों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए ग्रामीणों को जागरूक कर रही हैं। ब्लॉक वॉश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि जलसहियाओं के इस प्रयास से गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे जल प्रदूषण और गंदगी से फैलने वाली मलेरिया एवं फाइलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम संभव होगी। इस दौरान जलसहियाओं द्वारा खराब एवं बंद पड़े चापाकलों तथा जलमीनारों की सूची तैयार कर विभाग को निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि समय रहते मरम्मत कर संभावित पेयजल संकट को टाला जा सके। उन्होंने जल महोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत निर्धारित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेने की चेतावनी भी दी है।

## होली पर यात्रियों को राहत, गया-लुधियाना के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए गया जंक्शन से लुधियाना के बीच एकतरफा अनारक्षित होली विशेष ट्रेन (संख्या 03699) का परिचालन 17 मार्च से किया जा रहा है। यह ट्रेन गया जंक्शन से शाम 4:45 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन में कुल 14 कोच होंगे, जिनमें 12 सामान्य श्रेणी तथा 2 एसएलआर कोच शामिल हैं। यह ट्रेन गुरारू, रफीगंज, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी-ऑन-सोन, सासाराम, कुदरा, भभुआ रोड, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर एवं अंबाला छावनी सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। इस विशेष ट्रेन के परिचालन से क्षेत्र के यात्रियों को होली के अवसर पर यात्रा करने में काफी सुविधा मिलेगी।

### रामनवमी, सरहुल व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आज

## ऊंटारी रोड़ थाना परिसर में सुबह 10 बजे होगी बैठक, जुलूस मार्ग व विधि-व्यवस्था पर होगी चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**




**ऊंटारी रोड़।** आगामी रामनवमी, सरहुल एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से ऊंटारी रोड़ थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। थाना प्रभारी संतोष गिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष, डीजे संचालक, जनप्रतिनिधि तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान जुलूस मार्ग निर्धारण, ध्वनि नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। थाना प्रभारी ने सभी संबंधित लोगों से समय पर बैठक में शामिल होकर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है, ताकि सभी पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकें।

## भाई बिगहा में दावत-ए-इफ्तार, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाई बिगहा पंचायत सचिवालय में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। मुखिया शहनाज परवीन एवं समाजसेवी सज्जू खान, अशरफ हसन और राजू खान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इफ्तार के बाद रोजेदारों ने मगरिब की नमाज अदा कर देश-प्रदेश एवं क्षेत्र में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी मेल-मिलाप और सौहार्द बढ़ता है तथा समाज में भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

### चैती छठ महापर्व को लेकर सूर्य मंदिर परिसर कजरात में समिति की बैठक

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट सफाई का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** चैती छठ महापर्व को लेकर अनुमंडल क्षेत्र की विभिन्न समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कजरात स्थित सूर्य मंदिर परिसर में सूर्यमंदिर विकास समिति एवं छठ पूजा सेवा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष चैती छठ महापर्व को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छठ घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, टेंट, साउंड सिस्टम तथा महिला व्रतधारियों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित करने एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने पर भी सहमति बनी।

## हैदरनगर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने की कवायद तेज

**हैदरनगर (पलामू)।** आगामी गर्मी को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने सक्रियता बढ़ा दी है। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने बताया कि सभी जलसहियाओं को अपने-अपने क्षेत्र के चापाकलों की अद्यतन स्थिति का सर्वे कर रिपोर्ट शीघ्र प्रखंड मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर खराब चापाकलों एवं बंद जलमीनारों की मरम्मत कराई जाएगी, जिससे गर्मी के दौरान पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत बहु-ग्रामीण पेयजल आपूर्ति समिति के गठन की तैयारी भी की जा रही है।

## एसडीपीओ से मिले पूर्व प्रत्याशी शेर अली व नगर पंचायत अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** सोमवार को बसपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शेर अली के नेतृत्व में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब (आईपीएस) से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शहर की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं अन्य जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। एसडीपीओ ने नगर विकास को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने पर जोर दिया, जबकि अध्यक्ष ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

## डायट मेदिनीनगर में क्विज प्रतियोगिता आयोजित, 90 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मेदिनीनगर परिसर में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की प्राचार्या अमृता सिंह एवं संकाय सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि क्विज प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में ज्ञानार्जन की रुचि बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. धीरेंद्र सिंह, मोहम्मद हसन रजा, डॉ. अंजु कुमारी तथा मृत्युंजय कुमार ने निभाई, जबकि संचालन डॉ. धीरेंद्र सिंह एवं मोहम्मद हसन रजा ने संयुक्त रूप से किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 90 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं।

## नगर परिषद उपाध्यक्ष चुनाव में प्रेमचंद साव विजयी, समर्थकों में खुशी

**चतरा।** चतरा नगर परिषद में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रेमचंद साव विजयी घोषित किए गए। उन्हें 13 मत प्राप्त हुए, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी वेदवती जायसवाल को 8 मत मिले। एक मत अमान्य रहा। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया। इससे पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष अताउर रहमान उर्फ बाबू भाई तथा सभी वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाई गई थी।

### घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

# कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर सामने आ रही शिकायतों के बीच उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गैस एजेंसी प्रतिनिधियों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एजेंसियों से वर्तमान स्टॉक एवं आगामी आपूर्ति की जानकारी ली गई।

उपायुक्त ने गैस वितरण में छात्रावास, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं अस्पतालों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि घरेलू गैस आवश्यक वस्तु अधिनियम के दायरे में आती है और कालाबाजारी या सिलेंडर में छेड़छाड़ की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एजेंसियों को अपने निर्धारित क्षेत्र में ही गैस आपूर्ति करने तथा एजेंसी के बाहर संपर्क नंबर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। साथ ही अनावश्यक भीड़ की समस्या से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) के गठन की बात कही। उपायुक्त ने आम नागरिकों से अपील की कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए घबराकर अनावश्यक बुकिंग न करें।



### बैरिया चौक सिलेंडर ब्लास्ट मामले में सख्त कार्रवाई

# गैस डीलर के लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू

- टीओपी–3 प्रभारी समेत टाइगर मोबाइल के जवान निलंबित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टाउन थाना क्षेत्र के बैरिया चौक में रविवार को हुए एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। प्रारंभिक जांच के आधार पर संबंधित गैस डीलर के लाइसेंस को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं लापरवाही के आरोप में टीओपी–3 प्रभारी अजय कुमार गुप्ता सहित टाइगर मोबाइल के जवानों को भी निलंबित कर दिया गया है। घटना में चार लोग घायल हो गए थे। बताया गया कि जहां विस्फोट हुआ, वहां एक गैस एजेंसी द्वारा बड़ी संख्या में एलपीजी सिलेंडर डंप कर रखे गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पलामू उपायुक्त समीरा एस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि घटनास्थल से प्रारंभिक जांच में करीब चार दर्जन भरे एवं खाली सिलेंडर होने की जानकारी मिली थी, जबकि बाद में मात्र 18 सिलेंडर बरामद हुए। इससे कुछ सिलेंडरों के गायब होने की आशंका भी जताई जा रही है, जिसकी जांच की जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर पुलिस पदाधिकारियों का फेरबदल भी किया गया है। हरिहरगंज के पथरा ओपी में तैनात मंटू कुमार को टीओपी–3 का नया प्रभारी बनाया गया है, जबकि पाटन थाना में पदस्थापित एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह को पथरा ओपी का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# पीएम श्री विद्यालयों में गतिविधियों व सामग्री क्रय को लेकर विभाग सख्त, गलत जानकारी देने पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पीएम श्री विद्यालयों में विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के संचालन तथा आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में एडीपीओ अंबुजा पाण्डेय ने सभी संबंधित विद्यालयों को विभागीय दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है।

जारी निर्देश के अनुसार झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के राज्य परियोजना निदेशक के पत्रांक 5036, दिनांक 26 नवंबर 2025 के आलोक में उप विकास आयुक्त पलामू की अध्यक्षता में 16 दिसंबर 2025 को बैठक आयोजित की गई थी। इसके बाद पीएम श्री योजना के त्वरित क्रियान्वयन को लेकर 21 जनवरी 2026 को जिले के 27 पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक तथा एक-एक सहयोगी शिक्षक के लिए जिला स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की गई थी।

कार्यशाला एवं विभागीय पत्र के माध्यम से यह स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक कर निर्णय लेते हुए विभिन्न गतिविधियों का संचालन एवं आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी विद्यालय स्तर से ही की जाएगी।

एडीपीओ ने बताया कि विभाग को यह सूचना मिल रही है कि कुछ विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों को गलत जानकारी दी जा रही है कि सभी कार्य जिला स्तर से कराए जाते हैं या जिला स्तर से वेंडर चयनित कर भेजे जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग की ओर से किसी भी प्रकार का वेंडर जिला स्तर से चयनित नहीं किया जा रहा है। सभी गतिविधियों के संचालन, वेंडर चयन तथा सामग्री क्रय का अधिकार विद्यालय प्रबंधन समिति के पास ही सुरक्षित है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पीएम श्री योजना से संबंधित सभी कार्य पूर्ण होने के बाद ही बिल-विपत्र कार्यालय में जमा किए जाएं तथा संबंधित अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जाएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी मांगे जाने पर विद्यालयों में संचालित गतिविधियों की सही एवं पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। भ्रामक या दिग्भ्रमित करने वाली सूचना देने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

# 31 मार्च तक होल्डिंग टैक्स जमा करने का निर्देश 72 बकायेदारों को नगर निगम ने भेजी सूचना

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम ने होल्डिंग टैक्स बकाया रखने वाले 72 नागरिकों को नोटिस जारी कर 31 मार्च 2026 तक बकाया राशि जमा करने का निर्देश दिया है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि से पूर्व संबंधित नागरिक नगर निगम कार्यालय से संपर्क कर अपने परिसरों का असेसमेंट कराते हुए टैक्स भुगतान सुनिश्चित करें।

नगर निगम के अनुसार झारखंड नगर पालिका कर अधिनियम 2011 के तहत नगर निकायों के लिए आवासीय भवन, कार्यालय, दुकान तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से होल्डिंग टैक्स की वसूली अनिवार्य है। अधिनियम की धारा 590 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह कार्रवाई की जा रही है।

स्थल निरीक्षण के दौरान ऐसे कई नागरिकों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने अब तक अपने परिसरों का होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया है या दो से तीन वर्षों से बकाया लंबित है। ऐसे सभी बकायेदारों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर टैक्स भुगतान करने को कहा गया है।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि समय पर टैक्स जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित नागरिकों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विश्रामपुर नगर परिषद के अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ, तारा देवी बनीं उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/विश्रामपुर।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन के तहत सोमवार को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त समीरा एस ने विश्रामपुर नगर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष गीता देवी तथा 20 वार्डों के पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए नगर परिषद क्षेत्र के विकास एवं नागरिक समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने पारदर्शिता, निष्पक्षता और समर्पण के साथ दायित्वों के निर्वहन पर जोर दिया। शपथ ग्रहण के पश्चात उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इसमें तारा देवी को 12 मत तथा इलियास अंसारी को 8 मत प्राप्त हुए, जिसके बाद तारा देवी को विजयी घोषित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंपा तथा बाद में अध्यक्ष गीता देवी ने उन्हें उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी रतन सिंह, अंचल अधिकारी राकेश तिवारी सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर कैलाश राम चंद्रवंशी का सम्मान

**मयूरहंड (चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी के मयूरहंड मंडल अध्यक्ष के रूप में नवनियुक्त कैलाश राम चंद्रवंशी का चंद्रवंशी समाज के लोगों ने अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने खुशी जताते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके संगठन के प्रति समर्पण और सक्रियता का परिणाम है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा तथा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। सम्मान समारोह में जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# ई-गवर्नेंस कार्यों की समीक्षा, आई-रेड पोर्टल में एंट्री नहीं होने पर उपायुक्त ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीईजीएस, ई-ऑफिस, यूआईडीएआई, एनआईसी एवं आधार से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली बैठक के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई तथा बताया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में आधार केंद्र सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं।

सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस (आई-रेड) पोर्टल में दुर्घटनाओं की एंट्री नहीं की जा रही है, जिस पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए स्वास्थ्य विभाग को नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगली बैठक तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने झारसेवा के तहत जारी होने वाले प्रमाण पत्रों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पोखराहा चौक से 670 ग्राम अफीम के साथ युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को पोखराहा चौक के समीप 670 ग्राम अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान शमशेर खलिफा (24) के रूप में हुई है, जो मनातू बाजार थाना क्षेत्र का निवासी है तथा उसका स्थायी पता गढ़वा जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिआंव कला गांव बताया गया है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक प्रतिबंधित अफीम लेकर पांकी की ओर से डालटनगंज आ रहा है और ट्रेन से बाहर जाने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सत्यापन के लिए पोखराहा चौक पहुंचकर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से पारदर्शी प्लास्टिक में रखा काले रंग का चिपचिपा पदार्थ बरामद हुआ, जिसका वजन करने पर करीब 670 ग्राम पाया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अफीम को बाहर ले जाकर बेचने की योजना होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसके पास से एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन तथा 1220 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। इस संबंध में सदर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## त्योहारों को लेकर पुलिस की अपील, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से बचें

**चतरा।** ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से चतरा पुलिस ने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष निर्देश जारी किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी अपील में सभी ग्रुप एडमिन एवं सदस्यों से साम्प्रदायिक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा नहीं करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करने को कहा गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भड़काऊ या संदिग्ध सूचना मिलने पर उसकी प्रशासनिक पुष्टि अवश्य करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। आदेश में चेतावनी दी गई है कि अफवाह फैलाना या समाज में अशांति फैलाना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ, प्रेमचंद साव बने उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को चतरा नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अताउर रहमान उर्फ बाबू भाई सहित सभी पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। मतदान में वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रेमचंद साव को 13 मत प्राप्त हुए, जबकि वार्ड संख्या 11 की पार्षद वेदवती जायसवाल को 8 मत मिले। एक मत अमान्य घोषित किया गया। बहुमत मिलने पर प्रेमचंद साव को नगर परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

# रामनवमी पूजा समिति की बैठक, नई कमेटी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी गांव में रविवार देर संध्या श्री श्री रामनवमी पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरदयाल रजक एवं संचालन प्रकाश कुमार दांगी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक के दौरान पुरानी समिति को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण राम दांगी ने अध्यक्ष पद के लिए दीपक कुमार राज के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। नई कमेटी में मुकेश कुमार दांगी को उपाध्यक्ष, भोला दांगी को सचिव, गौतम कुमार को उप सचिव, डॉ. प्रमोद कुमार दांगी को कोषाध्यक्ष तथा राजेंद्र ठाकुर को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। प्रमुख संरक्षक के रूप में नारायण राम दांगी, वासुदेव दांगी, हरदयाल रजक, तिलेश्वर दांगी, प्रकाश केसरी, दीपक केसरी एवं दीपक श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने नवगठित समिति को बधाई देते हुए पर्व को शांतिपूर्ण एवं भव्य तरीके से मनाने का संकल्प लिया।

# जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत जल आकलन रिपोर्ट की समीक्षा, शुद्ध पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जल महोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत कराए गए जल आकलन से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा उपायुक्त समीरा एस ने अपने कार्यालय कक्ष में की। बैठक में जिले के 19 पंचायतों से प्राप्त रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन पंचायतों में विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं घरों में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन की सुविधा नहीं है, उसकी सूचना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि शीघ्र शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने जल अर्पण दिवस के आयोजन को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराने तथा उपलब्ध बजट राशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के गेरूआ पंचायत अंतर्गत बढ़ीबिगहा गांव में बन रहे सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की ईंट और अन्य घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भवन निर्माण के लिए जिला परिषद मद से 55 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, इसके बावजूद मानकों की अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने घटिया ईंट दिखाकर अपना विरोध दर्ज कराया तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य निशि कुमारी निर्माण स्थल पर पहुंचीं और संबंधित विभाग से शिकायत करने की बात कही। वहीं कनीय अभियंता धनंजय ओझा ने बताया कि संवेदक को घटिया ईंट हटाकर गुणवत्तापूर्ण सामग्री से निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया गया है।

# उपाध्यक्ष पद के अप्रत्यक्ष निर्वाचन को लेकर समाहरणालय परिसर में निषेधाज्ञा लागू

● निर्धारित अवधि के दौरान अनधिकृत जमावड़ा, धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी, जुलूस एवं रैली पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत गढ़वा नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के अप्रत्यक्ष निर्वाचन को लेकर 17 मार्च को समाहरणालय स्थित सभागार में मतदान प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसे लेकर अनुमंडल दण्डाधिकारी गढ़वा सदर संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत समाहरणालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। निर्धारित अवधि के दौरान अनधिकृत जमावड़ा, धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी, जुलूस एवं रैली पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है। बिना वैध पहचान पत्र के परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी तथा हथियार, विस्फोटक या अन्य घातक सामग्री लेकर आने पर भी प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने नागरिकों से जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### मझिआंव नगर पंचायत के उपाध्यक्ष निर्वाचन को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर में निषेधाज्ञा



गढ़वा। नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के अंतर्गत मझिआंव नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पद के अप्रत्यक्ष निर्वाचन के लिए 18 मार्च को अनुमंडल कार्यालय गढ़वा के सभागार में मतदान कराया जाएगा। इसे देखते हुए अनुमंडल दण्डाधिकारी संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत अनुमंडल कार्यालय परिसर के 100 मीटर दायरे में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। इस अवधि में अनधिकृत भीड़, सभा, जुलूस, प्रदर्शन, नारेबाजी एवं आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। केवल निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी, कर्मी एवं अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रशासन ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

## महुआ चुनने के विवाद में महिला घायल न्याय की गुहार लेकर थाना पहुंची



नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** प्रखंड के भंवरी गांव में महुआ चुनने को लेकर हुए विवाद में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला बचिया देवी ने रंका थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि वह अपने खेत में महुआ चुनने गई थी, तभी एक व्यक्ति की पत्नी से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान संबंधित व्यक्ति वहां पहुंचा और लाठी से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। होश आने के बाद वह सीधे थाना पहुंची और न्याय की गुहार लगाई।

## रामनवमी को भव्य बनाने की तैयारी श्रीराम सेना की नई कार्यकारिणी गठित



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** रामनवमी महोत्सव की तैयारी को लेकर शहर के बस स्टैंड स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में श्रीराम सेना कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को लगातार आठवीं बार अध्यक्ष चुना गया, जबकि ऋतुराज जायसवाल को सचिव बनाया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी को और अधिक भव्य तरीके से मनाया जाएगा। पंचमी को मोटरसाइकिल जुलूस तथा नवमी को शोभायात्रा, महाभंडारा, भक्ति जागरण और झांकियों का आयोजन होगा। विधायक अनंत प्रताप देव ने सभी लोगों से शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की।

## दो आरोपी गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजे गए

● मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है

नवीन मेल संवाददाता





**चिनियां।** (गढ़वा) चिनियां थाना पुलिस ने कांड संख्या 04/2026 में कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 15 मार्च 2026 को दर्ज मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही थी। छापेमारी के दौरान विजय कोरवा एवं नरेश कोरवा, दोनों निवासी हेताड़ कला टोला हथबझवा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

## राजी विद्यालय में तीन दिवसीय भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** (गढ़वा) विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता के तत्वावधान में स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में तीन दिवसीय भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। यह प्रदर्शनी 16 से 18 मार्च तक विशेष विज्ञान बस के माध्यम से आयोजित की जा रही है। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रदर्शनी का मुख्य विषय "स्पेस टेक्नोलॉजी फॉर ह्यूमन वेलफेयर" रखा गया है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अंतरिक्ष, उपग्रह, नेटवर्किंग सिस्टम, लाइव प्रसारण, ग्रह, पृथ्वी एवं ऑर्बिट से संबंधित जानकारियां वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विज्ञान शिक्षक मोहम्मद मुनीब नजीर कुरैशी एवं संतोष कुमार यादव के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र आयुष मेहता का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए हुआ था। इसी उपलब्धि के आधार पर विद्यालय को इस प्रदर्शनी की मेजबानी का अवसर मिला है। विज्ञान बस के विद्यालय पहुंचते ही विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया।

## शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** (गढ़वा) रामनवमी, ईद, सरहुल एवं चैती छठ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर खरौंधी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी गौतम कुमार लकड़ा ने की। बैठक में अधिकारियों ने सभी समुदायों से आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने जुलूस एवं धार्मिक कार्यक्रमों की पूर्व सूचना थाना को देने का निर्देश दिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## चिनिया थाना में ईद, रामनवमी व सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**चिनिया।** (गढ़वा) थाना परिसर में सोमवार को ईद उल फितर, रामनवमी एवं सरहुल पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमित कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अंचल पदाधिकारी उमेश्वर कुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी पर्व आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाएंगे। अंचल पदाधिकारी ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि रामनवमी जुलूस प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा तथा डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का निर्देश दिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की बात कही। इस मौके पर रामेश्वर सिंह, जगदीश सिंह, रवि प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, कपिल प्रसाद, उमेश सिंह, रामसागर यादव, मुखलाल सिंह, भरत सिंह, भुखन कोरवा, बंधु राम, सुरजमल साव एवं रामबदन विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रामनवमी, ईद व सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक



रमना। आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रमना थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय ने की। प्रमुख करुणा सोनी ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद ने कहा कि पुलिस प्रशासन विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सजग है तथा अफवाहों से बचने की आवश्यकता है। बैठक में थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

## 108 कलश के साथ निकली भव्य कलश यात्रा, नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

**डंडई।** (गढ़वा) प्रखंड क्षेत्र के करके गांव स्थित शिव चर्चा स्थल छठ घाट सूर्य मंदिर परिसर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर 108 कलश के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालु जरदे गांव स्थित यूरिया एवं सरस्वती नदी के संगम तट पर पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पवित्र जल भरकर पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम गायत्री परिवार की जिला महिला समन्वयक शोभा पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिला समन्वयक विनोद पाठक ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जिससे वातावरण शुद्ध होता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## खरौंधी में भाजपा का चैता कार्यक्रम, पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने सरकार पर साधा निशाना

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** खरौंधी भाजपा मंडल इकाई द्वारा खुरधन पहाड़ी के समीप चैता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही शामिल हुए। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक चैता गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भानु प्रताप शाही ने कहा कि रामनवमी आस्था और परंपरा का पर्व है, जिसे धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए विकास, रोजगार, पेंशन एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर नाराजगी जताई। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष उपेंद्र दास, मंशा देवी, राजा सिंह, विनोद सिंह, जितेंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र पासवान, बुधनाथ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जोगिया मठ टोला में सरना झंडा स्थापना, संस्कृति संरक्षण का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरिया।** (गढ़वा) प्रखंड के जोगिया मठ टोला स्थित ढापन पानी पहाड़ी में सरना उरांव आदिवासी समिति भंडरिया के तत्वावधान में सरना झंडा स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गढ़वा एवं पलामू जिले के विभिन्न गांवों से सरना आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत जुर्मुनिया नदी से कलश यात्रा के साथ हुई। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं एवं युवतियों ने कलश में जल भरकर गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला, जो गांव का भ्रमण करते हुए कर्मा अखरा पहुंचा। यहां पाहन इन्द्र बाखला के नेतृत्व में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर सरना झंडा स्थापित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने आदिवासी समाज की पहचान उसकी संस्कृति, भाषा और परंपराओं को बताते हुए इन्हें सुरक्षित रखने पर जोर दिया। समाज के लोगों ने सामूहिक संकल्प लिया कि वे सरना धर्म एवं परंपराओं की रक्षा करते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में हरिदास तिर्की, लक्ष्मण उरांव, शंभू उरांव, राजेंद्र तिर्की, पीटर उरांव, अतुल उरांव, सुनीत मिंज, संजय कच्छप सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग सीजन-2 का भव्य आगाज, ग्रामीण खिलाड़ियों को मिल रहा मंच

## प्रतिभा दिखाने के लिए इस तरह का मंच मिलना सराहनीय पहल है : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता




**केतार।** (गढ़वा) प्रखंड के लोहिया समता उच्च विद्यालय मैदान में मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग सीजन–2 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी पंकज सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय, राष्ट्रगान एवं आतिशबाजी के साथ मैच की शुरुआत हुई, जिससे मैदान में उत्सवी माहौल बन गया। उद्घाटन मैच में कादल (मोहम्मदगंज) की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में सात विकेट पर 123 रन बनाए। जवाब में पतहरिया (श्री बंशीधर नगर) की टीम ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए मात्र सात ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए इस तरह का मंच मिलना सराहनीय पहल है। समाजसेवी पंकज सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन हर वर्ष किया जाएगा तथा अगले सीजन से पहले मैदान और स्टेडियम का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उद्घाटन मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रमोद कुमार, अनिल पासवान, बिट्टू सिंह, गौतम पाल, रामाश्रय मेहता, नीरज कमलापुरी, मदन पटेल, गौरव सिंह, दिलीप जायसवाल, संतोष ठाकुर, आशिष कुमार, हेमंत मेहता, अल्ताफ अंसारी, चंदन पासवान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## किसान का अनोखा प्रयोग सफल एक एकड़ में लहलहा रहे सेब के पौधे

नवीन मेल संवाददाता



**धुरकी।** प्रखंड के गनियारी खुर्द गांव के प्रगतिशील किसान प्रमोद कुमार सिंह ने गर्म जलवायु क्षेत्र में सेब की खेती कर नई मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने एक एकड़ खेत में करीब 100 सेब के पौधे लगाए हैं, जिनमें अब फल भी आने लगे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में सोशल मीडिया के माध्यम से कम ठंड वाले क्षेत्रों में उगने वाली सेब की किस्मों की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने प्रयोग के तौर पर दो पौधे लगाए थे। सफलता मिलने पर वर्ष 2024 में हिमाचल प्रदेश से 100 पौधे मंगवाकर रोपण किया। वर्तमान में पौधों की ऊंचाई 8 से 10 फीट तक हो चुकी है। किसान ने 'डोरसेट गोल्डन' एवं 'ट्रॉपिक स्वीट' किस्म के पौधे लगाए हैं। नियमित सिंचाई, जैविक खाद एवं देखभाल से पौधों की अच्छी बढ़वार हो रही है। उनके इस प्रयोग को देखने के लिए आसपास के किसान भी पहुंच रहे हैं।

# सार्वजनिक सड़क पर कब्जे के प्रयास से ग्रामीणों में आक्रोश



- जेसीबी से खुदाई रुकवाई, जांच कर कार्रवाई की मांगको लेकर सीओ को सौंपा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के समीप सामुदायिक भवन से सुकूल बैगा के घर होते हुए रामधनी साव के घर तक जाने वाली सार्वजनिक सड़क पर कथित भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने के प्रयास को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सोमवार को जेसीबी मशीन से सड़क पर गड्ढा खुदवाने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और कार्य को रुकवा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क पिछले लगभग 50 वर्षों से आवागमन का प्रमुख साधन रही है तथा सैकड़ों दलित परिवार इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भू-माफियाओं ने जमीन को कम कीमत पर खरीदकर अंचल कार्यालय की मिलीभगत से उसका म्यूटेशन करा लिया है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि प्रखंड क्षेत्र में भू-माफियाओं की सक्रियता लगातार बढ़ रही है और वे सरकारी गैरमजरूआ जमीनों पर भी नजर गड़ाए हुए हैं। उनका आरोप है कि आम लोगों के जमीन म्यूटेशन में महीनों का समय लगाया जाता है, जबकि भू-माफियाओं के मामलों में प्रक्रिया जल्द पूरी कर दी जाती है। सड़क पर कब्जे के प्रयास को लेकर ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी अमन कुमार को आवेदन देकर जांच कर सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में सड़क पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। आवेदन देने वालों में कांग्रेस के जिला महासचिव मिथिलेश पासवान, वन अध्यक्ष विशाल पासवान, चंदन पासवान, श्रवण पासवान, शंभू पासवान, मंजय पासवान सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, पुलिस वाहन जब्त कर कार्रवाई में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के बीच सोमवार अहले शाम एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भुनेश्वर उरांव (पिता स्व. महावीर उरांव), निवासी इटके, थाना बारियातू, जिला लातेहार के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा रांची–चतरा मुख्य मार्ग पर बालूमाथ स्थित अली हार्डवेयर गोदाम के समीप हुआ। बताया जाता है कि युवक बाइक से बालूमाथ की ओर से अपने घर इटके जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार काले रंग की स्कॉर्पियो (संख्या जेएच–19ई–7388) ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन वाहन का टायर पंचर हो जाने तथा आसपास के लोगों की भीड़ जुटने के कारण वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर हेड्रा की सहायता से थाना परिसर लाया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



**विरोध में सड़क जाम**

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर बालूमाथ थाना चौक के समीप सड़क जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। खबर लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था तथा पुलिस प्रशासन जाम कर रहे लोगों से बातचीत कर मार्ग को सुचारु कराने के प्रयास में जुटा हुआ था।

# सांसद कालीचरण सिंह की पहल रंग लाई, चंदवा में चार नई सड़कों समेत पुल-पुलिया निर्माण को मिली मंजूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह के प्रयासों से चंदवा प्रखंड को सड़क निर्माण की महत्वपूर्ण सौगात मिली है। केंद्र सरकार द्वारा पीएम-जनमन योजना (बैच-2, वर्ष 2025-26) के तहत क्षेत्र में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि, किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वीकृति पत्र जारी किया है। योजना के तहत चतरा संसदीय क्षेत्र में कुल 11 सड़कों (लगभग 37.154 किलोमीटर) तथा 32 पुल-पुलिया निर्माण को मंजूरी दी गई है। इन योजनाओं पर करीब 127.69 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। इसी क्रम में चंदवा प्रखंड अंतर्गत चार महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण को भी स्वीकृति मिली है। इनमें आरईओ सड़क से चटूआग परहिया टोला तक, एनएच-99 से दामोदर परहिया टोला तक, एनएच-75 से लटदाग तक तथा आरईओ सड़क से सेरक गांव तक सड़क निर्माण शामिल है। इन सड़कों के बनने से आसपास के कई गांवों के लोगों को पहली बार बेहतर सड़क संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी। प्रखंड सांसद प्रतिनिधि दीपक निषाद ने बताया कि इन सड़कों एवं पुल-पुलिया निर्माण की मांग लंबे समय से स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही थी। सांसद कालीचरण सिंह ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार के समक्ष रखा, जिसके परिणामस्वरूप योजनाओं को स्वीकृति मिल सकी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

**चार सड़कों की स्वीकृति पर सांसद कालीचरण सिंह को भाजपा नेताओं ने दिया धन्यवाद**

**चंदवा।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत चतरा लोकसभा क्षेत्र में 127.69 करोड़ रुपये की लागत से 11 सड़कों (लगभग 37.154 किलोमीटर) एवं 32 पुलों के निर्माण को स्वीकृति मिलने पर चंदवा प्रखंड में खुशी का माहौल है। इस योजना के अंतर्गत चंदवा क्षेत्र की चार महत्वपूर्ण सड़कों को भी मंजूरी दी गई है। इनमें आरईओ रोड से चुटवाग परहैया टोला, एनएच-99 से दामोदर परहैया टोला, एनएच-75 से लतडाग तथा आरईओ रोड से सेरक तक सड़क निर्माण शामिल है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। बताया गया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भेजे गए पत्र के माध्यम से सांसद कालीचरण सिंह को योजना की स्वीकृति की जानकारी प्राप्त हुई। भाजपा नेता अमित गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं सांसद कालीचरण सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा नेता राजकुमार पाठक, आशीष सिंह, आदर्श रवि राज, राजू उरांव, रिकी वर्मा, मनोज पाठक, जागेश्वर गंझु, राजीव उरांव, प्रेम उरांव, निर्मल उरांव तथा सावन परहिया सहित कई कार्यकर्ताओं ने भी निर्णय का स्वागत करते हुए सांसद के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पताल में लाखों की चोरी, थाना में प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**




**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के गांगपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पताल में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी पंकज हिमालय (पिता – महेश साहू), ग्राम बारिसाखी, पोस्ट बारिसाखी, थाना गिद्धौर, जिला चतरा ने सोमवार को गिद्धौर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

दिए गए आवेदन में बताया गया है कि एएनएम कर्मी लालमणि कुमारी रविवार शाम लगभग तीन बजे अस्पताल बंद कर ताला लगाकर रांची चली गई थीं। सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे सफाई कर्मी रूबी देवी अस्पताल की सफाई करने पहुंची तो देखा कि मुख्य गेट तथा अंदर के कमरों के गेट का ताला और कुंडी कटा हुआ है। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना फोन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी को दी।

सूचना मिलने पर स्वास्थ्य पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीकाकरण कक्ष में रखा फ्रिज तथा जांच कक्ष में रखा इन्वर्टर और बैटरी गायब पाया गया। वहीं अन्य कमरों में सामान बिखरा हुआ था तथा कुछ आवश्यक कागजात और छोटे सामान भी नहीं मिले। इसके अलावा एएनएम के कमरे का भी ताला तोड़ दिया गया था, जहां से गैस चूल्हा, गैस सिलेंडर, एलजी कंपनी का एलईडी टीवी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया। घटना को लेकर गिद्धौर थाना में आवेदन देकर मामले की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवा यादव ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है तथा जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जाएगी।

**नक्सल विरोधी अभियान का असर**

# जोनल कमांडर मृत्युंजय भुइयां के साथ एक और नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर मृत्युंजय भुइयां उर्फ फ्रेश जी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक और इनामी नक्सली को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 32वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेश कुमार सिंह ने डालडा फैक्ट्री स्थित कैंप में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लातेहार जिले के महुआडांड़ एवं गारू प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एसएसबी द्वारा लगातार नक्सल विरोधी अभियान के साथ-साथ जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। कमांडेंट ने बताया कि इसी अभियान के तहत 10 लाख रुपये के इनामी भाकपा माओवादी जोनल कमांडर मृत्युंजय भुइयां तथा 2 लाख रुपये के इनामी नक्सली बबलू राम को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के आवागमन एवं सप्लाई के मार्गों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिसके कारण नक्सली अपने दैनिक उपयोग की सामग्री लेने के लिए पहाड़ एवं जंगलों से बाहर निकलने को मजबूर हो गए। इसी दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से नक्सल गतिविधियों पर लगातार अंकुश लगाया जा रहा है। आगे भी अभियान जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में शांति एवं विकास का माहौल कायम रह सके। प्रेसवार्ता के दौरान कमांडेंट ने अभियान से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं। इस मौके पर एसएसबी 32वीं वाहिनी के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# सरकारी आवास की आस टूटी, अखिलेश पसीना बहाकर खुद बना रहे अपना आशियाना

- अखिलेश की कहानी 'हर गरीब को पक्का मकान' के दावे पर उठा रही सवाल

**अजित यादव**



**कुंदा (चतरा)।** सरकारी आवास की उम्मीद छोड़कर कुंदा प्रखंड के नावाद गांव निवासी अखिलेश गंझू ने स्वाभिमान का रास्ता चुनते हुए खुद अपने दम पर घर बनाने की पहल शुरू कर दी है। वह बोरिंग गाड़ी में मजदूरी कर अपने पसीने की कमाई से मिट्टी का घर तैयार कर रहे हैं, ताकि उनके परिवार को बारिश और विपरीत मौसम की मार से राहत मिल सके। अखिलेश का कहना है कि वर्षों तक उन्होंने सरकारी आवास योजना का लाभ लेने के लिए ब्लॉक और पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाए, लेकिन उनकी फाइल आगे नहीं बढ़ सकी। अंततः निराश होकर उन्होंने खुद मजदूरी कर घर बनाने का निर्णय लिया। वर्तमान में उनका परिवार तिरपाल और फूस के सहारे जीवन यापन करने को विवश है। ग्रामीणों का कहना है कि अखिलेश जैसे मेहनतकश और जरूरतमंद व्यक्ति को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी आवास योजना का लाभ मिलना चाहिए। उनका मानना है कि यदि समय रहते प्रशासन पहल करे तो अखिलेश के परिवार को बड़ी राहत मिल सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर उन्हें जल्द से जल्द आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाए।

# सर्वदलीय समिति ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

- धुमकोड़िया भवन निर्माण कार्य पर अविलंब रोक लगाने की मांग, लोहिया भवन को बताया ऐतिहासिक धरोहर

**लातेहार।** मनिका प्रखंड की सर्वदलीय समिति के सदस्यों ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपकर प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहिया भवन परिसर में निर्माणाधीन धुमकोड़िया भवन के कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। समिति के सदस्यों ने इस योजना को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की भी मांग उठाई। सौंपे गए ज्ञापन में समिति के नेताओं ने कहा कि धुमकोड़िया भवन का निर्माण आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं को ध्यान में रखते हुए किया जाता है, जबकि लोहिया भवन परिसर के आसपास आदिवासी समुदाय की जनसंख्या नगण्य है। ऐसे में उक्त स्थल पर भवन निर्माण के औचित्य पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। नेताओं ने बताया कि लोहिया भवन मनिका प्रखंड के लोगों के लिए सार्वजनिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, जहां सभी जाति एवं धर्म के लोग विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए इसका उपयोग करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग फर्जी ग्रामसभा के दस्तावेजों के आधार पर भवन निर्माण कराकर आपसी सौहार्द को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई तो ग्रामीणों के साथ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने लोहिया भवन परिसर की चाबी प्रखंड कार्यालय के अधीन रखने की भी मांग की।

# पीडीएस विक्रेताओं की बैठक संपन्न

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार ने की। बैठक के दौरान राशन वितरण व्यवस्था तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई और विक्रेताओं को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत शोक प्रस्ताव के साथ हुई। प्रखंड क्षेत्र के चेटर पंचायत के जन वितरण विक्रेता जंग बहादुर उरांव तथा फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ओंकारनाथ झा के निधन पर उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) तथा ग्रीन कार्डधारियों को मिलने वाले राशन, नमक, चना दाल सहित अन्य सामग्री के उठाव एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी विक्रेताओं से बारी-बारी से जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभुक वंचित न रह सके। उन्होंने सरहुल पर्व को ध्यान में रखते हुए धोती, साड़ी एवं लूंगी योजना के तहत सामग्री का शीघ्र उठाव कर समय पर वितरण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त ई-केवाईसी, आधार सीडिंग तथा मोबाइल सीडिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने की बात कही गई।

बैठक में गोदाम ऑपरेटर संजय यादव समेत रामकृष्ण मिश्रा, शाहिद खान, आशीष सिंह, संतोष कुमार, गणेश बरई, विजेंद्र प्रसाद, संतोष मेहता, कलावती देवी, सुनीता देवी, सरजू राम, धर्मराज कुमार, दामोदर उपाध्याय सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी पीडीएस विक्रेता उपस्थित थे।

# स्वच्छ भारत मिशन व जल जीवन मिशन की प्रगति की डीसी ने की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–II एवं जल जीवन मिशन के तहत जिले में संचालित कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने दोनों योजनाओं के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–II के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सभी निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। वहीं जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संचालित पाइप जलापूर्ति योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बारियातू।** थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि कांड संख्या 08/2026 दिनांक 09 फरवरी 2026 के तहत दर्ज मामले में नामजद अभियुक्त कंचन गंझु (उम्र लगभग 22 वर्ष), पिता स्वर्गीय भैरो गंझु, ग्राम डाकादीरी, थाना बारियातू, जिला लातेहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में थाना के सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

### चैती छठ व रामनवमी धूमधाम से मनाने का निर्णय

**लातेहार।** श्री सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्यनगरी की बैठक आयोजित कर चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता दीपक प्रसाद ने की। बैठक में सर्वसम्मति से दोनों पर्वों को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान छठ व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों की साफ-सफाई, स्नानागार की व्यवस्था, समुचित प्रकाश व्यवस्था, तोरण द्वार निर्माण तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने सहित अन्य आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करने पर सहमति बनी। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पर्व के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्य मिलकर कार्य करेंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, महामंत्री अनिल कुमार (पप्पू), कोषाध्यक्ष राजू यादव, वार्ड पार्षद मनोज कुमार दास, उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, मंत्री धीरज कुमार, कौशल किशोर राज (बिट्टू) सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### चंदवा रेलवे फाटक के पास खाई में गिरी कार

**चंदवा।** टोरी रेलवे फाटक के समीप सोमवार शाम एक वैगनआर कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार सवार युवक को मामूली चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदवा के अमझरिया निवासी रूपेश गंझू अपनी वैगनआर कार से गुजर रहे थे। इसी दौरान रेलवे फाटक बंद रहने के कारण वहां वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। बताया जाता है कि फाटक बंद होने पर अक्सर वाहन तीन से चार पंक्तियों में खड़े हो जाते हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है। इसी बीच साइड लेने के क्रम में रूपेश गंझू की कार असंतुलित हो गई और सड़क किनारे स्थित खाई में जा गिरी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार सवार युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। दुर्घटना के बाद कुछ देर तक घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि चंदवा रेलवे फाटक के पास फाटक बंद रहने के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने संबंधित विभाग से यहां यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

### पंचायत में पानी की किल्लत न हो : मुखिया

**कुंदा (चतरा)।** पंचायत सचिवालय कुंदा में सोमवार को जलमहोत्सव कार्यक्रम के तहत मुखिया मनोज कुमार साहू ने जलसहियाओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुखिया ने पंचायत क्षेत्र में कहीं भी पेयजल की किल्लत नहीं होने देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम की दस्तक से पहले ही संभावित जल संकट से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जानी चाहिए। मुखिया ने जलसहियाओं को निर्देश दिया कि पंचायत के किसी भी गांव या टोले में यदि नल-जल योजना या चापाकल खराब हो तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए, ताकि उसे शीघ्र ठीक कराया जा सके और ग्रामीणों को पानी की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समय पर पहल करने से लोगों को गर्मी के दिनों में पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा गर्मी के मौसम में लू से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है, ताकि मौसम परिवर्तन के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचा जा सके।

### मनरेगा कर्मियों की हड़ताल से मजदूरों पर संकट, बीडीओ को सौंपा आवेदन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से मनरेगा से जुड़े विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। इसके कारण हजारों मजदूरों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। इस समस्या को लेकर सोमवार को मनरेगा मजदूरों का एक समूह प्रखंड कार्यालय पहुंचा और बीडीओ राहुल देव से मुलाकात करने का प्रयास किया। हालांकि बीडीओ के कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने के कारण मजदूरों ने उनके नाम एक आवेदन नाजिर को सौंप दिया। मजदूरों द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मनरेगा कर्मियों की हड़ताल के कारण प्रखंड क्षेत्र में नए कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहे हैं तथा पहले से चल रहे कई कार्य भी ठप पड़े हुए हैं। इससे मजदूरों को नियमित रोजगार नहीं मिल पा रहा है। मजदूरों ने बताया कि मनरेगा के तहत मिलने वाला कार्य ही उनके और उनके परिवार के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है। कई दिनों से काम बंद रहने के कारण उनके सामने आर्थिक तंगी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मजदूरी नहीं मिलने से परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई तथा दैनिक जरूरतों को पूरा करना कठिन हो गया है। मजदूरों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मनरेगा कार्यों को पुनः प्रारंभ कराया जाए, ताकि उन्हें रोजगार मिल सके और आर्थिक संकट से राहत मिल सके।

### बिजली करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के मंझगावा पंचायत अंतर्गत महेशा गांव में रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में 25 वर्षीय युवक की बिजली करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान लखन यादव के पुत्र अभिषेक यादव के रूप में हुई है, जो परिवार का एकलौता सहारा था और एसबीआई करमा शाखा में अनुबंध पर कार्यरत था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक ने अपने घर के समीप खेत में लोहे के कंटीले तार से घेराबंदी कर रखी थी, जिसमें उसकी गाय बंधी हुई थी। देर शाम गाय के तार में फंस जाने पर उसे छुड़ाने के लिए वह वहां पहुंचा। इस दौरान कंटीले तार में बिजली का करंट प्रवाहित हो रहा था, जिससे अनजान युवक जैसे ही गाय को छुड़ाने का प्रयास किया, वह करंट की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे बचाने के लिए पहुंचे, लेकिन करंट लगने के कारण उन्हें भी झटका लगा। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से बिजली तार हटाकर युवक को उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा घर निर्माण कार्य के लिए बिजली खंभे से अस्थायी तार खींचा गया था, जो कंटीले तार से होकर गुजर रहा था। तार में कट होने के कारण पूरे घेराबंदी में करंट फैल गया था, जिसकी जानकारी किसी को नहीं थी। युवक की असामयिक मृत्यु से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर समिति का गठन

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग गांव में रविवार देर शाम सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विष्णु प्रसाद साहु एवं संचालन मोहन कुमार ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रस्तावित भव्य मंदिर निर्माण के साथ धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए शिव मंदिर विकास समिति का गठन करना था। शिक्षक विशेश्वर महतो के पर्यवेक्षण में समिति के पदाधिकारियों का चयन मतदान प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। सर्वसम्मति से पारस गुप्ता को अध्यक्ष तथा कृष्णा साहु को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव पद पर मनोज कुमार साहु, उपसचिव पद पर पवन साहु, उपाध्यक्ष पद पर कामेश्वर गुप्ता तथा संचालक पद पर गणेश प्रसाद साहु निर्वाचित हुए।

### केंद्र की संयुक्त सचिव नीतू प्रसाद आकांक्षी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में हुईं शामिल

# योजना का लाभ सीधे लोगों का पहुंचे : नीतू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** भारत सरकार की संयुक्त सचिव नीतू प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, कौशल विकास एवं वित्तीय समावेशन सहित विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से संबंधित मुख्य प्रदर्शन संकेतकों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर संयुक्त सचिव नीतू प्रसाद ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर मापनीय परिवर्तन लाना है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक योजना एवं पहल का लाभ सीधे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के रूप में दिखाई दे। उन्होंने बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए विभागों के बीच समन्वय, सामुदायिक सहभागिता तथा कार्यों की प्रगति की समयबद्ध रिपोर्टिंग पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसमें स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, आजीविका कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा शिक्षा में नामांकन बढ़ाने की दिशा में हुई प्रगति की जानकारी दी गई। वहीं पोषण संबंधी सूचकांकों तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के विस्तार में आ रही चुनौतियों से भी अवगत कराया गया। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान संयुक्त सचिव श्रीमती प्रसाद द्वारा जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य संस्थानों, सक्षम केंद्रों, पंचायत भवनों एवं आजीविका प्रशिक्षण केंद्रों का भ्रमण किया जाएगा तथा लाभुकों से सीधा संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की जानकारी ली जाएगी। यह दौरा आकांक्षी जिलों एवं प्रखंडों को विकास के मॉडल के रूप में विकसित करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### बांग्लादेश को डीजल आपूर्ति पर केंद्र सरकार पुनर्विचार करे : राजीव पामदत्त

**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ के जिला महामंत्री राजीव पामदत्त ने भारत सरकार द्वारा पाइपलाइन के माध्यम से बांग्लादेश को 5,000 टन डीजल आपूर्ति किए जाने के निर्णय पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने इस संबंध में केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजकर इस फैसले पर तत्काल पुनर्विचार करने की मांग की है। पामदत्त ने कहा कि जब पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समाज और मंदिरों पर लगातार हमलों की खबरें सामने आ रही हैं, ऐसी परिस्थिति में ऊर्जा सहयोग प्रदान करना समझ से परे है। उनका कहना है कि जब तक बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की ठोस और विश्वसनीय गारंटी सुनिश्चित नहीं होती, तब तक भारत को हर प्रकार की सहायता पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### पारंपरिक वाद्य यंत्रों को लेकर चल रही चर्चा पर दो टूक

# पूर्ण वैभव के साथ रामनवमी में बजेगा गाजा-बाजा : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रामनवमी के पावन अवसर पर डीजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने अपना रुख पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि परंपराओं के साथ कोई समझौता नहीं होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी में पिछले 100 से ऊपर सालों से परंपरागत तरीके से जो गाजा-बाजा होता है, वह बजते आ रहा है। यह प्रश्न ही बेकार है कि डीजे बजेगा कि नहीं बजेगा। शत-प्रतिशत, हर साल जैसे होता है, वैसा ही होगा। प्रशासनिक बंदिशों और सरकारी निर्देशों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि आस्था का मार्ग सर्वोपरि है।

उन्होंने कहा कि सरकार का अपना काम है, सरकार अपना काम करती है और जो धर्म के लोग हैं, जो धर्म का पालन करने वाले हैं, धर्म के मानने वाले लोग हैं उनका अपना धर्म है और वे उस धर्म का ही पालन करेंगे।


### रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर प्रशासन सक्रिय, बैठकों का दौर जारी

**बरही।** आगामी महारामनवमी पर्व को शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बरही थाना क्षेत्र में विभिन्न समितियों के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था और आपसी समन्वय को लेकर पहले से ही स्पष्ट रणनीति बनाई जा सके। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 मार्च को दोपहर 2:30 बजे बरही थाना परिसर में बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में बरही चौक पर आने वाले सभी रामनवमी जुलूसों से जुड़े अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों से बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने का आग्रह किया है, ताकि जुलूस के मार्ग, समय और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा सकें। इसके अलावा 20 मार्च को उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पहली बार नगर भवन बरही में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी रहेगी। बैठक में त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, आपसी समन्वय और सहयोग को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में स्थानीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे । प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की।

### श्रम नियोजन प्रशिक्षण के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# ईंट भट्ठों पर छापेमारी कर देखें, नियमों का पालन हो रहा है या नहीं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन के द्वारा उपायुक्त को उनके उनके विभाग द्वारा संचालित योजना तथा विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि अब तक रामगढ़ जिले में कुल 17 ईंट भट्टों पर छापेमारी की गई है एवं बाल श्रम के साथ मजदूरों के पारिश्रमिक भुगतान की जांच की जा रही है एवं इसे पूर्णतः खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। इसपर उपायुक्त ने जिले के बचे हुए ईंट भट्टों पर भी छापेमारी करने एवं श्रम संबंधित कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस इस दौरान श्रम अधीक्षक के द्वारा झारखंड असंगठित कर्मकार मृत्यु/ दुर्घटना सहायता योजना, मातृत्व प्रसव सुविधा योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, मुख्यमंत्री असंगठित श्रमिक औजार सहायता योजना, विवाह सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की विस्तार से जानकारी दी गई इस दौरान उपायुक्त के द्वारा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा योग्य लाभुकों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के द्वारा उपायुक्त के द्वारा कौशल विकास के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया गया।

### गिद्दी में प्रकृति का पर्व सरहुल हर्षोल्लास मनाया जाएगा

**गिद्दी।** गिद्दी बस्ती टेहराटांड़ में रविवार को प्रकृति का पर्व सरहुल पूजा धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम में पाहन दिलू मुंडा, विश्वनाथ मुंडा, मालिक दुबराज गंझू और गोड़ाइत दीपक महली ने सरना स्थल में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर ग्रामीणों की सुख, समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित गिद्दी ग पंचायत के मुखिया हीरालाल गंझू ने कहा सरहुल सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक धरोहर है, जो प्रकृति, सामूहिकता और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। यह हमें पर्यावरण के संरक्षण और पारंपरिक मूल्यों के सम्मान की सीख देता है। इसके बाद उपस्थित ग्रामीणों ने नाच गाकर खुशी का इजहार किया।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा वैवाहिक ग्रुप की पहल पर होगा आदर्श विवाह

**बरही।** दहेज प्रथा के खिलाफ एक प्रेरणादायी पहल करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के वैवाहिक ग्रुप की पहल पर एक आदर्श विवाह तय हुआ है। समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रूपेश बिहारी लाला ने बताया कि रामगढ़ निवासी चित्रांश विजय कुमार सिन्हा एवं स्वर्गीय संयुक्ता सिन्हा की सुपुत्री रिया सिन्हा का विवाह बरसोत (बरही) निवासी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार बख्शी एवं संगीता बख्शी के सुपुत्र प्रशांत कुमार बख्शी के साथ तय किया गया है। यह विवाह स्थानीय बड़ा ठाकुरबाड़ी परिसर में संपन्न होगा।


**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू**

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

**TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Y/2026/861**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, माँस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (वार्षिक निविदा दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 21.03.2026 से 27.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 21.03.2026 से 27.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 28.03.2026 से 29.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 28.03.2026 से 29.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 30.03.2026 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR 375213 (District)25-26*D



**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर,पलामू**

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

**TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q2/2026/860**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, माँस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.04. 2026 से 30.06.2026 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 21.03.2026 से 27.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 21.03.2026 से 27.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 28.03.2026 से 29.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 28.03.2026 से 29.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | दिनांक 30.03.2026 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR 375216 District(25-26).D



**प्रपत्र VII**
**समाहरणालय, गढ़वा विशेष भू–अर्जन कार्यालय (शाखा मेदिनीनगर, पलामू) या समाहर्ता या समुचित सरकार अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(i) के अधीन)**

पत्रांक–74 | मेदिनीनगर, | दिनांक–12.03.2026

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता, गढ़वा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना कांडी वितरणी हेतु ग्राम–सरकोनी, थाना–कांडी, थाना सं0–219, अंचल–कांडी, जिला–गढ़वा में कुल 0.015 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.015 एकड़ है जो ग्राम–सरकोनी, थाना–कांडी, थाना सं0–219, अंचल–कांडी, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा रेखा संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 01 | 188 | 980 | रैयती | कृषि | 0.015 | राजा राम ताँतो वो राम प्रसाद ताँतो वो राजेश्वर ताँतो वो रामपति ताँतो वो रामवृक्ष ताँतो वो नागेश्वर ताँतो वो रामचन्द्र ताँतो वो रामशवारथ ताँतो वो हंसरोपन ताँतो, पिता–सिवलोचन ताँती | 976 | 981 | 981 | नाउसेमौरा सिवान |
| | | | | कुल योग :– | 0.015 ए0 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम–सरकोनी, थाना–कांडी, थाना सं0–219, अंचल–कांडी, जिला–गढ़वा क्षेत्रफल–0.015 एकड विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:– शून्य

ह0/– मापक, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– प्रभारी कानूनगो, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– अपर समाहर्त्ता, गढ़वा।
ह0/– उपायुक्त, गढ़वा।

PR 375285 Land Reforms(25-26)D



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु0 जनजाति, अनु0 जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
**Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in**

**आवश्यक सूचना**

पलामू जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में घंटी आधारित PGT/TGT/PRT प्रशिक्षित शिक्षिकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन ज्ञापांक 1830 दिनांक 30.12.2025 द्वारा प्रकाशन करते हुए पलामू जिला के इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन दिनांक 09.01.2026 के अपराहन 05:00 बजे तक आमंत्रित किया गया था। प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में इच्छुक अभ्यार्थियों का चयन मेधाक्रम के अनुसार किया जाना है नियुक्ति हेतु प्रारंभिक सूची पलामू जिला के बेवसाईट palamu.nic.in पर अपलोड किया गया है।

निदेशानुसार उक्त प्रकाशित सूची में यदि किसी अभ्यार्थी का किसी प्रकार का दवा/आपत्ति है तो दिनांक 16.03.2026 से 18.03.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक त्रुटि के निराकरण हेतु अपना दावा/आपत्ति जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् समर्पित दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, पलामू

PR 375174 District (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 28/2025–26**
**दिनांक– 14.03.2026**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 27.03.2026 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 28.03.2026 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.03.2026 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation of District Mining Office Latehar | 2496900/- | 50000/- | 5000/- | 02 (Two ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार ।

PR 375164 Building(25-26)D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा संख्या :– 01/R4/2024-25/EE/RWD/LATEHAR
दिनांक : 13.03.2026

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ LATEHAR4/ 2024-25 | महुआडांड | ओरसापाठ से कुकुदपाठ तक पथ निर्माण। | 412.373 | चार करोड़ बारह लाख सैंतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 18 माह | पंचम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.03.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.03.2026 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR.NO.375219 REO(25-26):D



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)** 2nd Call
**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**
**Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

पत्रांक – ........../न0प0, **आम–सूचना** दिनांक – ...../...../2026

नगर परिषद बिश्रामपुर में प्रशासक, नगर परिषद्, बिश्रामपुर की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिंग मशीन (बोर करने वाले वाहन मालिक) के वाहन मालिकों/नगरवासियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य बोर करने हेतु नगर परिषद्, बिश्रामपुर में शुल्क जमा करा कर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय के बिना अनुमति के नगर क्षेत्र में बोरिंग करना या कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अंतर्गत दण्डीय अपराध है। इस कार्य हेतु सामान्य बोर कराने वाले व्यक्ति को 2000.00 (मो0 दो हजार रूपये मात्र) का शुल्क निर्धारित है। अतएव नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्र में बोरिंग करने/कराने से पूर्व नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

वैसे सामान्य बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाते है, उनपर कारवाई करते हुए सामान्य बोर पर 10000.00 (मो0 दस हजार रूपये मात्र) एवं डीप बोर पर 50,000.00 (मो0 पचास हजार रूपये मात्र) राशि का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है।

**निबंधन तिथि :– दिनांक 16.03.2026 से 28.03.2026 तक।**

बोरवेल रिंग मशीन (सरकारी/गैर सरकारी) के निबंधन हेतु नियम एवं शर्तें:–
1. बोरवेल वाहन निबंधन की प्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
2. प्रदुषण से संबंधित कागजात।
3. बीमा से संबंधित कागजात।
4. वाहन मालिक का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र।
5. वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड।
6. निबंधन हेतु 50000/– (पचास हजार रूपये) का भुगतान कार्यालय के QR Code (भुगतान की छायाप्रति) अथवा डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के नाम से देय होगा, को संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. बोरवेल वाहन के निबंधित समय सीमा 01.04.2026 से 31.03.2027 तक मान्य होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 375176 District(25-26)#D

# अनियंत्रित ट्रेलर ने दो बाइक सवारों को रौंदा, मौके पर मौत



**दुमका(हि.स.)।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा दुमका-रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर तब हुआ जब गिट्टी लदा एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार हारून शेख (30) और बाबूर अली शेख (45) को रौंद दिया।

जानकारी के अनुसार, दोनों युवक पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा के निवासी थे और देवघर में फेरी का काम करते थे। वे ईद मनाने अपने पैतृक घर लौट रहे थे।

हादसे के तुरंत बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सुरक्षा और उचित मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य सड़क जाम कर दिया। इसके कारण मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दुखद घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।

स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया और जाम हटवाया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है और ट्रेलर को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विधायक सुदीप गुड़िया ने विस परिसर में किया रक्तदान




**खूंटी(हि.स.)।** तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने सोमवार को विधानसभा परिसर स्थित औषधालय में रक्तदान किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज के सभी वर्गों को आगे आकर इस तरह के मानवीय कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि नियमित रूप से रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दें, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके।

# बाल मजदूर से कराने वाले ईंट भटठा के संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़ (हि.स.)।** जिले में एट भट्ठे पर गैर कानूनी तरीके से काम करने को लेकर कई बार नोटिस हो चुका है। इसके बावजूद ईंट भट्ठा संचालक नियमों को ठेंगा दिखाकर बच्चों से काम ले रहे हैं। लेबर इनफोर्समेंट ऑफिसर (श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी) ने जब औचक निरीक्षण किया तो बाल मजदूर से काम करने का मामला उजागर हो गया। मामले को लेकर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी इंद्रदेव ठाकुर ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह जब जांच के लिए निकले तो ग्राम कैथा, बेलवागढ़ा, सवैया में श्रीराम सिंह के ईंट भट्ठे पर भी पहुंचे। मेसर्स डीएसएस मार्का ईंट भट्ठा में एक बाल श्रमिक को काम करते हुए पाया गया। बाल मजदूर से जब उसकी उम्र पूछी गई तो उसने अपना उम्र मात्र महज 11 वर्ष बताया। इस मामले में तत्काल श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन को पूरी रिपोर्ट दी। उन्होंने जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्काल मेसर्स डीएसएस मार्का ईंट भट्ठा के मालिक श्रीराम सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया।

# यूपीएससी में 142वीं रैंक लाने वाले शुभम को उपायुक्त ने किया सम्मानित

**धनबाद (हि.स.)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से



घोषित सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में जिले के शुभम कुमार महतो ने 142 वीं रैंक हासिल कर जिले और अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने सोमवार को शुभम कुमार महतो से मुलाकात कर उन्हें डायरी भेंट करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। मौके पर शुभम कुमार महतो ने यूपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को संदेश देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, सही रणनीति के साथ निरंतर मेहनत की जाए, तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने बताया कि यह उनकी लगातार मेहनत और दृढ़ निश्चय का नतीजा है, जो उनके परिवार और पूरे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# शैक्षणिक वातावरण बेहतर बनाने को लेकर शिक्षकों का प्रशिक्षण



**धनबाद (हि.स.)।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को धनबाद के पॉलीटेक्निक संस्थान में विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाध्यापक के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्था को बेहतर बनाने, बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने और शिक्षण वातावरण को सकारात्मक बनाने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों को बताया गया कि विद्यालय में आने वाले बच्चों का स्वागत करना, उनका जन्मदिन मनाना और विद्यालय में अपनापन का माहौल बनाना बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने में सहायक होगा।

प्रशिक्षण में नो कॉस्ट – लो कॉस्ट गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए शिक्षकों को एक विशेष फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। इसके आधार पर विद्यालयों का आकलन किया जाएगा और जिले के लगभग 1700 विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाएगा और जिन विद्यालयों को 90 से अधिक अंक प्राप्त होंगे उन्हें हाई असेसमेंट की श्रेणी में रखा जाएगा।

मौके पर शिक्षकों को जिम्मेवारी पंजी रखने का भी निर्देश दिया गया, जिसमें विद्यालय से संबंधित सभी गतिविधियों एवं कार्यों का रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण के लगभग दो महीने बाद विद्यालयों का एक सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के दौरान नो कॉस्ट – लो कॉस्ट फॉर्म के आधार पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और उन्हें आगे और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, डीएमएफटी पीएमयू की टीम सहित कई शिक्षक मौजूद थे।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
BUILDING DIVISION, GARHWA. • Email Id-eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**

Quotation Reference No: **BCD/GARHWA- 32/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **(1)Name of Work:- मण्डल डैम के पुनर्वासितों के पुनर्वास हेतु चिन्हित स्थल का सर्वे कर समोच्चित नक्शा एवं प्रस्ताव उपलब्ध कराने के संबंध में।** for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors/ surveyor/ Aluminum Work and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट:–

1. वेबसाईट में ई–कोटशन प्रकाशन की तिथि: 17.03.2026 के अपराह्न 3:30 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि: 25.03.2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय: 27.03.2026 अपराह्न 3:30 बजे। (अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची)
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता: कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गढ़वा।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643
6. कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

**नोट:** जो कोटेशनदाता अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 375227 (Building) 25-26 (D)



## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

**Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com**

**।। आम डाक सूचना।।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए नगर परिषद, क्षेत्रान्तर्गत सैरातों का बन्दोबस्ती हेतु आम डाक सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है। इच्छुक डाकवक्ता वित्तीय वर्ष– 2026–27 के डाक की शर्तो का अक्षरशः पालन करते हुए भाग ले सकते है।

डाक में भाग लेने हेतु आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय :– 24.03.2026 के अपराह्न 5.00 बजे तक।
प्राप्त आवेदन खोलने की तिथि एवं समय :– 25.03.2026 के पूर्वाह्न 11.00 बजे।
प्राप्त आवेदन खुलने का स्थान :– कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा।
डाक की जाने वाले सैरातों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र0 | सैरातो का नाम | सरकारी डाक की न्यूनतम राशि | डाक में भाग लेने हेतु अग्रधन की राशि | डाक बोलने हेतु आवेदन शुल्क ((Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र में सभी व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रवेश शुल्क | 64,07,500.00 | 6,40,750.00 | 5000.00 |
| 2 | बड़ा गुदरी अपर बाजार | 9,71,300.00 | 97,130.00 | 5000.00 |
| 3 | पत्तराटोली स्थित गुदरी | 3,32,558.00 | 33,256.00 | 1000.00 |
| 4 | मुविंग ठेला | 4,89,621.00 | 48,962.00 | 1000.00 |
| 5 | सोमार बाजार (साप्ताहिक) | 1,59,600.00 | 15,960.00 | 1000.00 |

नोट:– सैरात डाक की विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय अवधि में कार्यालय नगर परिषद लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं **https://udhd.jharkhand.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**नगर परिषद, लोहरदगा।**

PR 375223 Lohardaga (25-26)D



## उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा। एन0आर0ई0पी0 शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
NIT NO – 09 वर्ष 2025–26

1.विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि:– :–कार्यालय अवधि में दिनांक 28.03.2026 अप0 1.00 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.03.2026 को 1:30 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.03.2026 को 2:00 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लोहरदगा | ग्राम हिरही मे सूरज उरांव के घर से मसना कीह ओर पी0सी0सी0पथ निर्माण | 2413100.00 | 48300.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | सेन्हा | ग्राम सेन्हा में महबूब अंसारी के घर सीमा मुहल्ला कब्रिस्तान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2481180.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | सेन्हा | ग्राम मन्हे में दिनेश उरांव के घर से बड़का मसना तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2477800.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह |
| 4 | कुडू | ग्राम जरियो में बन्दे उरांव के घर से घुमकुड़िया की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 3170519.00 | 63500.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह |
| 5 | किस्को | ग्राम होन्दगा में मुरारी राम के घर से आदिवासी अखड़ा की ओर पी0सी0सी0पथ निर्माण | 1125213.00 | 22600.00 | 2500.00 | 03 (तीन) माह |
| 6 | लोहरदगा | ग्राम कुजरा में कुजरा मोड़ से बिन्देश्वर साहु के घर से भट्ठी टोली पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2278680..00 | 46000.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह |
| 7 | कुडू | ग्राम कड़ाक में लछु उरांव के घर से अनुप कुजूर के घर तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 2492037.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह |
| 8 | लोहरदगा | ग्राम नदिया में हरमू रोड अग्रवाल स्टोर बेचन साहु के घर के बगल से उत्तर की ओर सुधीर टोप्पो के घर होते हुए सुशिला देवी के घर तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 788030.00 | 16000.00 | 1250.00 | 03(तीन) माह |

1 ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधित संवेदक कमांक 1–7 तक की योजना में तृतीय श्रेंणी के संवेदक एवं कमांक 08 की योजना हेतु चतुर्थ श्रेणी के संवेदक भाग ले सकते हैं।
2 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।**

PR 375263 (Lohardaga)25-26*D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय:– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

**आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अल्पकालीन सूचना**

**(मछली –सह–बत्तख पालन)**

कृशि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 10 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जिर्णोद्धार योजना अन्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन) के लिए जिले को लघु शीर्ष 789 में अनुसूचित जाति के लिए विशेष घटक योजना हेतु (अ0जा0–01) कुल 0.50 यूनिट का लक्ष्य रिक्त है। एक यूनिट का ईकाई दर 153350/–रू0 मात्र है। अनु0जाति, अनु0जनजाति एवं महिला कोटि के लाभुकों को 80% तथा अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए सरकार का अनुदान 70% तथा शेष लाभुक अंशदान है। Duck House लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जायेगा। प्राथमिकता एक एकड़ के तालाबों को दी जाएगी।

लाभुकों का चयन निम्न बिन्दुओं/अहर्त्ताओं पर किया जायेगा :–

क) योजना कार्यान्वयन का प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो।
ख) लाभुक का अपना तालाब (प्राथमिकता एक एकड़ अथवा उससे बड़े तालाब) अथवा वित्तीय वर्ष **2025 - 26** से तीन वर्षो के लिए लीज पर हो।
ग) जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि अनुश्रवण आदि में सुविधा हो।
घ) RFF के पास के लाभुकों के चयन में ध्यान रखा जाएगा कि RFF का लाभुक समूह सक्रिय हो तथा उनका बैंक खाता संचालित हो रहा हो।
ङ) लाभुकों का क्लस्टर बनाकर योजना का क्रियान्वयन किया जाना श्रेयस्कर होगा।
च) सरकार का अनुदान तीन किस्तों में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा लाभुक के डी0बी0टी0 के माध्यम से विमुक्त किया जायेगा। अनुदान की प्रथम किस्त तथा लाभुक के अंशदान से बत्तख–घर का निर्माण, Starter feed/Medicines तथा Ducklings क्रय किये जायेंगे। उक्त कार्य होने पर द्वितीय किस्त तथा दो माह तक बत्तख के जीवित रहने के उपरान्त तृतीय किस्त की राशि विमुक्त की जायेगी।
छ) पूर्व में लघु शीर्ष 789 के लक्ष्य को प्राप्त करते हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, परन्तु प्रर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण पुनः इच्छुक मत्स्य कृषक से उक्त लघु शीर्ष 789 में आवदेन दिनांक 20.03.2026 को अपराहन 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

नोट:– आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से कार्यालय अवधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है एवं Block Chain Technology के प्रावधान के तहत आवेदन स्वीकार्य किया जाएगा (यदि लागु हो तो)।

**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी लोहरदगा।**

PR 375259 Lohardaga(25-26)D



## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।

*(Email-id: zplohardaga@gmail.com)*

**ई–निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 10/2025–26(ZP) दिनांक 13.03.2026

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | किस्को | देवदरिया | देवदरिया पंचायत का भवन निर्माण | 9989000.00 | 10000.00 | 199800.00 | 01(एक) वर्ष |
| 2 | सेन्हा | बूटी | बूटी पंचायत का भवन निर्माण | 9989000.00 | 10000.00 | 199800.00 | 01(एक) वर्ष |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.03.2026
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 23.03.2026 /04:00 बजे अपराह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 24.03.2026 /04:00 बजे पूर्वाह्न में
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिशद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**उप विकास आयुक्त–सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,**
**जिला परिषद, लोहरदगा।**

PR 375178 Lohardaga(25-26)D



## कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा

(zilaparisad.garhwa@gmail.com)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि आयुक्त, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर द्वारा नावघाटों के बंदोबस्ती हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सुरक्षित जमा राशि की अनुमोदन के प्रत्याशा में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2026–27 के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक–27.03.2026 दिन–शुक्रवार को समय–12:30 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी प्रकोष्ठ, समाहरणालय, गढ़वा (कल्याणपुर) में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। वैसे नाविक, जिन्हें नावघाट डाक के माध्यम से आवंटित किया जायेगा, उन्हें डाक की तिथि से एक माह के अंदर एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण–पत्र तथा स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य होगा।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का रहेगा।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि (15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 1035404.00 | 155310.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 231438.00 | 34715.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 169050.00 | 25357.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 53032.00 | 7954.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 171994.00 | 25799.00 |
| 6. | सुण्डीपुर | सोन नदी | काण्डी | 95942.00 | 14391.00 |
| 7. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 80842.00 | 12126.00 |
| 8. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 134158.00 | 20123.00 |

नावघाट बंदोबस्ती हेतु आवश्यक शर्तें

1. जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगा, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा।
2. उक्त नावघाट के बंदोबस्ती में केवल गढ़वा जिला के निवासी ही भाग ले सकते हैं।
3. नावघाट के बंदोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति को स्वयं नाव की व्यवस्था करना होगा।
4. नाव द्वारा किसी भी मादक पदार्थ का परिवहन नहीं किया जायेगा।
5. नाव में क्षमता से अधिक यात्री का परिवहन नहीं किया जायेगा।
6. नावघाट में लाईफ जैकेट रखना अनिवार्य होगा।
7. नाव का परिचालन निर्धारित रूट में ही किया जायेगा।
8. नाव का परिचालन रात्रि में नहीं किया जायेगा।

नावघाट बंदोबस्ती में भाग लेने के पूर्व क्रमांक–01 से 08 तक के शर्त्त के संबंध में शपथ–पत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गढ़वा

PR 375241 Rural Development (25-26)_D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

**अतिअल्पकालीन ई0–कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या UDHD/MMC/43/2025-26**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम द्वारा संचालित जलापूर्ति योजनाओं (WTP) और चापाकल से संबंधित कार्य कराने के लिए सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक सामग्री निर्माण कम्पनी या निर्माण कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी को ई0–कोटेशन के माध्यम से दिनांक 01.04.2026 को 1.00 बजे अपराह्न तक निर्दिश्ट सामग्रियों की दर जमा करना होगा। ई0–कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 **5,000/-** रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 ऑन–लाईन करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक 02.04.2026 को 1.00 बजे अपराह्न को नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। जलापूर्ति योजनाओं (WTP) और चापाकल से संबंधित सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

**MATERIALS REQUIRED FOR WTP**

| S.L | Items Name | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Ferric Alum /Non ferric alum | grade 4 | 1 ton |
| 2 | Bleaching ( Aditya Birla ) | industrial grade (for wtp) | 1 ton |
| 3 | Lime ( Hydrated Lime ) | industrial grade (for wtp) | 1 ton |
| 4 | Galansuta | 8, 10, 12 & 16 , 20 mm | 1 pack each size |
| 5 | Grease | ( castrol /servo /nbc ) | 1 kg |
| 6 | Coupling Tyre | 15, 16 & 17 no. | 1 nos each |
| 7 | Nut & bolt, WASHER | Different sizes | 1 kg |
| 8 | Tyre coupling set | 15, 16 & 17 no. | 1 nos |
| 9 | Rubber ( for Gasket ) | | 1 kg |
| 10 | Copper Lug (ring) | 16 ,25, 35,50 mm | 1 nos each |
| 11 | Alluminiam Lug | 35, 50, 70,95, 240, 300 mm | 1 nos each |
| 12 | Relay ( L&T/ Havels ) | 110 amp. , 70 amp. | 1 nos each |
| 13 | Contactor ( L&T/ Havels ) | 110 amp. , 70 amp. | 1 nos each |
| 14 | copper wire | 3 core 50 sq.mm , 3 core 35 sq.mm | 1 m each |
| 15 | alluminium wire | 4 core 50 sq.mm , 3 core 35 sq.mm | 1 m each |
| 16 | Copper wire | 16 sq.mm | 1 m |
| 17 | Insulation Tape (PVC) | red , yellow , blue | 1 nos |
| 18 | Glass tape | Roll | 1 nos |
| 19 | Cotton Tape | Roll | 1 nos |
| 20 | Transformer oil | | 1 Lit. |
| 21 | Sluce Valve | 150 mm, 200 mm, 300 mm | 1 nos each |
| 22 | Check Valve | 100 mm, 150 mm, | 1 nos each |
| 23 | Ball valve (Brass ) | 1/2 inch, 3/4 inch, 1 inch dia. | 1 nos each |
| 24 | G.I pipe nipple size 3 & 4 inch | 1/2 inch, 3/4 inch, 1 inch dia. | 1 nos each |
| 25 | PVC end plug ( solid type ) | 1/2 inch, 3/4 inch, 1 inch dia. | 1 nos each |
| 26 | M-seal | 250 grm. Pack | 1 nos |

**MATERIALS REQUIRED FOR HAND PUMP**

| S.L | Items Name | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Handle ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 2 | Head ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 3 | Pedastal ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 4 | Water Tank ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 5 | Chain ( heavy ) | | 1 nos |
| 6 | Axle ( heavy ) | | 1 nos |
| 7 | Ball Bearing | | 1 nos |
| 8 | Conecting Rod with socket 12 mm | 10' Length (stainless steel ) | 1 nos |
| 9 | G.I PIPE ( TATA/Jindal/Supreme ) | 10' Length , 32 mm dia. | 1 nos |
| 10 | Cylinder assembly complete set | 2.5" (Gun metal ) | 1 nos |
| 11 | Black Tape | 1" & 2" | 1 nos |
| 12 | Cylinder Body | 2.5" | 1 nos |
| 13 | Rod socket ( ss) | 12 mm | 1 nos |
| 14 | Pipe Coupling/Socket ( TATA ) | 1.25" ( 32 mm ) | 1 nos |
| 15 | Front cover ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 16 | Check Valve with Washer | | 1 nos |
| 17 | Cylinder Ring ( lather ) | | 1 nos |
| 18 | Croom washer ( Burhani/ Nizora ) | | 1 nos |
| 19 | DLP nut bolt | | 1 nos |
| 20 | Plunger | | 1 nos |
| 21 | Handle axle (stainless steel ) | | 1 nos |
| 22 | Check Valve Washer | | 1 nos |
| 23 | Three Plate | | 1 nos |
| 24 | Cylinder rod | | 1 nos |
| 25 | SS Hexagonal bolt | M-6x25 mm long | 1 nos |
| 26 | Chain nut bolt | | 1 nos |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 375197 District(25-26)D

**विचार प्रवाह** भलाई करने में कभी-कभी हमें पीड़ा सहनी ही होगी। ईश्वर को पाने हेतु हमें कष्ट सहने के लिये तैयार होना ही चाहिये। ब्रह्म की अनन्त शान्ति प्राप्त करने के लिये शरीर का कष्ट या मन का संयम सहन करना है ही क्या? क्राइस्ट का आनन्द इतना अधिक था कि वे प्रभु के लिये अपना शरीर त्यागने को तैयार थे। जीवन का उद्देश्य ही उस परम आनन्द को प्राप्त करना है - ईश्वर को प्राप्त करना है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# बम के धमाकों के बीच जानलेवा बनते प्रदूषण का सवाल पीछे छूटा

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

युद्ध में अहंकार या सम्मान की रक्षा कितनी होती है यह विगत चार वर्षों से एक दूसरे को बर्बाद कर रहे सोवियत रूस से टूटे रूस और यूक्रेन की जनता से पूछना चाहिए जिनकी महिलाएं भारत के विभिन्न शहरों में देह व्यापार के आरोप में पकड़ी जा रहीं हैं जबकि ईरान में बीते दो हफ्तों से अधिक से ताबड़तोड़ धमाके और बमों-मिसाइलों के धुएं से आमसान काला हो चुका है। तेल ठिकानों पर हमले के बाद कई मीडिया रिपोर्ट में तो यहां तक दावा किया गया कि ईरान के आसमान से जहरीली बारिश की बूंदे भी गिरने लगी हैं। इसके बावजूद चारों तरफ काले धुएं के बाद भी तेहरान की हवा भारत की राजधानी नई दिल्ली की हवा से ज्यादा साफ है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार तेहरान का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 50-70 के अच्छा से मध्यम स्तर पर बना हुआ है। इसके ठीक उलट दिल्ली का एक्यूआई 150 से ऊपर, यानी खराब से अस्वस्थ स्तर पर बना हुआ है। चारों तरफ काला धुआं, काला आसमान, ताबड़तोड़ हमले, जहरीले हालात और आग के बावजूद तेहरान की साफ हवा ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। इसके बाद यह कहना गलत नहीं होगा कि भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक गतिविधियां और कृषि प्रदूषण नागरिकों की सांसों को कितना गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। दूसरी ओर युद्ध के बावजूद प्राकृतिक और मानवजनित प्रदूषण का वास्तविक असर कैसा होता है। कह सकते हैं कि दिल्ली का खराब प्रदूषण युद्ध से भी बड़े भौगोलिक और औद्योगिक कारणों से है। यह शहर इंडो-गैंगेटिक मैदान में स्थित है, जो दुनिया के सबसे प्रदूषित इलाकों में से एक माना जाता है। यहां भारी ट्रैफिक और उद्योग हैं, निर्माण कार्य और धूल भी खूब फैलती है। इसके साथ ही इस बात को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता है कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों जैसे पंजाब और हरियाणा में कृषि अपशिष्ट (पराली) जलाना आम है। पश्चिम एशिया में जारी अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष केवल रणनीतिक हानि तक ही सीमित नहीं, बल्कि एक ऐसी विषाक्त विरासत रच रहा है, जिसकी चर्चा अक्सर युद्ध की धूल में दब जाती है। ब्रिटेन स्थित पर्यावरणीय शोध संस्था कॉन्फ्लिक्ट एंड एन्वॉयरन्मेंट ऑब्जर्वेटरी (सीईओबीएस) ने इस संघर्ष के शुरू होने के बाद से अब तक 300 से अधिक ऐसी घटनाओं की पहचान की है, जिनसे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा है। हालांकि, ईरान की करीब 5,000 जगहों को निशाना बनाने के अमेरिकी दावे को देखते हुए सीईओबीएस का आंकड़ा नुकसान का महज एक छोटा-सा हिस्सा ही दर्शाता है। इन जोखिमों का स्पष्ट संकेत तब मिला, जब इस्राइल द्वारा ईरान के तेल भंडारों पर किए गए हमलों के बाद तेहरान की सड़कें काली बारिश से भीग गईं। गौरतलब है कि ईरान के दक्षिणी प्रांतों में तेल रिफाइनरियों पर हुए हमलों से हजारों टन कच्चा तेल समुद्र में रिस रहा है और समुद्री जीवन को खत्म कर रहा है। यही नहीं, विस्फोटों का विषैला धुआं आसपास के क्षेत्रों में श्वास संबंधी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ा रहा है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी को हल्के में नहीं लिया जा सकता कि तेल रिफाइनरियों पर हुए हमलों के गंभीर पर्यावरणीय परिणाम होंगे और लोगों के हवा, पानी और भोजन पर भी इसका असर पड़ेगा। शोध का यह बताना गंभीर है कि बमबारी से पैदा हुए जहरीले प्रदूषक वर्षों तक पर्यावरण में बने रह सकते हैं और आसपास के समुदायों में फैल भी सकते हैं। गोला-बारूद में जिस टीएनटी नामक विस्फोटक का उपयोग होता है, जिसे अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) तक ने संभावित कैंसरकारक माना है, युद्ध खत्म होने के बाद भी मिट्टी में बना रह सकता है। बात सिर्फ इसी युद्ध की नहीं है। एक अन्य ब्रिटिश अध्ययन बताता है कि इस्राइल-गाजा संघर्ष में भी अब तक तीन करोड़ टन से भी अधिक कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन हो चुका है। युद्ध और पर्यावरण के मसले पर अंतरराष्ट्रीय नियम स्पष्ट हैं जिनेवा कन्वेंशन के अतिरिक्त प्रोटोकॉल में पर्यावरणीय क्षति को भी युद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। यह दुखद है कि संयुक्त राष्ट्र, रेड क्रॉस जैसी संस्थाओं की आवाज महाशक्तियों की राजनीति में दब गई है। जब मिसाइलें खामोश हो जाती हैं, तब भी पर्यावरण में छिपे घाव लंबे समय तक बने रहते हैं। यह युद्धों की अदृश्य कीमत होती है। यह विषाक्त चक्र हमें निगल ले, इससे पहले इसका टूटना जरूरी है। पश्चिम एशिया में जारी इस्राइल-गाजा संघर्ष का असर केवल इंसानों और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। इस युद्ध का पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है। एक नए अध्ययन में सामने आया है कि इस संघर्ष से अब तक लगभग 3.3 करोड़ मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन हो चुका है।अध्ययन के अनुसार यह मात्रा इतनी बड़ी है कि इसे जॉर्डन के पूरे साल के कार्बन उत्सर्जन के बराबर माना जा सकता है। इतना ही नहीं, यह लगभग 76 लाख कारों से एक साल में निकलने वाले धुएं के बराबर है। इसके अलावा यह उतनी कार्बन मात्रा के बराबर है जितनी 3.31 करोड़ एकड़ जंगल एक साल में अवशोषित कर सकते हैं।इस विषय पर एक विस्तृत अध्ययन वैज्ञानिक जर्नल वन अर्थ में प्रकाशित हुआ है। इस शोध को लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी और क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के शोधकर्ताओं ने मिलकर तैयार किया है। शोध में युद्ध से जुड़े विभिन्न स्रोतों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। अध्ययन के अनुसार केवल सक्रिय सैन्य अभियानों से ही 13 लाख मीट्रिक टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। इसमें तोपखाने, रॉकेट, मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरणों के इस्तेमाल से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसें शामिल हैं। युद्ध के दौरान भारी हथियारों और सैन्य वाहनों के उपयोग से वातावरण में बड़ी मात्रा में गैसें फैलती हैं।शोधकर्ताओं का कहना है कि युद्ध खत्म होने के बाद भी इसका पर्यावरणीय असर लंबे समय तक बना रहता है। संघर्ष के दौरान नष्ट हुई सड़कों, इमारतों और अन्य ढांचों के पुनर्निर्माण से भी बड़ी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन होता है। यानी युद्ध का प्रभाव केवल लड़ाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके बाद होने वाले निर्माण कार्य भी जलवायु पर असर डालते हैं। ऐसे में भारत का पाकिस्तान से तनाव के बावजूद कई बार युद्ध को टालना शायद समझने का विषय है।

# डोनाल्ड ट्रंप के दावे और टूटता तिलस्म

आज की बात



महेन्द्र तिवारी

> ट्रंप का यह सोचना कि टैरिफ युद्ध या प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा, चाहे वह व्यापारिक नीतियां हों या रूस जैसे देशों के साथ ऊर्जा संबंध

डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, इस दावे और भारत पर दबाव बनाने की उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। ट्रंप का यह सोचना कि टैरिफ युद्ध या प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा, चाहे वह व्यापारिक नीतियां हों या रूस जैसे देशों के साथ ऊर्जा संबंध।

ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर टैरिफ हमलों की श्रृंखला तब शुरू हुई जब अमेरिका ने भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया और हार्ले-डेविडसन जैसी मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जवाब में, अमेरिका ने भारत को मिलने वाले 'जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेस' (GSP) के लाभ को समाप्त कर दिया, जिसका उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को चोट पहुंचाना था। लेकिन इसके परिणाम ट्रंप की उम्मीदों के विपरीत रहे। भारत ने न केवल अमेरिकी कृषि उत्पादों और बादाम जैसे आयातों पर जवाबी शुल्क लगाकर अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा की, बल्कि अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण भी शुरू कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बावजूद, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी गई, जो यह दर्शाता है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर इस कदर निर्भर हैं कि केवल टैरिफ के जरिए इन्हें अलग करना या भारत को दबाना संभव नहीं है। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक अपरिहार्य बाजार और विनिर्माण केंद्र बना हुआ है, जिसे नजरअंदाज करना खुद अमेरिका के लिए आर्थिक आत्मघात जैसा होगा।

दबाव की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान देखने को मिला, जब अमेरिका ने भारत पर रूस से कच्चा तेल न खरीदने और प्रतिबंधों का पालन करने के लिए भारी राजनयिक दबाव डाला। ट्रंप और उनके समर्थक गुट का मानना था कि भारत को अमेरिकी छत्रछाया में लाने के लिए यह सही



समय है। हालांकि, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए न केवल रूस से तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था के लिए एक रणनीतिक अवसर में बदल दिया। अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और 'प्राइस कैप' जैसी नीतियों को दरकिनार करते हुए भारत ने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप फैसले लिए। यह अमेरिकी कूटनीति की एक बड़ी विफलता मानी जा सकती है क्योंकि वह एक प्रमुख लोकतांत्रिक साझेदार को अपनी मर्जी के अनुसार झुकने पर मजबूर नहीं कर सका। भारत के इस कड़े रुख ने स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली की विदेश नीति अब वाशिंगटन के निर्देशों पर नहीं, बल्कि अपने 140 करोड़ नागरिकों की जरूरतों और वैश्विक स्थिरता के अपने दृष्टिकोण पर आधारित है।

भारत की तुलना चीन से करना और उसे 'अगला चीन' न बनने देने की बात करना ट्रंप की एक रणनीतिक भूल को दर्शाता है। चीन का उदय एक सत्तावादी ढांचे के तहत हुआ जिसने वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन किया, जबकि भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है जो कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करती है। ट्रंप का यह डर कि भारत अमेरिकी विनिर्माण को निगल जाएगा, तथ्यात्मक रूप से कमजोर है क्योंकि भारत का विकास मॉडल निर्यात-आधारित होने के साथ-साथ उपभोग-आधारित भी है। भारत आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रहा है, जिसे अमेरिका खुद 'फ्रेंड-शोरिंग' के नाम से बढ़ावा देता रहा है। ऐसे में एक तरफ भारत को विनिर्माण का विकल्प बनाना और दूसरी तरफ उसकी प्रगति को रोकने की बात करना ट्रंप की नीतियों में गहरे अंतर्विरोध को उजागर करता है।

ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यह भी देखा गया कि रक्षा सौदों के मामले में भी अमेरिका का दबाव काम नहीं आया। भारत ने रूस के साथ S-400 मिसाइल प्रणाली का सौदा किया, जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। भारत का अडिग रहना और अंततः अमेरिका का प्रतिबंधों से पीछे हटना यह साबित करता है कि वाशिंगटन को भारत की सैन्य और सामरिक महत्ता का भली-भांति आभास है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका को भारत की जितनी आवश्यकता है, उतनी भारत को अमेरिका की नहीं। यह शक्ति संतुलन ट्रंप के उन दावों को खोखला कर देता है जिनमें वे भारत को नियंत्रित करने की बात करते हैं। भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि अपनी क्षमता विस्तार के लिए हैं, और ट्रंप के टैरिफ या धमकियां इसे रोकने में अक्षम साबित हुई हैं।

अंततः, ट्रंप की रणनीति में एक बुनियादी कमी यह है कि वे भारत को केवल एक व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं, जबकि भारत एक सभ्यतागत शक्ति और उभरता हुआ वैश्विक ध्रुव है। भारत की डिजिटल क्रांति, उसका विशाल युवा कार्यबल और उसकी रणनीतिक स्थिति उसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर ले जा रही है। ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' के मुकाबले भारत का 'सबका साथ, सबका विकास' और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का संकल्प अधिक समावेशी और प्रभावी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप द्वारा भारत पर बनाए गए दबाव के हर प्रयास ने भारत को अधिक आत्मनिर्भर बनने और अपने विकल्पों को तलाशने के लिए प्रेरित किया है।

भारत को दबाव में रखकर सफल होने का सपना देखने वाले नेताओं को यह समझना होगा कि 21वीं सदी का भारत अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ जुड़ने की क्षमता रखता है और किसी भी महाशक्ति का कनिष्ठ भागीदार बनने के बजाय एक समान और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ट्रंप के दावे महज चुनावी बयानबाजी या दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक विश्व व्यवस्था में भारत की गति को रोकना अब किसी भी एक शक्ति के बस की बात नहीं रह गई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# नियमित ध्यान और प्रार्थना की साधना



स्वामी चिन्मयानंद

जिन उच्च और शुभ विचारों को हम अपने हृदय में अपनाते हैं वे ही शुद्धता, संतोष, प्रेम, आनन्द और उदार लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु हमारी मानसिक सम्पत्ति और बौद्धिक सामर्थ्य बढ़ाते हैं। आइये, हम सब हर पल इन गुणों को विकसित और पल्लवित करें। अवश्य करें। नियमित ध्यान और प्रार्थना की साधना व्यक्ति के जीवन में सुख-शान्ति लाने की उत्तम औषधि है। नियमित ध्यान का सर्वप्रथम लाभ यही होता है कि हम सही दिशा में ठीक-ठीक विचार करने में समर्थ होते हैं। सच्चा जिज्ञासु अपने ध्यान के आसन पर कठिन संघर्ष कर पहले अपने मन को एकाग्र करना सीखता है।

एकाग्रता से ध्यान करने पर वे गूढ़ विचार उभर कर ऊपर आ जाते हैं, जो पहले मन के बिखरे रहने के कारण छिपे हुए थे। अखंड ध्यान में सदा सजग और सावधान रहने वाले व्यक्ति के हृदय में शुभ विचारों का आनन्दमय स्रोत प्रवाहित होता है। मन ज्ञापन और सृजन दोनों ही कार्य करता है। यह न केवल हमारे आस-पास की घटनाओं का अनुभव अर्जित करने में हमारी सहायता करता है, वरन् हमारे अन्त:करण का एक अंग होने के कारण बुद्धि के साथ मिलकर नये विचार और आर्दशों का सृजन भी करता है। उन्हीं नए आदर्शों के हेतु हम लगन और परिश्रम के साथ काम करते हैं। इसी के साथ हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि मन ही वह खेत हैं जिसमें सभी शुभ संस्कार उग कर हमारे व्यावहारिक जीवन को समृद्ध बनाते हैं और उसके बाद उनका प्रभाव आस-पास के व्यक्तियों पर भी पड़ता है।

*-पुस्तक अवश्य करें से साभार*

# सकारात्मक सोच और खुश रहने की कला

आपकी बात



मुकेश सिंह चौहान


आज का दौर तेज प्रतिस्पर्धा, भागदौड़ और बढ़ती अपेक्षाओं का दौर है। जीवन की रफ्तार जितनी तेज हुई है, उतनी ही तेजी से लोगों के जीवन में तनाव, अवसाद और निराशा भी बढ़ी है। विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच मानसिक दबाव एक गंभीर सामाजिक चिंता बनकर उभरा है। ऐसी स्थिति में यह सवाल उठता है कि आखिर इन समस्याओं से कैसे मुकाबला किया जाए। मेरा मानना है कि तनाव, डिप्रेशन और आत्महत्या की प्रवृत्ति से लड़ने की सबसे बड़ी ताकत खुश रहने की आदत और सकारात्मक सोच है। जब व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मक नजरिये से देखता है, तो कठिन परिस्थितियों में भी उम्मीद और साहस की राह निकल आती है। इसी सोच के साथ "खुशी क्लास" की शुरुआत की गई। इसका मूल उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि खुशी कोई बाहरी चीज नहीं है, बल्कि यह हमारे सोचने के तरीके में बसती है। जैसे ही हम अपना नजरिया सकारात्मक करते हैं, खुशियां अपने आप हमारे करीब आने लगती हैं। अब तक झारखंड के 19 जिलों में खुशी क्लास का आयोजन हो चुका है, जो निरंतर जारी है। 599 गांवों में खुशी चौपाल व 574 स्कूल-कॉलेजों में खुशी क्लास आयोजित किया जा चुका है। आज भारत सहित पूरी दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ी चुनौती बन चुका है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग तनाव और अवसाद के कारण आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठा लेते हैं। इनमें युवाओं और छात्रों की संख्या भी कम नहीं है। छात्र जीवन, जो सपनों और संभावनाओं से भरा होना चाहिए, कई बार दबाव का कारण बन जाता है। परीक्षा में बेहतर अंक लाने की चिंता, प्रतियोगिता का तनाव, परिवार और समाज की अपेक्षाएँ, भविष्य की अनिश्चितता और असफलता का डर—ये सभी कारण छात्रों के मन में गहरा मानसिक दबाव पैदा करते हैं। कई बार छोटी-सी असफलता को भी जीवन की सबसे बड़ी हार मान लिया जाता है। जबकि जीवन की सच्चाई यह है कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। अगर बच्चों और युवाओं को शुरुआत से ही यह सिखाया जाए कि असफलता से डरना नहीं, बल्कि उससे सीखना है, तो वे जीवन में अधिक मजबूत बन सकते हैं। "खुशी क्लास" इसी सोच को समाज तक पहुंचाने का प्रयास है। इसमें छात्रों और आम लोगों के बीच सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों पर चर्चा की जाती है। प्रेरक कहानियों, संवाद और सरल गतिविधियों के माध्यम से यह समझाने की कोशिश की जाती है कि खुश रहने की कला जीवन को बेहतर बना सकती है। खुशी क्लास का उद्देश्य केवल पढ़ाई में सफलता दिलाना नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाना है। जब व्यक्ति खुश और सकारात्मक रहता है, तो उसके भीतर चुनौतियों का सामना करने की शक्ति भी बढ़ जाती है। आज सूचना और सोशल मीडिया के इस दौर में नकारात्मक खबरें और घटनाएँ बहुत तेजी से लोगों तक पहुंचती हैं। लगातार नकारात्मक सूचनाएँ कई बार लोगों के मन में डर, चिंता और निराशा पैदा कर देती हैं। ऐसे माहौल में समाज में सकारात्मकता का माहौल बनाना और भी जरूरी हो जाता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए खुशी क्लास को एक व्यापक सामाजिक अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ गांवों और समुदायों में "खुशी चौपाल" के माध्यम से लोगों के बीच सकारात्मक सोच और खुश रहने का संदेश दिया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य यह है कि समाज में ऐसा वातावरण बने, जहाँ लोग एक-दूसरे को प्रेरित करें, सहयोग करें और जीवन को उम्मीद के साथ देखें। जब समाज में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ेगी, तो तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं भी धीरे-धीरे कम होंगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

शब्द स्वयं में कोश हैं, जहां सृजन, विध्वंस।
बीज रूप में हैं वहीं, राम, कृष्ण और कंस।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# अस्थिरता के दौर में भरोसे का केंद्र बनता भारत

देश की बात



प्रो आरके जैन 'अरिजीत'

मध्य पूर्व में भड़का संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करने वाला संकट बन गया है। अमेरिका-ईरान तनाव, इज़राइल से जुड़ी घटनाएँ और होर्मुज जलडमरूमध्य की अस्थिरता ने व्यापार व ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा बढ़ाया है। ऐसे समय में भारत ने संतुलित और दूरदर्शी विदेश नीति का परिचय दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स जैसे मंच को सक्रिय कर सदस्य देशों के बीच संवाद को बढ़ावा दिया। भारत ने स्पष्ट किया कि युद्ध नहीं, बल्कि शांति, कूटनीति और सामूहिक प्रयास ही वैश्विक स्थिरता का आधार हैं। इसी कारण इस संकट में भारत एक जिम्मेदार और संतुलित शक्ति के रूप में उभरा है। ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालते ही मोदी सरकार ने संगठन में नई ऊर्जा भरने का प्रयास किया। "सहयोग, नवाचार और स्थिरता के माध्यम से लचीले भविष्य का निर्माण" की सोच के साथ भारत ने ब्रिक्स को केवल आर्थिक मंच नहीं, बल्कि वैश्विक समस्याओं के समाधान का माध्यम बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। इस नीति का केंद्र विकासशील देशों की आवाज को विश्व राजनीति में उचित स्थान दिलाना रहा। भारत ने यह भी दिखाया कि जी20 की कूटनीतिक सफलता को ब्रिक्स में भी आगे बढ़ाया जा सकता है। मतभेदों के बावजूद भारत ने संवाद जारी रखा और संगठन में विभाजन को कम करने का प्रयास किया, हालाँकि पूर्ण सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण रहा। यह नेतृत्व भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। संकट की घड़ी में भारत की कूटनीति का प्रमुख पहलू यह रहा कि उसने सभी ब्रिक्स देशों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास किया। बारह मार्च की वर्चुअल बैठक में भारत ने सदस्य देशों के बीच खुले और रचनात्मक संवाद को प्रोत्साहित किया। "शेरपा तंत्र" के माध्यम से लगातार बातचीत जारी रही, ताकि मतभेदों के बीच भी सहमति का मार्ग निकल सके। भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट था—किसी पक्ष का समर्थन करने के बजाय शांति और स्थिरता के लिए सामूहिक प्रयास हों। इस पहल ने ब्रिक्स को केवल औपचारिक संगठन नहीं, बल्कि एक सक्रिय वैश्विक मंच के रूप में उभारने में मदद की और यह भारत की स्वतंत्र, संतुलित विदेश नीति का प्रमाण भी है। बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच पीएम मोदी ने व्यक्तिगत स्तर पर भी सक्रिय कूटनीति का परिचय दिया। उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान से टेलीफोन पर बातचीत कर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। वार्ता में नागरिकों की सुरक्षा, बुनियादी ढांचे की रक्षा और संघर्ष को फैलने से रोकने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। भारत ने स्पष्ट किया कि संवाद और कूटनीति ही स्थायी समाधान का मार्ग है। साथ ही अमेरिका और इज़राइल जैसे देशों के साथ संबंधों का संतुलन भी बनाए रखा गया। यह बहुआयामी कूटनीति भारत की रणनीतिक परिपक्वता को दर्शाती है, जिसमें राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता तीनों को समान महत्व दिया गया है। ब्रिक्स के भीतर स्थिति इसलिए भी जटिल थी क्योंकि कई सदस्य देश सीधे मध्य पूर्व की राजनीति से जुड़े हैं। ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के अपने क्षेत्रीय हित हैं, जिनसे मतभेद स्वाभाविक हैं। इसके बावजूद भारत ने संयम और धैर्य के साथ संवाद को आगे बढ़ाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि भारत लगातार सदस्य देशों के संपर्क में है और सहमति का मार्ग तलाश रहा है और कुछ सदस्यों के सीधे शामिल होने से सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण है। भारत ने चीन और रूस जैसे प्रमुख देशों के साथ भी समन्वय बनाए रखा। इन प्रयासों ने ब्रिक्स की विश्वसनीयता को मजबूत किया और यह संदेश दिया कि विकासशील देशों का यह समूह वैश्विक मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आंधी-तूफान से घर पर गिरा आम का पेड़, कई घायल

नवीन मेल संवाददाता





**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड के कुरुसकेला पंचायत अंतर्गत भेलवाडीह गांव में रविवार रात आए तेज आंधी-तूफान से एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार गंगा प्रसाद नामक व्यक्ति के घर के बाहर खड़ा विशालकाय आम का पेड़ तेज हवा के कारण अचानक टूटकर उनके मकान पर गिर पड़ा।

पेड़ गिरने से मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और घर में मौजूद परिवार के लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना में गंगा प्रसाद समेत परिवार के कई सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि पेड़ गिरने से मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे परिवार के सामने रहने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं पीड़ित गंगा प्रसाद ने भी प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है, ताकि क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत और परिवार के रहने की व्यवस्था जल्द से जल्द हो सके।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा के कोंबाकेरा में फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोम्बाकेरा गंझू टोली में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कोम्बाकेरा गंझू टोली निवासी इंद्र साहू के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्र साहू चार दिन पहले हुए एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद से उनके व्यवहार में बदलाव देखा जा रहा था। परिजनों के अनुसार वे पिछले कुछ दिनों से असामान्य और मंदबुद्धि जैसा व्यवहार कर रहे थे। इसी कारण घर के लोग उनसे कुछ दूरी बनाकर रह रहे थे और उनकी स्थिति को लेकर चिंतित भी थे।बताया जाता है कि घटना के समय इंद्र साहू घर के एक कमरे में अकेले थे। इसी दौरान उन्होंने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ समय बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो घर में अफरा-तफरी मच गई और इसकी सूचना तत्काल कोलेबिरा थाना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस

### पेड़ की डाल गिरने से रास्ता बाधित



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र में बानो से कोनसोदे, एल्ला, महाबुआंग और तिनसोंगड़ा जाने वाले मुख्य मार्ग पर एल्ला जड़ीया टोली के पास एक विशाल पेड़ की बड़ी डाली गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया। अचानक पेड़ की डाल गिरने के कारण इस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है घटना की सूचना मिलते ही सोय पंचायत की मुखिया सोमवारी कैथवार मौके पर पहुंचीं और रास्ता साफ कराने का प्रयास किया। हालांकि, जेसीबी मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण पेड़ को हटाया नहीं जा सका।मुखिया सोमवारी कैथवार ने बताया कि मंगलवार को जेसीबी मशीन की सहायता से पेड़ की डाल को हटाकर रास्ता पूरी तरह से साफ कर दिया जाएगा, ताकि लोगों का आवागमन सुचारु रूप से हो सके।

### सिमडेगा पुलिस की कार्रवाई, 25-30 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**सिमडेगा।** जिले में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए सिमडेगा पुलिस द्वारा "ऑपरेशन रेड हंटः सिमडेगा पुलिस" के तहत लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में पुलिस ने 25 से 30 वर्षों से फरार एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।गिरफ्तार वारंटी की पहचान नामनज सुरीन के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बांसजोर तेलीघना, थाना जलडेगा, जिला सिमडेगा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और वर्तमान में अपने परिवार के साथ ओडिशा राज्य के सुंदरगढ़ जिले के जुजुमुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सबडगर जामलोई में रह रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर सिमडेगा पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर 16 मार्च 2026 को उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए जिले में आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### अवैध गौवंशीय पशु परिवहन का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**सिमडेगा।** बानो थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं के परिवहन के मामले का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 15 मार्च 2026 की रात करीब 8:45 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि संभलपुर (ओडिशा) से हुरदा जमताई मोड़ होते हुए घाट बाजार की ओर एक सफेद रंग के पिकअप वैन से अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर एक टीम का गठन कर जमताई मोड़ हुरदा के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया।रात करीब 9:40 बजे ओडिशा की ओर से एक सफेद पिकअप वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक वाहन को कच्ची सड़क की ओर मोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर जमताई पंचायत भवन के पास वाहन को रोक लिया। जांच के दौरान वाहन से चार गौवंशीय पशु बरामद किए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया।इस मामले में बानो (गिरदा ओपी) थाना कांड संख्या 10/26, दिनांक 16 मार्च 2026 के तहत बीएनएस की धारा 317(5)/3(5), झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम की धारा 12(1)(2)(3) तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(डी)(एफ) के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने इस मामले में जयराम सिंह (कुटब, थाना जमनकिरा, जिला संभलपुर, ओडिशा), उपेंद्र सिंह (विशालपानी, थाना जमनकिरा, जिला संभलपुर, ओडिशा) और रामकिशोर सिंह (रोबकेरा, थाना आनंदपुर, जिला पश्चिम सिंहभूम, झारखंड) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### बरसलोया में रामनवमी महोत्सव को लेकर बैठक आज

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के ग्राम बरसलोया स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में श्री रामनवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर 17 मार्च की शाम महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में गांव के ग्रामीणों, युवाओं और रामभक्तों की उपस्थिति में आगामी रामनवमी पर्व को भव्य, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से मनाने पर चर्चा होगी।बैठक के दौरान रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन के लिए धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन, झांकी, जुलूस तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों के बीच विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय की जाएंगी।

## लचरागढ़ भिखारिएट में कैथोलिक महिला संघ का 29वां वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिर।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ भिखारिएट में कैथोलिक महिला संघ का 29वां दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 14–15 मार्च 2026 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झंडोतोलन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन में फा. राजेश केरकेट्टा, सुचिता जोजो, सिस्टर एंजलीना मिंज और नौ पल्ली की सभानेत्रियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम के दौरान संत मोनिका की तस्वीर पर माल्यार्पण, बाइबल पाठ और विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

, पहले सत्र में "बच्चों की परवरिश में माता की चुनौतियां और समाधान" विषय पर सुचिता जोजो ने अपने विचार रखे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में बांकी पल्ली द्वारा पारंपरिक बाहा–बाला जादूर नृत्य प्रस्तुत किया गया।दूसरे दिन पवित्र मिस्सा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर "पेसा कानून" विषय पर पुष्पा सेकुंडा टेटे ने विस्तार से जानकारी देते हुए ग्राम सभा को सशक्त बनाने और उसके पंजीकरण पर जोर दिया।


## असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

### आदेश

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा अधीन जिला स्तरीय संविदा/ अनुबंध आधारित कर्मियों के रिक्त पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु कार्यालय विज्ञापन संख्या– 02/2025–26 एवं संशोधन सूचना पत्रांक– 1233 (PMU), दिनांक 20.12.2025 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों के लिए दिनांक– 12.01.2026 तक आवेदन प्राप्त किया गया। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर कम्प्यूटर में विहित प्रपत्र में की गई प्रविष्टि एवं दावा आपत्ति निराकरण के उपरांत योग्य उम्मीदवारों का लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। लिखित परीक्षा के प्राप्तांक एवं उनके अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर सभी योग्य उम्मीदवारों की औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गयी है, जिसे गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। दिनांक 17.03.2026 से उम्मीदवार उक्त सूची का अवलोकन कर सकेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 375238 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

## न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

### अनुमति वाद संख्या–15/2026

### आम इस्तेहार

आवेदक बिनोद ठाकुर पिता–स्व0 बलराम ठाकुर वो रम्भा देवी पति–स्व0 रतन ठाकुर उर्फ शिवरतन ठाकुर वो तेतरी देवी पति–स्व0 विशेश्वर ठाकुर वो फुलवा देवी पति–स्व0 विशेश्वर ठाकुर वो उपेन्द्र ठाकुर पिता–स्व0 बुगेश्वर ठाकुर वो सहोद्री देवी पति–स्व0 श्यामसुन्दर ठाकुर वो चिंता देवी पिता–स्व0 कुलदीप ठाकुर, सभी निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

#### भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| | 237 | 1077 | 0.28 |
| | | 1078 | 0.28 |
| | | कुल– | 0.56 |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 375148 District(25-26)#D

## IN THE COURT OF DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR

### Misc Case No.01/2026
### U/S 14 of SARFAESI Act.

NOTICE

Versus

1- Gazala Parween, W/o-Md. Firoz Alam,
2- Md. Firoz Alam, S/o Md. Mumtaz Alam,
Both Vill+Po.-Betla, PS.-Barwadih, Dist.-Latehar. :– Respondents.

It is thereby to inform to both of you that petitioner has filed an application U/s-14 of SARFAESI Act-2002 which is scheduled to be heared by the bench chaired by Deputy commissioner, Latehar on dated 24.03.2026 at 3:00 P.M.

Therefore, both parties are informed that they should ensure their presence in the court by themselves or their resepective counsel on the aforesaid date with all the necessary documents in favour.

The notice was issued with my signature and seal of the court.

Deputy Collector,
cum-In-Charge,Legal Section, Latehar.

PR 375147 District(25-26).D

## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
## न्यायालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

### सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित निर्धारित सुनवाई की तिथि एवं समय को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | सुनवाई की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | 23/2025 | खैर लकड़ी बोटा (314 पीस– 6.4573 घन मी0) तथा ट्रक मॉडल **TATA LPT3118TC,** चेचीस नं0 **MAT466441F5J12751,** इंजन नं0 **51J84251822, Reg.No.- HR 46D - 7092** | दिनांक 07.04.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 02 | 24/2025 | साल चौखट (25 पीस– 19.44 CFT) तथा **Mahindra Bolero (White Colour) Reg.No.- JH01AK5752,** जिस पर "62C24479" एवं "0A64B23847" अंकित है | दिनांक 07.04.2026 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 375258 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

## कार्यालय, नगर पचांयत, छत्तरपुर (पलामू)
पताः–अनुमंडल कार्यालय,छतरपुर के पिछे, झारखण्ड–822113,
[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

### आम सूचना

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 102, दिनांक– 22.01.2026 के माध्यम से प्राप्त आदेश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) चतुर्थ घटक अन्तर्गत स्वीकृत लंबित पड़े आवास को दिनांक– 31.12.2025 के अंदर पूर्ण किया जाना था, जिसकी अवधि अंतिम रूप से बढ़ाकर 31.03.2026 तक किया गया है। इसके बाद विभाग/कार्यालय के द्वारा भुगतान नहीं किया जायेगा। इसकी सारी जिम्मेदारी लाभुक की होगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 375202 District(25-26).D

## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
## Medininagar Municipal Corporation

### e-Procurement Tender Notice

| Sl. No. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **Part – A** | | | | |
| 1 | UDHD/ MMC/ 44./2025 -26 | Construction and for Bituminous road from dablu singh house to black top road near medical college via. Bund of Kacharwa Dam in ward no. 06 under Medininagar Municipal Corporation | 93,18,876/- | 1,86,378/- | 10,000/- | 3 माह |

| | Part – B | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 17/03/2026 AT 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 17/03/2026 AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 17/03/2026 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 01/04/2026 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 02/04/2026 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9835722747 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9835722747 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 375200 District(25-26)#D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............... दिनांक .....................

### कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या UDHD/MMC/42/2025-26

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम द्वारा लगाये गये LED लाईट की मरम्मति हेतु विधुत सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 01.04.2026 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/– रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक 02.04.2026 को 1.00 बजे अपराह्न नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। LED लाईट की सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| SL NO | NAME OF ITEM | Qty. | SL NO | NAME OF ITEM | Qty. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LED STREET LIGHT 120 w PHILIPS,SURYA OR EQUIVALENT | 1 Pcs. | 31 | SAFETY HELMET (ELECTRICAL WORK) | 01 Pcs. |
| 2 | LED STREET LIGHT 90 w PHILIPS,SURYA OR EQUIVALENT | 1 Pcs. | 32 | PLIER | 01 Pcs. |
| 3 | LED STREET LIGHT 70 w PHILIPS,SURYA OR EQUIVALENT | 1 Pcs. | 33 | SCREW DRIVER | 01 Pcs. |
| 4 | LDR SENSOR BASED LED STREET LIGHT 120 w PHILIPS OR EQUIVALENT | 1 Pcs. | 34 | TESTER | 01 Pcs. |
| 5 | LDR SENSOR BASED LED STREET LIGHT 90 w PHILIPS OR EQUIVALENT | 1 Pcs. | 35 | Allen key (Set) | 1 Set. |
| 6 | LDR SENSOR BASED LED STREET LIGHT 70 w PHILIPS OR EQUIVALENT | 1 Pcs. | 36 | ICTP Main Switch | 1 Pcs. |
| 7 | FLOOD LIGHT 150 W(FOR HIGHMAST) SURYA OR EQUIVALENT | 1 Pcs. | 37 | Tool Box containing all Wrench Set | 1 Set. |
| 8 | FLOOD LIGHT 200 W(FOR HIGHMAST) SURYA OR EQUIVALENT | 1 Pcs. | 38 | Multimeter (Fluke or Equivalent) | 1 Pcs. |
| 9 | DRIVER OF FLOOD LIGHT 150 W | 1 Pcs. | 39 | Power Tester(Fluke or Equivalent) | 1 Pcs. |
| 10 | DRIVER OF FLOOD LIGHT 200 W | 1 Pcs. | 40 | AC Clamp meter(Fluke or Equivalent) | 1 Pcs. |
| 11 | 32 mm dia (inner Dia of pole polew arm)x( 1-2) mtr long GI pipe (medium class)pole arm bracket for mounting of LED street lighting fitting on pole including bending the pipe to required shape (90-105 degree),2 nos. 40mmx 3mm flat iron clamp withs nuts, bolt & washer, GI coating the flat iron with primer and finished paint as per relevant standard specifications. | 1 set | 41 | Outdoor mounted feeder panel with 32 A TP&N ,MCB incomer 45 A TP contactor Automatic Switching of luminaries ,power tool control incomer outgoing terminal etc as required. Complete panel Set | 1 Set. |
| 12 | LED DRIVER (35 w) | 1 Pcs. | 42 | soldering Iron & kit | 1 Pcs. |
| 13 | LED DRIVER (50 w) | 1 Pcs. | 43 | Outdoor mounted feeder panel with 63 A TP&N ,MCB incomer 63 A TP contactor Automatic Switching of luminaries ,power tool control incomer outgoing terminal etc as required. Complete panel Set | 1 Set. |
| 14 | LED DRIVER (70 w) | 1 Pcs. | 44 | 4 pole MCB | 1 Pcs. |
| 15 | LED DRIVER (110 w) | 1 Pcs. | 45 | contactor 45 A | 1 Pcs. |
| 16 | LED DRIVER (120 w) | 1 Pcs. | 46 | Contactor 63 A | 1 Pcs. |
| 17 | LED DRIVER (150w) | 1 Pcs. | 47 | Digital Timer | 1 Pcs. |
| 18 | PCB 70 w | 1 Pcs. | 48 | 1 POLE MCB | 1 Pcs. |
| 19 | PCB 120 w | 1 Pcs. | 49 | CCMS SINGLE PHASE STREET LIGHT CONTROL PANEL | 1 Pcs. |
| 20 | 1 CORE COPPER WIRE (1.5 sqmm) | 1 mtr. | 50 | CCMS THREE PHASE STREET LIGHT CONTROL PANEL | 1 Pcs. |
| 21 | 1 CORE COPPER WIRE ( 1 sqmm) | 1 mtr. | 51 | TUBE LIGHT 20W | 1 Pcs. |
| 22 | 2 CORE ALUMINIUM WIRE ( 2.5 sqmm) | 1 mtr. | 52 | LED BULB 9W | 1 Pcs. |
| 23 | 2 CORE ALUMINIUM WIRE (6 sqmm) | 1 mtr. | 53 | SLIDE WRENCH | 1 Pcs. |
| 24 | 2 CORE ALUMINIUM WIRE (10sqmm) | 1 mtr. | 54 | Solar based street light With sensor and inbuilt Battery solar light set (All in one) 70 W | 1 Pcs. |
| 25 | SWITCH (6 AMP) WITH GANG BOX | 1 Pcs. | 55 | Solar based street light With sensor and inbuilt Battery solar light set (All in one) 120 W | 1 Pcs. |
| 26 | PVC TAPE | 1 Pcs. | 56 | LED Steet Light 150 W | 1 Pcs. |
| 27 | ROPE LIGHT | 01 mtr. | 57 | LDR SENSOR Based LED Street light 150 W | 1 Pcs. |
| 28 | ROPE LIGHT CONNECTOR | 01 Pcs. | 58 | LED PCB 150W | 1 Pcs. |
| 29 | HAND GLOVES(ELECTRICAL WORK) | 01 Pcs. | | | |
| 30 | SAFETY SHOE FOR ELECTRICIAN | 01 Pcs. | | | |


NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 375198 District (25-26)_D

# तनाव के बीच भारतीय निर्यातकों की मदद के लिए सरकार कर रही उपाय

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण व्यापार में आ रही व्यवधानों को देखते हुए सरकार भारतीय निर्यातकों की मदद के लिए कुछ उपायों पर काम कर रही है। यह जानकारी सोमवार को वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने दी। वाणिज्य सचिव ने कहा कि सरकार द्वारा तैयार किए जा रहे इन कदमों की घोषणा इसी सप्ताह के अंत तक की जा सकती है। राजेश अग्रवाल ने कहा, "क्षेत्र में चल रहे तनाव का असर भारत के निर्यात पर पड़ सकता है। साथ ही उन देशों से होने वाले आयात पर भी इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक समस्याओं के कारण व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जबकि एयर कार्गो सेवाओं में भी कुछ समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा, "जहाजों की आवाजाही में खास तौर पर लॉजिस्टिक चुनौतियां हैं और एयर कार्गो भी कुछ समस्याओं का सामना कर रहे हैं। अगर भारत के उस क्षेत्र में होने वाले निर्यात को देखें तो वह प्रभावित होगा, लेकिन वहां से होने वाले आयात पर भी असर पड़ेगा। अग्रवाल ने बताया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही है ताकि व्यापार पर पड़ने वाले असर को कम किया जा सके। स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) के तहत एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है। यह समूह निर्यातकों की समस्याओं पर बारीकी से नजर रख रहा है और उनके समाधान के लिए काम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि यह समूह रोज सुबह 10 बजे बैठक करता है, जिसमें प्रभावित क्षेत्रों में सामान भेजने वाले निर्यातकों को आ रही चुनौतियों की समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य व्यापारियों से फीडबैक लेना और उनकी समस्याओं का जल्द समाधान ढूंढना है। वाणिज्य सचिव ने यह भी कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत का कुल निर्यात बढ़ सकता है, लेकिन पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण देश अपनी पूरी निर्यात क्षमता हासिल नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा, "कुल निर्यात के आंकड़े पिछले साल से बेहतर हो सकते हैं, लेकिन अगर ये बाधाएं न होतीं तो हम इससे भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। अग्रवाल ने कहा कि सरकार अन्य देशों के बाजारों में निर्यात बढ़ाने की कोशिश करेगी ताकि पश्चिम एशिया में व्यापार में आई कमी की भरपाई की जा सके। उन्होंने कहा, "उस क्षेत्र में जो निर्यात कम होगा, उसकी भरपाई हम अन्य बाजारों में निर्यात बढ़ाकर करने की कोशिश करेंगे।

## भारत की सर्कुलर पैकेजिंग को बढ़ावा, 17 रीसाइक्ल्ड पीईटी प्लांट्स को एफएसएसएआई की मंजूरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 17 रीसाइक्ल्ड पीईटी (आर पीईटी) निर्माण संयंत्रों को अंतिम मंजूरी दे दी है। उद्योग संगठन पीईटी रीसायकलर्स संघ, भारत (एपीआर भारत) ने सोमवार को इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारत की पैकेजिंग आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी। एपीआर भारत के अनुसार, सरकार के इस फैसले से हर साल करीब 3 लाख टन फूड-ग्रेड आर पीईटी उत्पादन क्षमता उपलब्ध होगी। इससे 2026-27 तक पैकेजिंग में 40 प्रतिशत रीसाइक्ल्ड सामग्री के उपयोग के सरकारी लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। संस्था ने बताया कि इन मंजूरियों के बाद एफएसएसएआई से अधिकृत संयंत्र मिलकर हर साल लगभग 3 लाख मीट्रिक टन आर पीईटी का उत्पादन कर सकेंगे, जिसका उपयोग देश के पेय पदार्थ और बोतलिंग उद्योग में खाद्य-संपर्क पैकेजिंग के लिए किया जाएगा।

## भारत में थोक महंगाई दर फरवरी में 2.13 प्रतिशत रही

**एजेंसी । नई दिल्ली**

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 प्रतिशत हो गई है। इसके बढ़ने की वजह खाद्य और गैर-खाद्य उत्पादों की कीमतों में इजाफा होना है। यह जानकारी सरकार की ओर से सोमवार को दी गई। थोक महंगाई दर जनवरी में 1.81 प्रतिशत और पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 2.45 प्रतिशत था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया, "फरवरी 2026 में महंगाई के सकारात्मक रहने की वजह मैन्युफैक्चरिंग, मैन्युफैक्चर ऑफ बेसिक मेटल, गैर-खाद्य उत्पादों, खाद्य उत्पादों और टेक्सटाइल की कीमतों में वृद्धि होना है। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में खाद्य उत्पादों में थोक महंगाई दर 2.19 प्रतिशत रही है, जो कि पिछले महीने 1.55 प्रतिशत थी। सब्जियों में थोक महंगाई दर फरवरी में कम होकर 4.73 प्रतिशत रह गई है, जो कि जनवरी में 6.78 प्रतिशत थी। हालांकि, दालों, आलू, अंडे, मांस और मछली की थोक महंगाई दर में फरवरी में पिछले महीने की तुलना में वृद्धि देखी गई। मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों में फरवरी में थोक महंगाई दर पिछले महीने के 2.86 प्रतिशत से बढ़कर 2.92 प्रतिशत हो गई। गैर-खाद्य पदार्थों की श्रेणी में महंगाई दर जनवरी के 7.58 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 8.80 प्रतिशत हो गई। फ्यूल और पावर बास्केट में थोक महंगाई सालाना आधार नकारात्मक बनी हुई है। फरवरी में यह -3.78 प्रतिशत थी, जो कि जनवरी में -4.01 प्रतिशत थी।

## त्रिपुरा के वित्त मंत्री ने 34,212 करोड़ रुपये का टैक्स-फ्री बजट पेश किया 240.72 करोड़ का घाटा अनुमान

**एजेंसी । अगरतला**



त्रिपुरा के वित्त मंत्री प्रणजीत सिंघा रॉय ने सोमवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 34,212.31 करोड़ रुपये का टैक्स-फ्री घाटे का बजट विधानसभा में पेश किया। इस बजट में 240.72 करोड़ रुपये का राजकोषीय घाटा अनुमानित है। बजट में बुनियादी ढांचे के विकास, निवेश को बढ़ावा, रोजगार सृजन तथा स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। यह बजट 2025-26 के बजट अनुमान की तुलना में 5.52 प्रतिशत अधिक है।

वित्त मंत्री ने बताया कि 2026-27 में राज्य सरकार राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण त्रिपुरा ट्राइबल एरिया ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल (टीटीएडीसी) को कुल 914.82 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.34 प्रतिशत अधिक है। उल्लेखनीय है कि 30 सदस्यीय टीटीएडीसी के चुनाव अप्रैल में होने वाले हैं। करीब दो घंटे के अपने बजट भाषण में रॉय ने कहा कि राज्य सरकार बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, निवेश बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और स्वास्थ्य व पर्यटन क्षेत्र के विकास के जरिए राज्य के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए सक्रिय कदम उठा रही है।

उन्होंने त्रिपुरा गवर्नमेंट टेक्निकल यूनिवर्सिटी, त्रिपुरा गवर्नमेंट विमेंस यूनिवर्सिटी और त्रिपुरा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज की स्थापना की घोषणा भी की।

## भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत का निर्यात मजबूत : फियो

**नई दिल्ली ।** वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, सप्लाई चेन में बाधाओं और बढ़ते भूराजनीतिक तनाव के बावजूद भारत का निर्यात क्षेत्र मजबूत बना हुआ है। यह जानकारी सोमवार को फियो यानी फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशंस (एफआईईओ) ने दी। उद्योग संगठन ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत का कुल निर्यात सालाना आधार पर लगभग 11 प्रतिशत बढ़कर 76.13 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि, फरवरी 2026 में मर्चेंडाइज (माल) निर्यात में हल्की गिरावट देखने को मिली और यह 0.81 प्रतिशत घटकर 36.61 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान मर्चेंडाइज आयात में 24.11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो बढ़कर 63.71 अरब डॉलर हो गया। इसके कारण फरवरी में व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर रहा, जो जनवरी 2026 की तुलना में थोड़ा कम है।

## इंडिया पोस्ट 17 मार्च से शुरू करेगा '24 स्पीड पोस्ट' सेवा, 24 घंटे में मिलेगी डिलीवरी

**नई दिल्ली ।** इंडिया पोस्ट जल्द ही एक नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत पार्सल और कंसाइनमेंट को 24 घंटे के भीतर पहुंचाया जाएगा। सरकार ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। संचार मंत्रालय ने बताया कि डाक विभाग यानी डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट्स (डीओपी) मंगलवार 17 मार्च को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जरूरी और समयबद्ध पार्सल की अगले दिन गारंटी के साथ डिलीवरी करना है। इस सेवा का शुभारंभ केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी करेंगे। कार्यक्रम आकाशवाणी भवन के रंग भवन ऑडिटोरियम में दोपहर 12:30 बजे आयोजित होगा, जिसमें डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट्स के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।





## उतार-चढ़ाव के बावजूद फरवरी में रिटेल एसआईपी निवेश में लगभग 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई

**नई दिल्ली ।** शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद म्यूचुअल फंड में रिटेल निवेशकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2026 में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश लगभग 14.79 प्रतिशत बढ़ा है, जो फरवरी 2025 की तुलना में करीब 14.79 प्रतिशत ज्यादा है। आईसीआरए एनालिटिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 में एसआईपी के जरिए निवेश बढ़कर 29,845 करोड़ रुपए हो गया, जबकि एक साल पहले यह 25,999 करोड़ रुपए था। हालांकि महीने-दर-महीने आधार पर जनवरी 2026 के 31,002 करोड़ रुपए की तुलना में इसमें 3.73 प्रतिशत की हल्की गिरावट देखी गई।



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

**-शूद्धि पत्र-**

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - 04/ 2025-26 GR. No. 01, Gr No. 02 and GR No. 03 निविदा प्रकाशन किया गया है, जिसका PR No. 374823 है। वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि दिनांक 18.03.2026 था, जिसे अपरिहार्य कारण वश उक्त निविदा को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
पलामू

PR 375262 Rural Development (25-26)_D

### कार्यालय, जिला परिषद, लातेहार

पत्रांकः– दिनांकः–

**सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 249 दिनांक 26.02.2026 के द्वारा प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत बस पड़ाव चन्दवा में नवनिर्मित जिला परिषदीय दूकान को स्थानीय जरूरतमंद नागरिकों को **eAuction** के माध्यम से आवंटित करने हेतु दिनांक 12.03.2026 तक आवेदन पत्र समर्पित करने की तिथि निर्धारित थी जिसका PR No 373771 Rural Development (25-26) D है। जिसे सं ोधित करते हुए आवेदन पत्र समर्पित करने की तिथि दिनांक 25.03.2026 तक की जाती है साथ ही **eAuction** दिनांक 28.03.2026 को सम्पन्न किया जाएगा।

शेष शर्ते यथावत होगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR.NO.375266 Rural Development(25-26):D

### झारखण्ड सरकार
### वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
**न्यायालय :– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वाहन एवं वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है, जिसमें संबंधित पक्ष को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए सुनवाई की तिथि 28.03.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की गई है। अतः उक्त निर्धारित तिथि को ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वाहन एवं वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वाहन एवं वन पदार्थ | अभियुक्तों का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 11/2026 | (1) महिन्द्रा पिकअप, निबंधन संख्या–CG12E0684, रंग–सफेद एवं (2) सेमल बोटा कुल–8 पीस (5 फीट 5 इंच X 5 फीट–1 पीस; 5 फीट 6 इंच X 5 फीट 2 इंच–1 पीस; 5 फीट 5 इंच X 2 फीट 2 इंच–2 पीस; 5 फीट X 2 फीट 3 इंच–2 पीस; 5 फीट 4 इंच X 3 फीट–1 पीस एवं 2 फीट 5 इंच X 2 फीट 3 इंच–1 पीस) | अज्ञात | |

PR 375254 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)#D

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला योजना अनावद्ध निधि से चतरा जिलान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/14/2025-26**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप० सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | चतरा नगर अंतर्गत रेलवे आरक्षण टिकट काउण्टर का मरम्मति कार्य। | 15,40,100.00 | 31,000.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |
| 2 | लावालौंग | लावालौंग में अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में क्षतिग्रस्त चाहरदीवारी का निर्माण एवं कंटीले तार लगाने का कार्य। | 9,85,000.00 | 19,700.00 | 1250.00 | 03 माह | एकल |
| 3 | कान्हाचट्टी | पंचायत/ग्राम राजपुर पंचायत सचिवालय के पहुँच पथ का निर्माण। | 22,85,100.00 | 45,800.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **24.03.2026**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–**24.03.2026** से दिनांक–**02.04.2026** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **04.04.2026** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 375192 Rural Development(25-26)#D

### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा, (झा0गृ0र0वा0)

**अति आवश्यक सूचना**

**अति अल्पकालीन पुनः निविदा आमंत्रण सूचना**

चतरा जिला अन्तर्गत गृह रक्षकों के नव–नामांकन के शारीरिक जाँच में R.F.I.D के माध्यम से दौड़ कराने का निर्णय लिया गया है। जिसकी निविदा भरने की तिथि दिनांक–28.02.2026 से दिनांक–15.03.2026 तक निर्धारित था। और दिनांक–16.03.2026 को निविदा खुलने का तिथि निर्धारित था। जिसमें मात्र 02 (दो) ऐजेन्सियों के द्वारा ही निविदा में भाग लिया, जिसके कारण से निविदा को रद्द किया जाता है।

अतः दिनांक–18.03.2026 से दिनांक–24.03.2026 के अपराह्न 02:00 बजे तक अति अल्पकालीन पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नाम
   :– उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, चतरा।
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय
   :– दिनांक–18.03.2026 के कार्यालय अवधि से दिनांक–24.03.2026 अपराह्न 02:00 बजे तक।
3. निविदा जमा करने का स्थान
   :– जिला समादेश्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।
4. निविदा खुलने का स्थान, तिथि एवं समय
   :– समाहरणालय, सभा कक्ष चतरा।
   दिनांक–24.03.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न

**निविदा की शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे देखा जा सकता है।**

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
गृह रक्षक नव–नामांकन समिति,
चतरा

PR 375257 Home, Prison And Disaster Management(25-26)#D

### समाहरणालय, गढ़वा
### (सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
**कार्यालय :– जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा**
**Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com**

**बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार**

**आम सूचना**



नाम : शिवांस (काल्पनिक)
लिंग : पु0
माता का नाम : अज्ञात
पिता का नाम : अज्ञात
उम्र : 09 माह 09 दिन (लगभग)
वजन : 8.500 कि0ग्रा0
बालिका का रंग : सावला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक गढ़वा जिला के नगर निगम अंतर्गत श्री साई हॉस्पिटल, टंण्डवा के झाड़ी से प्राप्त हुई है। उक्त बालक बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, देवघर में संरक्षित है।

बालक के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा में सम्पर्क कर बालिका से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालिका से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका–2022 के नियम–6 के उपनियम–13 के अंतर्गत उक्त शिशु को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित कर दिया जाएगा।

कार्यालय पताः– जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।


सम्पर्क नम्बर :– 7870520029, 6200118854, 8271440076, 9313632516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 375253 Women, Child Development & Social Security(25-26)#D

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**



Schedule XLIII- High Court (M) 3TC, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(SPL)
Printed by : Prisoners of L.J.N. Central Jail, Hazaribag, Phone : 06546 - 263408 / 261699 (Fax), E-mail : prisonhzb@gmail.com

नाम– (1) राधेश्याम पासवान, पिता–प्रमोद पासवान, सा0–बड़कागॉव, थाना–अम्बा, जिला–औरंगाबाद (बिहार) आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड सं0–88/2022, दिनांक–19.02.2022 धारा–364, 120बी, 302, भा0द0वि0 एवं आर्म्स एक्ट एवं परिवर्तित धारा–392, 302, 411, 120बी, भा0द0वि0 एवं 25(1–बी)ए, 26(6), 35, 27, आर्म्स एक्ट के अप्रा0 अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–02.02.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–12.03.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको अविलंब माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 375270 Police (25-26)_D

प्रपत्र VI क

### समाहरणालय गढ़वा
### विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, (शाखा मेदिनीनगर, पलामू),या, उपायुक्त, गढ़वा समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना, अधिनियम 30/2013 की धारा 11 (i) के अधीन**

पत्रांक–71/वि0भू0अ0, दिनांक–12.03.2026

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, गढ़वा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–काचर (ii), थाना–कांडी, थाना नं0–87, अंचल–कांडी, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ उत्तर कोयल परियोजना अन्तर्गत कांडी वितरणी नहर निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (i) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

अतएव सूचित किया जाता है कि ग्राम–काचर (ii), थाना–कांडी, थाना नं0–87, अंचल–कांडी, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त परियोजना के कमोवेश 0.20 एकड़ मानक माप का भूमि जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है अर्जनाधीन है :–

| क्र0सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा रेखा संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 01 | 62 | 364 | रैयती | कृषि | 0.0725 | सुरजी कुवंर, पति स्व0–भुनेश्वर पाल | रास्ता | 260 | 261 | 58/59 |
| 02 | 62 | 364 | रैयती | कृषि | 0.1275 | राम किसुन पाल, पिता–विकाउन | रास्त | 260 | 261 | 58/59 |
| | | | | कुल योग :– | 0.20 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0 30/2013), की धारा–11 (i) के उपबंधो के अधीन सभी ग्राम–काचर (ii) व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता सह समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए भूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू और संबंधित कर्मचारी तथा अधियाची पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिदिश्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा/अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत प्रभार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–, मापक, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू
ह0/– , प्रभारी कानूनगो, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू
ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू
ह0/– अपर समाहर्त्ता, गढ़वा
ह0/– उपायुक्त, गढ़वा

PR 375287 Land Reforms(25-26)#D

## आज नगर परिषद के उपाध्यक्ष का चुनाव

**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा के उपाध्यक्ष पद के लिए बैठक एवं चुनाव 17 मार्च 2026 को होंगे। इसके लिए जितेंद्र मुंडा, अपर समाहर्ता लोहरदगा को निर्वाची पदाधिकारी होंगे। सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में बीडीओ किस्को और अंचल अधिकारी किस्को होंगे। बैठक 17 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 10.40 बजे से समाहरणालय सभाकक्ष में होगी। उपाध्यक्ष पद के लिए इच्छुक प्रत्याशियों द्वारा मध्याह्न 12 बजे से अपराह्न 12.30 बजे तक किया जाएगा। अपराह्न 12.35 बजे से अपराह्न 1.05 बजे तक नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। अपराह्न 1.10 बजे से 1.40 बजे तक विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी। इच्छुक प्रत्याशियों के पास अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने के लिए अपराह्न 1.40 बजे से 1.55 तक समय निर्धारित किया गया है।

### लवकुश महासभा ने किया नगर परिषद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन

# नप अध्यक्ष अनिल ने कहा-शपथ के बाद शुरू होगा विकास कार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के हटिया गार्डन स्थित लवकुश कार्यालय में सोमवार शाम जिला लवकुश महासभा के नेतृत्व में नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल उरांव, वार्ड पार्षद किशुन महतो और वार्ड पार्षद संगीता देवी का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर लवकुश महासभा के पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया। साथ ही उन्हें भगवान लव-कुश और भगवान बुद्ध की स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रकट किया गया। अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि लवकुश महासभा द्वारा दिया गया यह सम्मान उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि शहर की जनता और उनके विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि अब भाषण देने का समय नहीं बल्कि काम करने का समय है। चुनाव के दौरान जनता से जो वादे किए गए थे, उन्हें पूरा करने के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कल शपथ लेने के बाद शहर के विकास और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य शुरू किया जाएगा। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लोहरदगा शहर के प्रमुख स्थानों और गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई जाएगी, ताकि आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके। इसके अलावा बढ़ती गर्मी को देखते हुए शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्राथमिकता के आधार पर पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के माध्यम से शहर की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाते हुए विकास कार्यों को गति दी जाएगी। जिला लवकुश महासभा के अध्यक्ष शैलेश कुमार महतो ने अपने संबोधन में कहा कि लवकुश महासभा हमेशा समाज के उत्थान, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब शिक्षा, संगठन और जागरूकता को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा जताई कि वे शहर के विकास के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखते हुए जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। कार्यक्रम के अंत में नंदलाल महतो ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### पंचायत कर गोइठ कार्यक्रम में डीसी ने मुखियाजनों से की बात, की अपील

# धान की खेती की अभी से बनाएं योजना

- आगामी पर्व-त्यौहारों में पेश करें आपसी सौहार्द्र की मिसाल
- डायन प्रथा/बाल विवाह/घरेलू हिंसा की त्वरित दें सूचना



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन की ओर आज पंचाइत कर गोइठ कार्यक्रम (27वां) उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सभी मुखियाजनों से उपायुक्त ने विभिन्न बिंदुओं पर बातचीत की व आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्यौहारों में भी अपने-अपने पंचायतों में आपसी सौहार्द्र की मिसाल प्रस्तुत करें। यहां सभी धर्मों के लोग रहते हैं और सभी अपना-अपना त्यौहार मनाते हैं। ऐसे में हम सभी की जिम्मेवारी है कि एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें। उनकी खुशियों में शामिल हों। उपायुक्त ने कहा कि अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में सभी मुखिया व वार्ड सदस्य नजर बनाये रखेंगे। कहीं भी किसी अप्रिय घटना की शंका होने व किसी प्रकार की सूचना मिलने पर त्वरित जिला प्रशासन को सूचित करेंगे। छोटी घटना पर भी तुरंग संज्ञान लें।कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी मुखियाजन उपस्थित थे।

**अफीम की खेती गैरकानूनी, होगी सख्त कार्रवाई**

उपायुक्त ने कहा कि अफीम की खेती गैरकानूनी है। अगर कोई इसकी खेती करते हुए पाए जाते हैं तो सख्त कार्रवाई होगी। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर लोगों को नशामुक्ति के लिए जागरूक किया जाता है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों नशामुक्ति के लिए जागरूक करें। आज सरकार कृषि के क्षेत्र में स्वावलंबी बनने के लिए कई तरह की योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। आप इन योजनाओं का लाभ कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में ले सकते हैं।

उपायुक्त ने कहा कि जो किसान आगामी खरीफ फसल में बीज लेना चाहते हैं तो वैसे किसान अभी से योजनाएं बना लें। अपने पंचायत के लैंप्स व पैक्स की टीम के साथ किसानों का बैठक करायें और धान, मडुआ, अरहर की फसल का चयन करने में उनका सहयोग करें। उपायुक्त ने कहा कि जिन किसानों के पास अभी भी धान है और वे अपना धान सरकार के पास बेचना चाहते हैं। वैसे किसान अपने क्षेत्र में नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र में जाकर अपना धान दें। धान का मूल्य उनके बैंक खाते में भेज दिया जाएगा।

**बाल विवाह अपराध**

उपायुक्त ने कहा कि आज भी बाल विवाह और डायन प्रथा के मामले सुनने को मिलते हैं। घेरलु हिंसा की बातें भी सामने आती हैं। यह अपराध हैं। हम सभी को मिलकर इन कुप्रथाओं के उन्मूलन की आवश्यकता है। ऐसे मामलों के संज्ञान में आने पर जिला प्रशासन तुरंत सूचित करें। उपायुक्त ने छूटे हुए गांवों के लोगों को फाइलेरिया व कृमिनाशक की खुराक लेने हेतु प्रेरित करने का निर्देश मुखियाजनों को दिया। साथ ही, सभी मुखिया को अपने-अपने क्षेत्र में खराब चापाकल व जल मीनारों की सूची उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया ताकि उन्हें ठीक कराया जा सके। जल्द ही जिला प्रशासन के होमी जहांगीर भाभा संस्थान में जेईई व नीट के लिए लाईव सेशन आयोजित होंगे जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है।

# आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं ईद और सरहुल : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू।** आगामी ईद और सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार 16 मार्च को कुडू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी व विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक में दोनों पर्वों को आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ संतोष उरांव ने कहा कि कुडू क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता है। ईद और सरहुल जैसे पर्व सभी समुदायों को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्व के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखें तथा किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। वहीं थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर प्रेम और भाईचारे के साथ पर्व मनाएं, ताकि क्षेत्र में शांति और सद्भाव का माहौल कायम रहे। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात भी कही।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं आम लोगों ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में दोनों पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा।

# बाल विवाह और डायन कुप्रथा के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पेशरार में झालसा राँची के निर्देशानुसार डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बाल विवाह रोक थाम और डायन बिसाही, भ्रूण हत्या और नशापान जैसे कुरीतियो और बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। उसी निमित पीएलवी पुनु देवी और प्रियांशु यादव तथा श्रीमति कुमारी के द्वारा पीएम श्री कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा और झारखंड बालिका आवसीय विद्यालय पेशरार से संयुक्त रूप से विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिका और छात्राओं को कम उम्र में विवाह नही करने के उद्देश्य को बताते हुए बाल विवाह रोक थाम के साथ डायन बिसाही, नशापान, भ्रूण हत्या जैसे अनेकों समाजिक बुराइयों के विरुद्ध विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाते हुए शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनों को जागरूक करने के लिये शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील गया। इस संदर्भ में बताते हुए कहा गया। कम उम्र में शादी विवाह करना कानून अपराध है। सरकार द्वारा निर्धारित उम्र से पहले माता पिता अपने लड़के लड़कियों का विवाह करते हैं। तो उन्हें आर्थिक दंड के साथ जेल की सजा हो सकती है। जेल और आर्थिक दंड दोनों सजा एक साथ हो सकती है। सभी लोगों को पढ़ाई लिखाई कर भविष्य को संवारने का पूर्ण अधिकार है।साथ ही बताया गया कि कम उम्र में विवाह करने से लड़के-लड़कियां जल्द ही माता पिता बन जाते हैं। जिसे उनको काफी परेशानी काफी होती है। खास कर कम उम्र में विवाह करने से अधिकांश लड़कियों को शारीरक मानसिक तनाव के साथ घर की जिम्मेदारी बढ़ती है। जिसे वे भविष्य में अत्यअधिक परेशान रहती है। सरकार द्वारा लड़कों के लिये 20 वर्ष और लड़कियों के 18 वर्ष विवाह के लिए उम्र सीमा निर्धारित किया गया है। वही छात्राओं को पद्धि लिखाई कर भविष्य संवारने के लिये अपील गया। बताया गया कि पढ़ाई लिखाई कर भविष्य को संवारने के बाद शादी विवाह करने से जीवन खुशहाल होगा। शिक्षित और जागरूक होने से और सभी के सहयोग से बाल विवाह, भ्रूण हत्या, नशापान और डायन बिसाही कुप्रथा जैसे गलत कार्यो में कमी आयेगी। मौके पर वार्डन प्रेमदनी कुजूर और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सुरजमुनी कुमारी, एस्तेर आकृति कुजुर, मनीता कुमारी, खुशबू कुमारी, आकृति उरांव, आरती कुमारी, कुसुम उरांव, महिमा टोप्पो, रोही मिंज, चंद्रमा कुमारी समेत अन्य सभी छात्राएं उपस्थित थे।

## मसमानो में पारिवारिक विवाद से परेशान युवक ने खाया जहर

**लोहरदगा।** जिला के भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में सोमवार दोपहर 1:30 बजे पारिवारिक विवाद से परेशान होकर एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक की पहचान मसमानो गांव निवासी जगमोहन साहू के 20 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। समय पर इलाज मिलने के कारण उसकी जान बच गई और फिलहाल उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पवन कुमार को उसकी मां द्वारा अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर डांट-फटकार और कहासुनी का सामना करना पड़ता था। बताया जा रहा है कि इसी बात से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

## भूमि विवाद में मारपीट मामले के दो आरोपी भेजे गए जेल

**कुडू।** भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में कुडू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुंदगड़ा निवासी दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में आदित्य साव पिता पदु साव तथा उत्तम कुमार सोनी पिता आदित्य साव शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों पर मारपीट की घटना में शामिल होने का आरोप है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सेन्हा सीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक

# आईएचआईपी पोर्टल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले उपकेंद्रों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सोमवार को लोहरदगा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में सेन्हा प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईडीएसपी (इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम) के तहत इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन प्लेटफॉर्म (आईएचआईपी) पर बीमारियों की नियमित रिपोर्टिंग और उसकी महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन प्लेटफॉर्म केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन संचालित होता है। इसके माध्यम से जिले में फैलने वाली विभिन्न बीमारियों की निगरानी की जाती है। एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी तथा बहुउद्देशीय कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन भ्रमण कर बीमारियों से संबंधित जानकारी आईडीएसपी पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम को टैब भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे समय पर और सटीक रिपोर्टिंग सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि यदि किसी क्षेत्र में किसी एक बीमारी के पांच से अधिक मरीज मिलते हैं, तो उसे आउटब्रेक की श्रेणी में चिन्हित कर जिला स्तर पर दर्ज किया जाता है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उस क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाते हैं।

इस अवसर पर जिला सर्विलेंस कार्यालय लोहरदगा की ओर से वर्ष 2025 में आईएचआईपी पोर्टल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों को प्रोत्साहित किया गया। इसमें स्वास्थ्य उपकेंद्र बदला को प्रथम, स्वास्थ्य उपकेंद्र इक्कागुड्डी को द्वितीय तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र उगरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन उपकेंद्रों ने आईएचआईपी पोर्टल पर सर्वाधिक और नियमित रिपोर्टिंग कर बेहतर कार्य किया है। साथ ही पी-फॉर्म रिपोर्टिंग में बेहतर कार्य करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा तथा एल-फॉर्म रिपोर्टिंग में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह जिला सर्विलांस पदाधिकारी लोहरदगा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नाजिश अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सेन्हा डॉ. संजीत आनंद, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रशांत चौहान, जिला डाटा प्रबंधक आईडीएसपी राकेश भूषण, जिला डाटा एंट्री ऑपरेटर आईडीएसपी विमलेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता अनुज कुमार सिन्हा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### कार्यक्रम | पीएमश्री विद्यालयों के जिला स्तरीय अंतर विद्यालय हैकाथोन प्रतियोगिता आयोजित, बोले डीईओ

# सभी विद्यालयों में स्कूल इनोवेशन काउंसिल का गठन किया जाए




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पीएमश्री विद्यालयों के अंतर विद्यालय जिला स्तरीय हैकाथोन गतिविधियों के प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया, हिन्दू, लोहरदगा में किया गया। पीएमश्री विद्यालयों के अंतर विद्यालय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन डीईओ, दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर और जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा अभिजीत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला स्तरीय पीएमश्री विद्यालयों के बीच दो समूह यथा कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 समूह (कक्षा 9 से 10 और कक्षा 11 से 12) के बीच थीम आधारित हैकाथोन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 9 से 12 का थीम- पलायन, सूखा रहित खेती और जीरो ड्रॉप आउट तथा 6 से 8 के लिए थीम- मेरे सपनों का गांव, स्थानीय विरासत एवं संस्कृति का बचाव एवं साहित्यिक सुगमता और समावेशिता है। उक्त का विषय प्रवेश एपीओ सह प्रभाग प्रभारी एमलीन सुरीन द्वारा कराया गया।

डीईओ, लोहरदगा ने कहा कि हैकाथोन आमतौर पर एक विशिष्ट समस्या या चुनौती पर केंद्रित होता है। इसका उद्देश्य एक निश्चित समय सीमा के भीतर उस समस्या का समाधान निकालना होता है। समस्या या चुनौती को आमतौर पर हैकाथोन के आयोजकों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है और प्रतिभागियों को उस समस्या का समाधान निकालने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। डीईओ ने बताया कि स्कूल इनोवेशन कॉउंसिल के माध्यम से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा और उनके सृजनता को आगे बढ़ाया जा सकता है। सभी पीएमश्री विद्यालयों में स्कूल इनोवेशन कॉउंसिल का गठन किया जाय। डीएसई, लोहरदगा ने कहा कि हैकाथोन में समस्या या चुनौती को प्रस्तुत करने का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रेरित करना और उन्हें रचनात्मक समाधान निकालने के लिए प्रोत्साहित करना होता है। निश्चल मिंज, रामजतन राम, अनुपमा कंचन और मुकेश बधाणी ने प्रतिभागियों के प्रतिभा का मूल्यांकन में अपनी भूमिका और आवश्यक सहयोग दिया। कक्षा 6 से 8 समूह में प्रथम- पीएमश्री राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुजरा,लोहरदगा, द्वितीय- पीएमश्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय, नावाडीपाड़ा, लोहरदगा एवं तृतीय- पीएमश्री राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चितरी डान्डू, सेन्हा। वही कक्षा 9 से 10 समूह में प्रथम- पीएमश्री केजीबिभी, सेन्हा, द्वितीय- पीएमश्री राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा व तृतीय-पीएमश्री राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चितरी डान्डू, सेन्हा। कक्षा 11 से 12 समूह में प्रथम- पीएमश्री केजीबिभी, किस्को, द्वितीय- पीएमश्री केजीबिभी, सेन्हा एवं तृतीय- पीएमश्री +2 राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बिटपी, भंडरा रहा। उपरोक्त सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मंच एवं कार्यक्रम का संचालन जीतेन्द्र मित्तल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रबंधक, जेईपी, आकाश कुमार, जिला के सभी नौ पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रतिभागी छात्र छात्राएं, शिक्षकगण समेत सीआरपी दीनबंधु डे और सुशील रजक आदि अन्य उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## रामनवमी, सरहुल व ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**भंडरा।** थाना परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी त्योहार के विधि-व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में रामनवमी, प्रकृति पर्व सरहुल व ईद त्योहार को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों व पंचायत से पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों द्वारा विधि व्यवस्था को लेकर सुझाव साझा किया गया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भंडरा प्रखंड की पहचान आपसी एकता और भाईचारगी के रूप में होती है। इसे हम सभी को मिलकर बरकरार रखना है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में सभी धर्म के लोग एक दूसरे के त्योहार मिलजुल कर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान कोई शरारती तत्वों द्वारा आपसी सौहार्द खराब करने का प्रयास किया जाता है, तो वैसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने रामनवमी और सरहुल के लाइसेंस धारकों से जानकारी लेते हुए मेला में विधि-व्यवस्था को लेकर कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। साथ ही लाइसेंस से संबंधित जानकारी लेते हुए नगर भ्रमण, रूट चार्ट, मेला आयोजन संबंधित बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करने की बात कही गई। थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि पुलिस प्रशासन त्योहारों को लेकर पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल की तैनाती की जाएगी और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। सभी लाइसेंसधारी तय नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना को दें। मौके पर धनेश्वरी उरांव, परमेश्वर महली, कैली उरांव, सुमंती तिग्गा, उमेश साहू, राजकिशोर नाथ शाहदेव, मुकेश कुमार, मुमताज अंसारी, शशिकांत उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## संसद घेराव कार्यक्रम दिल्ली में शामिल हुए कांग्रेस प्रदेश महासचिव विशाल डुंगडुंग



**लोहरदगा।** भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा दिल्ली में आयोजित इंडो यू एस ट्रेड बिल के विरोध में संसद घेराव कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव विशाल डुंगडुंग शामिल हुए, इस मौके पर उन्होंने कहा कि इंडो-यूएस ट्रेड बिल हमारे देश के किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए हानिकारक है। यह बिल हमारे देश की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को खतरे में डाल रहा है ,इस बिल के अनुसार, भारत में अमेरिकी डेयरी और कृषि उत्पादों पर टैरिफ नहीं लगाया जाएगा, जबकि भारत के उत्पादों पर अमेरिका में 18 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा। इससे हमारे किसानों को भारी नुकसान होगा और अमेरिकी उत्पाद हमारे बाजार में सस्ते हो जाएंगे यह केवल व्यापार का मुद्दा नहीं है, यह देश की आर्थिक संप्रभुता का भी प्रश्न है। जब किसी दूसरे देश के साथ व्यापारिक समझौते किए जाते हैं, तो हमें यह देखना चाहिए कि क्या इससे हमारे देश के लोगों को लाभ होगा या नहीं। अगर इससे केवल बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को फायदा होता है और हमारे देश के मेहनतकश लोगों को नुकसान, तो ऐसे समझौतों का विरोध होना ही चाहिए।भारत के छोटे उद्योग और लघु व्यवसाय देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। लाखों युवाओं को रोजगार इन्हीं उद्योगों से मिलता है। लेकिन अगर विदेशी कंपनियां बड़े पैमाने पर बाजार पर कब्जा कर लेंगी, तो हमारे छोटे उद्योग बंद होने लगेंगे और बेरोजगारी बढ़ेगी। मांग है कि इस बिल को तुरंत रद्द किया जाए।

## सीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन, लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील

**भंडरा।** जिले में रक्त की कमी से किसी मरीज की जान नहीं जाने दिया जाए। इसी उद्देश्य से सोमवार को सीएचसी भंडरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने फीता काटकर किया। इस दौरान बीडीओ ने आयोजित शिविर में सबसे पहले रक्तदान करने पहुंचे भंडरा के बैजू साहू व भंडरा थाना के जवान को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान भंडरा थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने भी रक्तदान कर लोगों को रक्तदान-महादान के स्लोगन के प्रति प्रोत्साहित करते नजर आएं। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि रक्तदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। हमारे जिले में रक्त की कमी के कारण किसी भी मरीज की जान नहीं जानी चाहिए, और इसी संकल्प के साथ शिविर का आयोजन किया गया है। जब हम रक्तदान करते हैं, तो हम न केवल किसी अनजान व्यक्ति को जीवनदान देते हैं, बल्कि समाज में एकजुटता का संदेश भी फैलाते हैं। मैं स्वयं भी इस नेक कार्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। मेरा आप सभी से विशेषकर युवाओं से आग्रह है कि रक्तदान-महादान के स्लोगन को चरितार्थ करें और अधिक से अधिक संख्या में आगे आएं।

## हिंदू नववर्ष को भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के कुजरा पंचायत अंतर्गत हेंदलासो गाँव में जय श्रीराम समिति की बैठक पंचायत अध्यक्ष लाल सूरज नाथ सहदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले से विक्रम संवत् नववर्ष के मुख्य प्रभारी लक्ष्मी नारायण भगत, सह प्रभारी बजरंग करवा तथा कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से हिंदू नववर्ष को भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई। इस दौरान मुख्य प्रभारी लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयास से सनातन समाज की एकता एक मिसाल बनेगी। उन्होंने बताया कि आगामी 19 मार्च को ललित नारायण स्टेडियम से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सनातन की शक्ति और संस्कृति को मजबूत करने के लिए जय श्रीराम समिति के माध्यम से घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपील की गई कि वे पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र, ढोल-नगाड़े और पारंपरिक वेशभूषा के साथ शोभा यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाएं। पंचायत अध्यक्ष लाल सूरज नाथ सहदेव ने कहा कि हम सभी अपने दैनिक कार्यों को विराम देकर हिंदू नववर्ष को पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाएंगे।

## स्वास्थ्य विभाग ने सभी एएनएम को दिया टैब

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में उपाधीक्षक डॉक्टर शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकार डॉ संजीत आनंद और प्रखंड क्षेत्र के सभी एएनएम तथा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक आयोजन किया गया।आयोजित बैठक में बताया गया की आईडीएसपी से इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन के माध्यम से सभी जिला में विभिन्न तरह की बीमारियों की रिपोर्टिंग एएनएम,सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं बहुउद्देशीय कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रतिदिन अपने क्षेत्र में फैली बीमारियों की रिपोर्टिंग आईडीएसपी के पोर्टल पर डालना होता है।जो इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन काम करता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से सभी एएनएम को टैब भी दिया गया है। साथ ही कहा गया कि बीमारियों की रिपोर्टिंग के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारी की रोकथाम का इंतजाम किया जाता है।एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों को बताया गया कि किसी एक ही तरह के बीमारी का पांच से अधिक मरीज एक क्षेत्र में मिल जाए तो उसे आउटब्रेक की श्रेणी में जिला द्वारा डाला जाता है। जिससे कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उस क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम के लिए ससमय उपाय करने का प्रयास किया जाता है। वही जिला सर्विलेंस कार्यालय लोहरदगा द्वारा वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र को पुरस्कृत किया गया।

## अधिकारियों के आदेश के बावजूद प्रभार नहीं सौंप रहे पंचायत सचिव

**लोहरदगा।** उपायुक्त लोहरदगा और प्रखंड विकास पदाधिकारी किसको के स्पष्ट आदेश के बावजूद पंचायत सचिव विश्वनाथ प्रजापति द्वारा प्रभार नहीं सौंपा जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले को लेकर 'हमारा अधिकार मंच' के प्रदेश सचिव सह आरटीआई कार्यकर्ता शकील अख्तर ने कड़ा विरोध जताते हुए उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है। शकील अख्तर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उपायुक्त कार्यालय के ज्ञापांक 169 (9 मार्च 2026) के निर्देशानुसार, विश्वनाथ प्रजापति की प्रखंड किसको से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें जिला पंचायत राज कार्यालय में योगदान देने का आदेश दिया गया था। इसी क्रम में बीडीओ किसको ने ज्ञापांक 158 के जरिए उन्हें 9 मार्च को ही विरमित कर दिया था और संबंधित पंचायतों का प्रभार सौंपने का निर्देश दिया था। आरोप है कि आदेश के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पंचायत सचिव ने पाखर, नावाडीह और खरकी पंचायत का प्रभार नहीं सौंपा है।

### ऐतिहासिक रावण दहन मैदान में विराट हिन्दू महासम्मेलन संपन्न

# धर्मांतरण के घिनौने खेल बंद होंगे : शास्त्री जी

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिसई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रावण दहन मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में "विराट हिन्दू महासम्मेलन" का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता परम पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री सुनील शास्त्री जी महाराज अयोध्याधाम उत्तर प्रदेश एवं वक्ता स्वामी अनंतानंद जी महाराज प्रबंधक श्री कृष्णायण गौशाला, हरिद्वार उतराखंड का शुभागमन हुआ। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा, आयकर आयुक्त (भारत सरकार) निशा उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

यह सम्मेलन गुमला जिले की पावन भूमि पर सरना सनातनियों के लिए धार्मिक एवं प्रासंगिक रूप से ऐतिहासिक माना जा रहा है जिसमें वक्ताओं ने समाज को संगठित होकर भारतीय संस्कृति, भाषा, धार्मिक परंपरा, सामाजिक, पारिवारिक रीति रिवाज एवं एकता को अक्षुण्ण बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है जिसपर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई है।

आनेवाला कल भारत का होगा इसलिए भारत के सरना सनातनी को एकजुट होकर रहना होगा। विदेशी ताकतों, षड्यंत्रकारियों को रोकने हेतु देश के हर निवासी को अपने देश धर्म के प्रति समर्पित होकर राष्ट्र का सेवा करना होगा तभी हमारा देश विश्वगुरु बन सकेगा।

आयकर आयुक्त (भारत सरकार) निशा उरांव ने अपने संबोधन में सरना सनातन को एक बताया उन्होंने इसका विश्लेषण करते हुए कहा कि सरना और सनातन दोनों एक ही माँ के संतान हैं क्योंकि दोनों ही प्रकृति पूजक हैं और दोनों ही धर्म के लोग भूमि,प्रकृति,नदियों, पहाड़ों की पूजा आदि अनादि काल से करते आ रहे हैं अपने पूर्वजों की, पितरों की पूजा करते आ रहे हैं तो फिर अलग कहाँ हुए यदि कोई दोनों धर्म को अलग बतलाता है तो वो सिर्फ बरगलाने का काम करता है वैसे लोगों को चिंहित करें समय आने पर उनको मुहतोड़ जवाब दिया जायेगा। आजातशत्रु ऋषि नाथ शाहदेव सहित अन्य वक्ताओं ने धर्मांतरण मतातंत्रण और लव जिहाद पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि झारखंड में विधर्मियों द्वारा चंगाई से चमत्कार करने के नाम पर आदिवासियों का धर्म परिवर्तन किया जा रहा है हिन्दू आदिवासी व दलित बेटियों को लव जिहाद का शिकार बनाया जा रहा है और सरकार इसे रोकने में विफल साबित हो रही है इसलिए हमें ही अपनी बहन बेटियों को बचाने के लिए एकजुट होना होगा धर्म परिवर्तन और लव जिहाद जैसे घिनौने कार्य को रोकना होगा तभी हमारा समाज और हमारी संस्कृति बचेगी। स्वामी अनंतानंद जी महाराज ने बताया कि गौ माता हमारे लिए कितना उपयोगी है ये सभी लोगों को नहीं पता

गाय के दूध से लेकर गौ मूत्र, गोबर सभी एक औषधि है आज गाय के गोबर से सीएनजी गैस का निर्माण किया जा रहा है जिससे हमारे देश में ईंधन की कोई कमी नहीं होगी इसके लिए भारत सरकार ने बीस हजार करोड़ रुपये का कोष जारी किया है।

## न्यूज बॉक्स

### नशे में धुत पति ने पत्नी की लाठी से पीट-पीटकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के भलमंडा अंबाटोली गांव में बीती रात आपसी विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान कलावती देवी (40 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार रात्रि नशे में धुत पति महावीर गोप का किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उसने घर में ही लाठी से बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे कलावती देवी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और आरोपी पति महावीर गोप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लाठी बरामद कर ली है। वहीं शव को कब्जे में लेते हुए कागजी प्रक्रिया के बाद सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला की तीन छोटे-छोटे बच्चे है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्त कार्रवाई, कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



**गुमला।** जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और आम लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के नेतृत्व में गुमला शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत डीएसपी रोड स्थित विशाल भंडार समेत कई अन्य दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों में रखे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, साफ-सफाई की स्थिति, भंडारण व्यवस्था तथा लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। जांच के क्रम में हल्दी, धनिया पाउडर और सूजी के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बताया कि नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खाद्य व्यवसाय संचालकों को निर्देश दिया कि वे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखें, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और बिना लाइसेंस के खाद्य सामग्री का कारोबार न करें। साथ ही आम लोगों से भी अपील की गई कि यदि कहीं मिलावटी या असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री की सूचना मिले तो इसकी जानकारी तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को दें।

### भरनो प्रखंड कार्यालय में मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण को लेकर प्रशिक्षण आयोजित



**भरनो(गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को बीडीओ अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सभी बीएलओ और सुपरवाइजर शामिल हुए।प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने उपस्थित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जल्द ही मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण कार्य शुरू हो सकता है।ऐसे में सभी बीएलओ और सुपरवाइजर अपनी तैयारियां पूरी रखें और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें,ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए।उन्होंने कहा कि बीएलओ एवं सुपरवाइजर मतदाता सूची में दर्ज नामों की सावधानीपूर्वक जांच करें और यदि किसी मतदाता के नाम में अशुद्धि या किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसे समय रहते ठीक किया जाए।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार बिशुनपुर प्रखंड में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर मानवता की सेवा का परिचय दिया। इस दौरान कुल 11 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के उपचार के लिए ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रक्तदान गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होता है और समय पर रक्त उपलब्ध होने से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। शिविर में मौजूद लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया और नागरिकों से अपील की गई कि वे आगे भी इस तरह के शिविरों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर स्वैच्छिक रक्तदान करें।

## माताओं और बेटियों ने भरी उड़ान की हुंकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर:** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के प्रेम नगर स्थित कलाकृति स्किल सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बेहद उत्साहपूर्ण और भव्य तरीके से किया गया। इस अवसर पर न केवल केंद्र के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई, बल्कि उनके माता-पिता ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर महिला सशक्तिकरण के संदेश को मजबूती दी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सतीश सर और रजनी मैम ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा और कौशल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज की बेटियां और माताएं अगर ठान लें, तो समाज की हर बाधा को पार कर सकती हैं। उन्होंने प्रेरक शब्दों के माध्यम से उपस्थित सभी महिलाओं को जीवन में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में कलाकृति स्किल सेंटर की पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा। सेंटर मैनेजर कुलदीप सर के नेतृत्व में स्टाफ सदस्य सेजल कुमारी, सरोजनी कुमारी, हीरा कुमारी, पूनम कुमारी और दीपक कुमार ने व्यवस्थाओं को बखूबी संभाला, जिससे कार्यक्रम सुचारू और यादगार बना।

कलाकृति स्किल सेंटर क्षेत्र की लड़कियों और महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। केंद्र में वर्तमान में निम्नलिखित कोर्स निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा, सिलाई,फूड प्रोसेसिंग,फैशन डिजाइनिंग परीक्षण दिया जा रहा है। संचालक सतीश कुमार ने बताया कि इन कोर्सेज को पूरा करने के बाद छात्राओं को न केवल हुनर मिल रहा है, बल्कि रोजगार के बेहतरीन अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

## चापानल मरम्मत से ग्रामीणों में खुशी, जलमीनार अब भी खराब



**नवीन मेल संवाददाता**

**जारी।** जारी प्रखंड अंतर्गत जरडा गाँव में खराब पड़े चापानलों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह राहत भरी खबर है।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई चापानल खराब पड़े थे, जिसके कारण लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। मरम्मत कार्य शुरू होने से ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी देखी जा रही है और लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही सभी चापानल सुचारू रूप से काम करने लगेंगे, जिससे दैनिक जीवन में पानी की समस्या कुछ हद तक कम होगी।हालांकि दूसरी ओर गांव की सोलर संचालित जलमीनार अभी भी खराब पड़ी हुई है। इसके कारण ग्रामीणों को पूरी तरह राहत नहीं मिल पा रही है और पेयजल की समस्या बनी हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि चापानलों की मरम्मत शुरू होना सराहनीय कदम है, लेकिन सोलर जलमीनार की मरम्मत भी जल्द कराई जानी चाहिए ताकि गांव में पेयजल की समस्या पूरी तरह समाप्त हो सके। लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सोलर जलमीनार को जल्द ठीक कराया जाए, जिससे ग्रामीणों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

### ग्राम सभा की शक्तियों पर हुई विशेष बैठक

**चैनपुर।** प्रखंड के बरवे नगर पंचायत अंतर्गत फुलवार टोली में वन समिति की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से ग्राम प्रधान जोसेफ खलखो और वन समिति के अध्यक्ष प्रमोद खलखो ने की।बैठक में मुख्य रूप से पेसा कानून और ग्राम सभा के अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## आदिवासी एकता मंच ने धूमधाम से मनाया महिला दिवस, नारी सशक्तिकरण पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल मुख्यालय में सोमवार को आदिवासी एकता मंच के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, मुखिया शोभा देवी, समाजसेवी अल्बर्ट तिग्गा, अनूप संजय टोप्पो, गुड शेफर्ड सिस्टर नित्य, एसआई विजय उरांव और कातिंग मुखिया मधुरा मिंज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

आयोजन समिति की महिलाओं ने मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर महिलाओं के उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। जिला परिषद मेरी लकड़ा मेरी लकड़ा उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। उन्हें शिक्षित और संगठित होकर अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी। उप प्रमुख प्रमोद खलखो उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि परिवार और समाज के निर्माण में महिलाओं का त्याग अतुलनीय है। समाज के विकास के लिए महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होना अनिवार्य है।

### सड़क दुर्घटना में सहिया साथी रेखा देवी का निधन

**गुमला।** गुमला सदर प्रखण्ड मुरकुण्डा कलस्टर की सहिया साथी रेखा देवी का सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना से सहिया परिवार में शौक की लहर है। जानकारी के अनुसार सहिया साथी रेखा देवी अपने परिवार के साथ टेम्पू से अपने घर मुरकुण्डा जा रही थी। शौक व्यक्त करने वालो में जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आंनद, जिला आशा फैसिलिटेटर सह राज्य प्रशिक्षक दल रामाकान्त सिंह, एकजुट के जिला समन्वयक सिद्धार्थ दुबे, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक आनन्द राम महतो, संतोषी देवी सिलवंती मिंज, पदमा कुमारी, मो रिजवान, शुभेश्वर सिंह, विनिता सोरेंग आदि है।

### गुमला में 24 किसान उत्पादक संगठनों के सशक्तिकरण हेतु कार्यशाला

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले 9 एफपीओ सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) तथा प्रदान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुमला में कार्यरत 24 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) एवं सहकारी समितियों के सशक्तिकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसान संगठनों को मजबूत बनाना, शेयरधारकों की संख्या बढ़ाना, व्यवसायिक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना था।

कार्यशाला में जेएसएलपीएस, जोहार परियोजना, प्रदान, जनजातीय तकनीकी विकास सोसाइटी (जेटीडीएस) तथा नाबार्ड द्वारा पोषित गुमला जिले के कुल 24 किसान उत्पादक संगठनों के बोर्ड सदस्य एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान किसान उत्पादक संगठनों के संचालन, ऋण एवं इक्विटी अनुदान से जुड़ी प्रक्रियाओं, संस्थागत प्रबंधन तथा वित्तीय सुदृढ़ीकरण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपने-अपने किसान उत्पादक संगठनों के कार्यों और अनुभवों को साझा किया तथा आपसी सहयोग और समन्वय को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही एफपीओ को बाजार से जोड़ने, व्यावसायिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रवि शंकर, जिला सहकारिता पदाधिकारी माधुरी, पशुपालन विभाग से डॉ. मयूर, जेटीडीएस के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमुदित दुंगदुंग, जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक शैलेन्द्र जारिका तथा प्रदान के मेराज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी तथा नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक ने एफपीओ के विकास के लिए आवश्यक रणनीतियों, बैंकिंग सहयोग तथा सहकारी अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने किसान उत्पादक संगठनों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने और संस्थागत मजबूती पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम के समापन पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिले में किसान उत्पादक संगठनों के सशक्तिकरण के लिए जिला प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने किसानों के सामूहिक प्रयासों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर जिले में कार्यरत 9 किसान उत्पादक संगठनों को पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### इफ्तार पार्टी, झमाझम बारिश के बीच गूंजा भाईचारे का संदेश

**गुमला।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर सोमवार को सदर थाना परिसर में रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। रहमत, बरकत और मगफिरत के इस पावन महीने में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने किया। इफ्तार पार्टी में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए तथा रोजेदारों के साथ मिलकर इफ्तार किया। इफ्तार पार्टी में रोजेदारों के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन और फल परोसे गए। कार्यक्रम के दौरान अजान से कुछ समय पहले हुई झमाझम बारिश ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। बारिश के बीच रोजेदारों ने दुआओं के साथ इफ्तार किया, जिससे पूरे परिसर में भाईचारे और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं और समाज में शांति व सद्भाव की कामना करते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द और एकता को और मजबूती मिलती है। वहीं थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने कहा कि रमजान का महीना सब्र, संयम और इंसानियत का प्रतीक है। पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल और आपसी विश्वास कायम रखने के उद्देश्य से इस इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, यज्ञ से लौटने के दौरान हुआ हादसा

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा घुंटी टोली गांव के पास सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मुरकुंडा निवासी 54 वर्षीय रेखा देवी पति रामजनक साहू के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेखा देवी सोमवार सुबह करीब 8 बजे गिन्डरा गांव में आयोजित यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। कार्यक्रम से लौटते समय वह टेंपो से अपने गांव मुरकुंडा आ रही थीं। इसी दौरान घुंटी टोली के समीप टेंपो से उतरकर सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल महिला को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि रेखा देवी मुरकुंडा कलक्टर की सहिया थीं। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पीएमश्री बालक मध्य विद्यालय भरनो में वार्षिक महोत्सव का हुआ आयोजन

**भरनो(गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय बालक मध्य विद्यालय भरनो में वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव एवं एसएमसी के अध्यक्ष सुनील रवि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इससे पूर्व विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी।बच्चों ने गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अतिथियों,अभिभावकों एवं दर्शकों ने खूब सराहा।महोत्सव के अवसर पर विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण अवसर होता है।उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बन सकता है।

### विस में उठा ग्राम प्रधानों के मानदेय का मुद्दा दो साल से लंबित भुगतान की मांग की

**भरनो (गुमला)।** सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने सोमवार को झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान अपने क्षेत्र से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे को सदन में उठाया। उन्होंने गुमला जिले के सिसई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को पिछले दो वर्षों से मानदेय का भुगतान नहीं किए जाने का मामला सरकार के समक्ष रखा और जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। विधायक ने सदन में कहा कि ग्राम प्रधान गांव स्तर पर प्रशासन और ग्रामीणों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। वे गांव की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद पिछले दो वर्षों से मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण ग्राम प्रधानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सिसई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के ग्राम प्रधान इस समस्या को लेकर लंबे समय से चिंतित हैं।

### सीएचओ का तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में शुरू



**गुमला।** आज बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के उद्घाटन जिला कार्यक्रम सहायक वीणा कुजूर, मास्टर प्रशिक्षण सह सीएचओ उर्सुला लकड़ा, जिला आशा फैसिलिटेटर सह राज्य प्रशिक्षक दल रामाकान्त सिंह, योग शिक्षक तुलसी साहु द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रशिक्षण में बच्चों के लिए योगाभ्यास, किशोरावस्था के लिए योगाभ्यास, अस्थमा प्रबंधन, कैंसर प्रबंधन, मधुमेह प्रबंधन, गर्भवती महिला के लिए योग, मानसिक स्वास्थ्य, स्ट्रोक प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, अवसाद प्रबंधन, अवसाद, वृद्धावस्था के लिए योग आदि के लिए विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया गया।

### पीवीटीजी सहियाओं का तीन दिवसीय पीएलए प्रशिक्षण शुरू

**गुमला।** आज पीभीटीजी सहियाओं का पीएलए माड्यूल पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आंनद, एकजुट के जिला समन्वयक सिद्धार्थ दुबे, जिला आशा फैसिलिटेटर सह राज्य प्रशिक्षक दल रामाकान्त सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया। जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आंनद ने कहा कि पीएलए एक ऐसी गतिविधि है जिसके द्वारा मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु को कम करने में मदद मिलती है। इसलिए आपलोग अच्छे से तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भाग ले। एकजुट के जिला समन्वयक सिद्धार्थ दुबे ने कहा कि पीएलए बैठक नियमित रूप से किया जाए तो टीकाकरण, प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण आदि विषयों पर समाज में जागरूकता बढ़ेगी।

# सरकार ने खाड़ी क्षेत्र से 286 भारतीय नाविकों की कराई सुरक्षित स्वदेश वापसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सरकार ने सोमवार को बताया कि खाड़ी क्षेत्र से अब तक 286 भारतीय नाविकों (सीफेयरर्स) को सुरक्षित भारत वापस लाया जा चुका है, जिनमें पिछले 48 घंटों में 33 नाविकों की स्वदेश वापसी शामिल है। नौवहन महानिदेशालय यानी डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग (डीजी शिपिंग) ने यह सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के बयान के अनुसार, कंट्रोल रूम शुरू होने के बाद से अब तक नाविकों, उनके परिवारों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों की सहायता के लिए 3,030 फोन कॉल और करीब 5,497 ईमेल प्राप्त हुए हैं। पिछले 48 घंटों में ही 310 से ज्यादा कॉल और 597 ईमेल प्राप्त हुए, जिनमें मदद और जानकारी मांगी गई। बयान में कहा गया है, "देश भर के प्रमुख बंदरगाह जहाजों की आवाजाही और कार्गो संचालन पर लगातार कड़ी नजर रख रहे हैं और शिपिंग कंपनियों तथा कार्गो से जुड़े हितधारकों को सहयोग दे रहे हैं। इसके तहत एंकरज (लंगरगाह), बर्थ किराया और स्टोरेज शुल्क में भी रियायतें दी जा रही हैं। बंदरगाह कस्टम और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर कार्गो संचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए समन्वय कर रहे हैं।"

मंत्रालय ने यह भी बताया कि खाड़ी क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय नाविक से जुड़ी कोई समुद्री घटना सामने नहीं आई है। फिलहाल फारस की खाड़ी के पश्चिमी हिस्से में 22 भारतीय झंडे वाले जहाज मौजूद हैं, जिन पर 611 भारतीय नाविक कार्यरत हैं। डीजी शिपिंग जहाज मालिकों, आरपीएसएल एजेंसियों और भारतीय मिशनों के साथ मिलकर स्थिति पर नजर रख रहा है। मंत्रालय ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) ने मध्य पूर्व जाने वाले कंटेनरों के लिए अस्थायी ट्रांसशिपमेंट स्टोरेज की व्यवस्था की है। इसके साथ ही ग्राउंड रेंट और ड्वेल टाइम चार्ज में 100 प्रतिशत तक छूट दी गई है, जबकि रीफर कंटेनर प्लग-इन चार्ज में 15 दिन तक लगभग 80 प्रतिशत की छूट दी गई है। बयान में आगे कहा गया है, "फिलहाल किसी भी बड़े बंदरगाह पर भीड़ की स्थिति नहीं है। जेएनपीए पर निर्यात के लिए तैयार कंटेनरों की संख्या करीब 5,600 से घटकर लगभग 3,900 रह गई है।"

इसके अलावा, बंदरगाह खाड़ी क्षेत्र की ओर जाने वाले जहाजों को सुरक्षित लंगरगाह भी उपलब्ध करा रहे हैं, जो खाड़ी देशों की ओर जा रहे हैं और फिलहाल आवागमन करने में असमर्थ हैं।

सरकार ने बताया कि संचालन से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए डीजी शिपिंग के तहत एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया गया है, जिसमें कस्टम, बंदरगाह और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि वह विदेश मंत्रालय, भारतीय मिशनों, शिपिंग कंपनियों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ मिलकर भारतीय नाविकों की सुरक्षा और समुद्री व्यापार को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार समन्वय करना जारी रखे हुए है।

## पश्चिम एशिया तनाव के बीच एलपीजी लेकर पहुंचा पहला भारतीय जहाज शिवालिक



**गांधीनगर।** पश्चिम एशिया की तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारतीय जहाज शिवालिक एलपीजी कैरियर गुजरात स्थित मुंद्रा पोर्ट पहुंच चुका है। यह कतर से गैस लेकर भारत पहुंचा है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा, जिसकी जानकारी पहले ही शिपिंग मंत्रालय ने प्रेस से साझा कर दी थी। शिवालिक करीब 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर पहुंचा है, जो लगभग 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। सोमवार को भारत सरकार के मंत्रालयों की प्रेस ब्रीफिंग में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया, "शिवालिक एलपीजी कैरियर, जो फारस की खाड़ी से रवाना हुआ था, होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत पहुंचा।" इसके साथ ही सिन्हा ने विश्वास दिलाया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, "पिछले 24 घंटों में किसी तरह की घटना की सूचना नहीं मिली है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। हर जहाज और उसके क्रू मेंबर के साथ संपर्क बना हुआ है। फारस की खाड़ी में होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में अभी भी भारत के झंडे वाले 22 जहाज मौजूद हैं, जिन पर 611 भारतीय नाविक सवार हैं।"सिन्हा ने बताया कि यूएई से चली शिप 17 मार्च तक क्रूड लेकर भारत पहुंच जाएगी।

## पाक में धार्मिक आजादी के हालात चिंताजनक

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी सरकार की सलाहकार संस्था यूएससीआईआरएफ (यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम) ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि 2025 के दौरान पाकिस्तान में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति चिंताजनक बनी रही। यह संस्था विदेशों में धार्मिक स्वतंत्रता की निगरानी करती है और अमेरिकी राष्ट्रपति, विदेश मंत्री तथा कांग्रेस को नीतिगत सुझाव देती है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने अपने सख्त ईशनिंदा कानूनों को लागू करना जारी रखा, जिनका असर सभी धर्मों के लोगों पर पड़ा, विशेष रूप से धार्मिक अल्पसंख्यकों पर। अहमदी मुसलमानों और ईसाइयों को निशाना बनाकर किए गए भीड़ के हमले और हिंसा की घटनाओं ने समाज में डर और असहिष्णुता का माहौल और गहरा कर दिया। जनवरी 2025 में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर ईशनिंदा से जुड़ी सामग्री पोस्ट करने के आरोप में चार लोगों को मौत की सजा सुनाने का भी इसमें जिक्र है। रिपोर्ट में कहा गया जनवरी में ही मानसिक रूप से बीमार एक ईसाई व्यक्ति फरहान मसीह को ईशनिंदा और आतंकवाद के आरोपों में जेल भेज दिया गया।

## मध्य पूर्व संकट और अफगानिस्तान युद्ध से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चरमराई

**नई दिल्ली।** ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध की वजह से मिडिल ईस्ट में पैदा हुए संकट से पाकिस्तान को बहुत नुकसान हुआ है। सऊदी अरब के साथ समझौते की वजह से युद्ध में शामिल होने या न होने को लेकर पाकिस्तान के सामने कई मुश्किलें हैं, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर इस्लामाबाद की हालत बदतर होती जा रही है। मिडिल ईस्ट का संकट ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर है। अफगानिस्तान से युद्ध और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के साथ लगातार लड़ाई ने इसकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। अधिकारियों का कहना है कि ये लड़ाइयां पाकिस्तान को न सिर्फ सैन्य मोर्चे पर, बल्कि आर्थिक रूप से भी बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं। पाकिस्तान के लिए हालात इतने खराब हैं कि उसे अपनी बची-खुची अर्थव्यवस्था को भी बचाना होगा। इस्लामाबाद ने अब अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए कई कदम उठाए हैं और कई मोर्चों पर कई कटौतियों की घोषणा की है। केंद्रीय और प्रांतीय सरकारी विभागों में सरकारी गाड़ियों को 60 फीसदी तक सड़क से दूर रखने का फैसला किया गया है। सरकारी ऑफिस में ग्रेड-20 के अधिकारी जो 3,00,000 रुपए से ज्यादा कमाते हैं, उनसे अपनी मर्जी से दो दिन की सैलरी छोड़ने को कहा गया है। हालांकि, यह स्वास्थ्य और शिक्षा सेक्टर के लोगों पर लागू नहीं होता है।

## सरकार ने ओएनजीसी की गैस की कथित हेराफेरी के आरोप में रिलायंस और बीपी से मांगे 2.81 अरब डॉलर: मंत्री

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारत के पूर्वी तटवर्ती केजी बेसिन में स्थित ओएनजीसी के तेल क्षेत्र से कथित तौर पर गैस की हेराफेरी करने के आरोप में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और ब्रिटेन की तेल कंपनी बीपी से 2.81 अरब डॉलर की राशि का दावा किया है। यह जानकारी सोमवार को संसद में दी गई। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने राज्यसभा में लिखित जवाब में बताया कि सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और बीपी से 2.81 अरब डॉलर की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला फिलहाल भारत के सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। मंत्री का यह जवाब राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में आया। सांसद ने पूछा था कि क्या यह सही है कि सरकार ने ओएनजीसी के पूर्वी तट के गैस ब्लॉक्स से कथित गैस चोरी या निकासी के मामले में निजी कंपनियों से 2 अरब डॉलर से ज्यादा की मांग की है। सांसद ने यह भी पूछा था कि इस मामले में शामिल निजी कंपनियों के नाम और अब तक उनसे प्राप्त भुगतान की स्थिति क्या है।

### बंगाल में चुनाव आयोग का एक्शन

# डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को हटाया

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद भारतीय निर्वाचन आयोग ने बड़ा फेरबदल किया है। आयोग ने पीयूष पांडे को हटाते हुए सिद्ध नाथ गुप्ता को पश्चिम बंगाल का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। इसके अलावा, सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आश्वासन दिया था कि पश्चिम बंगाल में चुनाव हिंसा-मुक्त और शांतिपूर्ण होंगे। इसके अगले ही दिन पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जिनमें पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर भी शामिल हैं, की नियुक्ति और तबादला किया है।

आदेश के अनुसार, 1992 बैच के आईपीएस सिद्ध नाथ गुप्ता को पश्चिम बंगाल के नए डीजीपी बनाने के अलावा, नटराजन रमेश बाबू को डीजी (करेक्शनल सर्विसेज), अजय मुकुंद रानाडे को एडिशनल डीजी (लॉ एंड आर्डर) नियुक्त किया गया है। इससे पहले, रविवार रात को आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा के तबादलों का आदेश दिया। आयोग ने यह भी आदेश दिया कि दोनों किसी भी प्रकार के चुनाव संबंधी कार्य में शामिल नहीं होंगे।



» सिद्ध नाथ गुप्ता को पुलिस की कमान

### सुवेंदु अधिकारी भिड़ेंगे ममता बनर्जी से

● **दो सीटों पर लड़ेंगे चुनाव**

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 144 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इस लिस्ट में भाजपा के कई दिग्गज नेताओं को टिकट दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को दो सीटों से मैदान में उतारा गया है। बता दें कि भाजपा की पहली लिस्ट में बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को भवानीपुर और नंदीग्राम से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले चुनाव में सुवेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में सीएम ममता बनर्जी को करीब 2000 वोटों के अंतर से हराया था।

### असम विस चुनाव से पहले पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**गुवाहाटी।** भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने असम में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सोमवार को पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले और नई तैनाती के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इस संबंध में असम के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर अधिकारियों के तत्काल तबादले और अलग-अलग जिलों में उनकी पोस्टिंग का आदेश दिया। यह फैसला 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में चुनावी तैयारियों की समीक्षा के बाद लिया गया है।

### अमेरिकी हवाई हमले से दहला ईरान

## चाबहार पोर्ट के पास किया बड़ा हमला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वॉयस ऑफ अमेरिका के हवाले से बताया गया है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा किए गए नए हवाई हमलों के दौरान ईरान के चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र के पास भीषण विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। खबरों के मुताबिक, हवाई हमलों में ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह पता नहीं चल पाया है कि इन हवाई हमलों में कोई हताहत हुआ है या नहीं। यह मुक्त व्यापार क्षेत्र ईरान के दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान की सीमा के पास स्थित है। विदेशी निवेश को आकर्षित करने और पारंपरिक तथा भीड़भाड़ वाले व्यापार क्षेत्रों से बचने के उद्देश्य से 1992 में स्थापित चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र ईरान में एक प्रमुख औद्योगिक और पारगमन केंद्र के रूप में कार्य करता है। यह ईरान का एकमात्र समुद्री बंदरगाह भी है जिसकी हिंद महासागर तक सीधी पहुंच है।

### नशे में धुत लोगों ने अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में दी धमकी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भाजपा ने सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने कडलूर जिले के कट्टुमन्नारकोइल स्थित सरकारी अस्पताल में हुई हालिया घटना का हवाला देते हुए कहा कि यह राज्य में बढ़ते नशे के खतरे का स्पष्ट संकेत है। सोमवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि कथित तौर पर गांजा के नशे में कुछ लोग अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में घुस गए और हाथ में दरांती लेकर वहां मौजूद डॉक्टरों और मरीजों को धमकाने लगे।

# 500 वर्ष की विकट समस्या का समाधान 145 करोड़ जनशक्ति के पास : सीएम योगी

**एजेंसी। जालोर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मातृशक्ति का आह्वान किया कि छोटी आयु के बच्चों को रोने-नाराज होने दें, कुछ देर में वे ठीक हो जाएंगे, लेकिन स्मार्टफोन कतई न दें। स्मार्ट फोन का अधिकाधिक प्रयोग समय की हानि के साथ आंखों को नुकसान पहुंचा रहा है। यह सोचने की सामर्थ्य को कम और बुद्धि को कुंठित कर रहा है। लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। स्मार्टफोन के तमाम गेम नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बच्चा जितना समय स्मार्टफोन पर खर्च कर रहा है, उतना समय यदि अच्छी पुस्तकों, योग, व्यायाम पर लगाएगा तो जीवन सुंदर-व्यवस्थित होगा। स्मार्टफोन का लगातार प्रयोग नशे जैसा खतरनाक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में 200 से अधिक देश हैं, लेकिन भारत जैसा कोई नहीं। भारत दुनिया में अलग क्यों है, इसके लिए त्योहारों, परंपराओं, ऋषियों-मुनियों, विद्वानों, सैनिकों, किसानों, नौजवानों, बहन-बेटियों तथा माताओं के योगदान की विशिष्टता को समझना होगा। सीएम ने सिरे मंदिर के आसपास बंदरों के चौराहे का जिक्र करते हुए कहा कि कल जब हम लोग यहां रुके तो कई बंदर आ गए। हमने एक बंदर को रोटी दी तो वह खाने लगा, लेकिन जब तक उसने पहली रोटी खा नहीं ली, तब तक दूसरी रोटी नहीं ली। मनुष्यों को यह शालीनता सीखनी चाहिए। मनुष्य हड़पने व संचय की बजाय जरूरतमंद तक पहुंचाने का भाव रखे। लोभ संवरण साधना है और इसे जीवन का हिस्सा बनाना परम साधना है।

राजस्थान दौरे के दूसरे दिन सोमवार को गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जालोर के श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा में शामिल हुए।

उन्होंने धर्मसभा को संबोधित करते हुए युवा पीढ़ी को सीख दी कि जितना आवश्यक है, उतना ही स्मार्टफोन प्रयोग कीजिए। परिवार के लिए समय निकालिए, बातचीत कीजिए। भोजन, पूजा के समय फोन न उठाइए, बाद में कॉलबैक कीजिए। स्मार्टफोन एक समय बाद डिप्रेशन की बीमारी पैदा करने वाला है। छोटी-छोटी बातों के कारण आत्महत्याओं की प्रवृत्ति बढ़ी है। कभी विफलता मिली है तो कारण ढूंढ़कर उसे सफलता में बदलना ही जीवन है। विफलता से घबराना नहीं, बल्कि चुनौतियों का मुकाबला करना है।



### देश वीरों व वीरांगनाओं के बलिदान से बना

सीएम ने वीरमदेव, कीर्ति चौहान आदि वीरों को याद करते हुए कहा कि यह देश वीरों व वीरांगनाओं के बलिदान से बना है। चित्तौड़गढ़ में रानी पद्मिनी ने हजारों वीरांगनाओं के साथ जौहर किया था। जालोर में भी अलाउद्दीन खिलजी और उसके बाद भी यह परंपरा देखने को मिली। सीएम ने सिरे मंदिर की बारीक कारीगरी, दुर्लभ कला, शिलालेखों का जिक्र करते हुए महाराजा मान सिंह के योगदान की भी चर्चा की। सीएम योगी ने कहा कि भारतवासी समृद्ध विरासत के वारिस हैं, इसलिए इसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी होनी चाहिए। दुनिया में सर्वाधिक कामकाजी (56-60 फीसदी) लोग भारत में हैं, जो परिश्रम, पुरुषार्थ करते हैं। इनकी ताकत ही भारत की ताकत है। भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर हुआ है। नेतृत्व पर निर्भर करता है कि ताकत का इस्तेमाल किस रूप में करता है। पहले की सरकारों ने बांटने पर विश्वास किया था तो हम जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बंटे थे।

## एक नजर

### अधिवक्ता से मारपीट के विरोध में वकीलों का हंगामा, पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ता के साथ कथित मारपीट के मामले को लेकर सोमवार को वकीलों में भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में अधिवक्ता न्यायालय परिसर में एकत्रित हो गए और पुलिस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि वकीलों ने न्यायालय परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों का घेराव कर दिया और उन्हें परिसर से बाहर जाने के लिए मजबूर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाराज अधिवक्ताओं ने पुलिसकर्मियों को न्यायालय परिसर के अंदर प्रवेश करने से भी रोक दिया। इस पूरे घटनाक्रम के कई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें पुलिसकर्मियों को न्यायालय परिसर से बाहर जाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद यह मामला और अधिक चर्चा का विषय बन गया है।

### अलगाववादी गतिविधियों से जुड़े मामले में 50.80 करोड़ की संपत्तियां जब्त

**इंफाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इंफाल सब-जोनल कार्यालय ने मणिपुर में संचालित कथित अवैध वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 50.80 करोड़ रुपए की संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है। यह कार्रवाई सलाई ग्रुप ऑफ कंपनीज, स्मार्ट सोसाइटी और उनसे जुड़े अन्य संस्थानों से संबंधित है। ईडी ने इस संबंध में तीसरा प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किया है। ईडी की ओर से अटैच की गई संपत्तियों में बैंक खातों में जमा राशि के अलावा अचल और चल संपत्तियां शामिल हैं। इन परिसंपत्तियों में भूमि और इमारतें तथा कई औद्योगिक और व्यावसायिक इकाइयां शामिल हैं, जिनमें राइस मिल, फ्लोर मिल, खाद्य तेल रिफाइनरी, मशरूम प्लांट, एमू फार्म, फिश फार्म और जिम उपकरण जैसी संपत्तियां शामिल हैं। ये संपत्तियां सलाई ग्रुप की विभिन्न कंपनियों के नाम पर दर्ज पाई गई हैं।

### होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में 611 नाविकों के साथ भारतीय झंडे वाले 22 जहाज मौजूद: मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के जलमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय झंडे वाले 22 जहाज होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में मौजूद हैं जिन पर 611 नाविक सवार हैं और पिछले 24 घंटे में किसी भी तरह के हादसे की खबर नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भारतीय झंडा वाले जहाज 'जग लाडकी भी यूएई से 14 मार्च को रवाना हो चुका है। प्रेस ब्रीफिंग में ये जानकारी दी गई। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया, "शिवालिक एलपीजी कैरियर, जो फारस की खाड़ी से रवाना हुआ था, होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर आ चुका है।" उन्होंने बताया कि जहाज के पहुंचने से पहले ही बंदरगाह पर सभी जरूरी दस्तावेजी प्रक्रिया, प्राथमिकता के आधार पर बर्थिंग और बाकी व्यवस्थाएं कर दी गई हैं, ताकि इस जहाज से माल उतारने में कोई विलंब न हो। सिन्हा ने विश्वास दिलाया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा," पिछले 24 घंटों में किसी तरह की घटना की सूचना नहीं मिली है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। हर जहाज और उसके क्रू मेंबर के साथ संपर्क बना हुआ है। फारस की खाड़ी में होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में अभी भी भारत के झंडे वाले 22 जहाज मौजूद हैं, जिन पर 611 भारतीय नाविक सवार हैं।"

### मंदिर और स्कूल की संपत्तियों में दखल नहीं देगा वक्फ बोर्ड: मंत्री जमीर अहमद खान



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के वक्फ और आवास मंत्री बी. ज़ेड. ज़मीर अहमद खान ने सोमवार को विधानसभा में स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड मंदिरों या स्कूलों से जुड़ी किसी भी संपत्ति में दखल नहीं देगा। उन्होंने यह बयान विधानसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक एम वाई पाटिल के सवाल के जवाब में दिया। मंत्री जमीऱ ने कहा, "मैंने साफ तौर पर कहा है कि मंदिरों की किसी भी संपत्ति को नहीं छेड़ा जाएगा। स्कूलों या शैक्षणिक संस्थानों की जमीन को भी नहीं छुआ जाएगा।"उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान सिर्फ उन निजी लोगों पर है जिन्होंने वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ है। उनके मुताबिक कई मामलों में वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने वाले लोग मुस्लिम समुदाय से ही हैं। मंत्री जमीऱ ने बताया कि पूरे कर्नाटक में वक्फ बोर्ड की संपत्तियां करीब 1.12 लाख एकड़ में फैली हुई हैं, लेकिन फिलहाल वक्फ बोर्ड के पास केवल 24,054 एकड़ जमीन ही उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि करीब 17,580 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण है, जबकि 47,263 एकड़ जमीन इनाम उन्मूलन के तहत और 23,627 एकड़ भूमि सुधार कानून के तहत चली गई। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनने के बाद अतिक्रमित वक्फ संपत्तियों की पहचान और उन्हें वापस लेने के लिए वक्फ लोक अदालतों का गठन किया गया है।

### देश भर में 57.78 करोड़ जन धन खाते खोले गए हैं : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत 25 फरवरी 2026 तक देश में कुल 57.78 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों में कुल जमा राशि लगभग 2,94,702 करोड़ रुपए है। वित्त मंत्री ने बताया कि इनमें से 32.21 करोड़ यानी करीब 55.8 प्रतिशत जन धन खाते महिलाओं के नाम पर हैं। वहीं करीब 45.17 करोड़ खाते (78.2 प्रतिशत) ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, जिससे वित्तीय सेवाओं की पहुंच गांवों तक बढ़ी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत 25 फरवरी तक कुल 26.88 करोड़ लोगों ने नामांकन कराया है। इस योजना के तहत किसी भी कारण से मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर मिलता है। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 57.11 करोड़ नामांकन किए जा चुके हैं (25 फरवरी 2026 तक)। इस योजना के तहत एक साल के लिए दुर्घटना बीमा कवर मिलता है, जिसमें मृत्यु या पूर्ण स्थायी विकलांगता पर 2 लाख रुपए और आंशिक स्थायी विकलांगता पर 1 लाख रुपए की सहायता मिलती है। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत भी 25 फरवरी 2026 तक कुल 8.84 करोड़ लोगों ने नामांकन कराया है, जिसके जरिए पात्र लोगों को हर महीने पेंशन देने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 57.26 करोड़ लोन मंजूर किए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 39.48 लाख करोड़ रुपए है। इस योजना के जरिए छोटे और सूक्ष्म कारोबारों को बिना गारंटी के 20 लाख रुपए तक का कर्ज दिया जाता है, ताकि वे विनिर्माण, व्यापार, सेवा क्षेत्र और कृषि से जुड़े कामों में आय बढ़ा सकें। स्टैंड-अप इंडिया योजना (एसयूपीआई) के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को 2.75 लाख लोन दिए गए हैं, जिनकी कुल राशि 62,790 करोड़ रुपए है (31 मार्च 2025 तक)।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# ईरान-अमेरिका (+ इजरायल) युद्ध : चीन-रूस व नाटो के 10 देश ट्रंप के दबाव में नहीं आए

## ट्रंप का गुप्त एजेंडा - ईरान व लेबनान के कुछ हिस्सों पर क जा करके वृहद इजराइल बनाना ?

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** 2026 में फारस की खाड़ी और ईरान के तेल क्षेत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक नीति वैश्विक राजनीति व ऊर्जा बाजार दोनों के लिए खतरे की घंटी बन गई है। ट्रंप ने ईरान पर दबाव बढ़ाने, उसकी तेल उत्पादक क्षेत्रों पर कब्जा करने और हॉर्मूज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण पाने के लिए कई सहयोगी देशों से समर्थन मांगा, लेकिन चीन, रूस और नाटो के 10 प्रमुख देशों ने उसके अनुरोधों को नकार दिया। बताया जाता है कि ट्रंप का गुप्त एजेंडा — ईरान और लेबनान के कुछ हिस्सों पर कब्जा करके वृहद इज़राइल बनाना, अमेरिकी यहूदियों और उद्योगपतियों से समर्थन पाना, और अपने खिलाफ एप्सटीन फ़ाइल में सबूत दबाना, फिलहाल विफल होता दिख रहा है। ट्रंप ने इस उद्देश्य के लिए फारस की खाड़ी में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक मिशन का प्रस्ताव रखा, अपने सहयोगियों से हवाई अड्डों और सैन्य ठिकानों का उपयोग की अनुमति मांगी और ईरान के प्रमुख तेल क्षेत्रों पर हमले का दबाव बनाया। अमेरिका ने ईरान पर हाल में की गई बमबारी में तेल उत्पादन वाले क्षेत्रों को भी निशाना बनाया। प्रतिदिन लगभग 17–20 मिलियन बैरल कच्चा तेल इस क्षेत्र से दुनिया के बाजारों में जाता है और वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत इसी मार्ग से गुजरता है। ट्रंप का उद्देश्य था कि होर्मुज पर अमेरिकी नियंत्रण के जरिए तेल मार्ग पूरी तरह अमेरिका और उसके समर्थक देशों के अधीन हो जाए।

लेकिन चीन और रूस ने खुले तौर पर ट्रंप के दबाव को ठुकरा दिया। चीन ने ईरान के साथ अपने दीर्घकालिक ऊर्जा और आर्थिक समझौतों को बनाए रखा और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिका की आक्रामक नीति की आलोचना की। रूस ने ईरान को रणनीतिक और खुफिया सहयोग जारी रखते हुए अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों का विरोध किया। नाटो के दस देशों — स्पेन, जर्मनी, इटली, बेल्जियम, नॉर्वे, ग्रीस, फ्रांस, नीदरलैंड, डेनमार्क और कनाडा — ने न केवल अमेरिका की अपील को अस्वीकार किया बल्कि हवाई अड्डों और सैन्य ठिकानों का उपयोग करने देने से भी मना किया। इन देशों ने स्पष्ट किया कि वे ईरान के खिलाफ किसी आक्रामक सैन्य अभियान में भाग नहीं लेंगे और ट्रंप प्रशासन की नीति की आलोचना करते हुए चेताया कि इससे मध्य-पूर्व और वैश्विक ऊर्जा बाजार अस्थिर होंगे।ट्रंप ने अपने राजनीतिक और व्यक्तिगत हितों के लिए ईरान युद्ध को उपकरण बना लिया।

ईरान ने खाड़ी के मुस्लिम देशों पर भी दबाव बढ़ाया और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी कर दिया। नतीजा यह हुआ कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के तेल लादे जहाज फंसे रहे । तेल की कमी के कारण अमेरिका और उसके समर्थक देशों में किल्लत पैदा हुई, तेल की कीमतें आसमान छूने लगीं और आम जनता अपनी सरकारों के प्रति नाराज होने लगी।विशेषज्ञों के अनुसार यह संकट दिखाता है कि अमेरिका की यूनिलैटरल नीति अब वैश्विक स्तर पर विफल हो रही है। अब दुनिया बहुध्रुवीय शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है। एक देश की यूनिलैटरल ताकत अब किसी बड़े क्षेत्रीय संघर्ष या वैश्विक ऊर्जा संकट को अकेले नियंत्रित नहीं कर सकती।



**[अमेरिका समर्थक ब्लॉक]-**
- देश: अमेरिका, इजरायल
- रुख: ईरान पर दबाव, होर्मुज पर नियंत्रण, तेल मार्ग सुरक्षित।
- तेल प्रभाव: अमेरिका-समर्थक जहाज़ों का 20% तेल मार्ग बाधित।
- रणनीति: आक्रामक सैन्य नीति, ईरान के प्रमुख तेल क्षेत्र निशाना।

**[ईरान समर्थक ब्लॉक]-**
- देश: ईरान, चीन, रूस
- रुख: ईरान को रणनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक समर्थन।
- तेल प्रभाव: ईरान होर्मुज नाकाबंदी के कारण वैश्विक तेल की 17–20 मिलियन बैरल/दिन प्रवाह प्रभावित।
- रणनीति: प्रतिरोध कायम, सुप्रीम लीडर खामनेई और प्रमुख नेता जीवित, तेल मार्ग पर नियंत्रण।

**[अमेरिका से दूरी बनाने वाले नाटो देश]-**
- देश: स्पेन, जर्मनी, इटली, बेल्जियम, नॉर्वे, ग्रीस, फ्रांस, नीदरलैंड, डेनमार्क, कनाडा।
- रुख: सैन्य सहयोग से इनकार, हवाई ठिकानों की अनुमति नहीं, ट्रंप नीति की आलोचना।
- तेल प्रभाव: सहयोग न देने के कारण अमेरिकी हॉकिश योजना बाधित।
- रणनीति: मध्य-पूर्व स्थिरता की चिंता, आक्रामक नीति अस्वीकार।

# 'वोकल फॉर लोकल' का कमाल, कश्मीरी पश्मीना शॉल विदेश तक पहुंचे, जम्मू के बुनकर ने जताई खुशी

**एजेंसी । जम्मू**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'वोकल फॉर लोकल' मुहिम ने जम्मू के कश्मीरी पश्मीना शॉल बनाने वाले बुनकरों के जीवन में काफी बदलाव लाया है। बुनकरों का दावा है कि जब से पीएम मोदी ने देशवासियों से लोकल चीजों की खरीदारी करने का आह्वान किया है, तब से लोगों की रुचि बढ़ी है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और पारंपरिक उद्योगों को प्रोत्साहन देने की नीतियों के चलते जम्मू क्षेत्र में कला और हस्तशिल्प से जुड़े कारीगरों को नया अवसर मिल रहा है। स्थानीय स्तर पर कलाकार और बुनकर अपने पारंपरिक हुनर को आधुनिक बाजार से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। दीवार

- **सरकारी योजनाओं से प्रशिक्षण, उपकरण और बाजार तक पहुंच मिल रही है।**
- **पारंपरिक कला के संरक्षण के साथ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं**

चित्रकला, खादी आधारित कपास और पश्मीना बुनाई जैसे पारंपरिक काम नए स्वरूप में उभर रहे हैं। पश्मीना बुनाई जम्मू-कश्मीर की एक प्रसिद्ध और ऐतिहासिक हस्तशिल्प परंपरा है, जिसे कई परिवार पीढ़ियों से आगे बढ़ा रहे हैं। यह बेहद महीन ऊन से तैयार की जाती है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसकी बड़ी मांग है। स्थानीय बुनकर इस पारंपरिक कला को बनाए रखते हुए आज स्वयं उद्यमी बन रहे हैं और अपने उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचा रहे हैं। बुनकर राजिंदर कुमार ने बताया कि वे पश्मीना शॉल बनाते हैं। इसमें 10 लोग साथ में मिलकर काम करते हैं। हमें बहुत खुशी मिलती है, जब पीएम कभी-कभी अपने संबोधन में पश्मीना शॉल का जिक्र करते हैं। आज हमारा पश्मीना शॉल सिर्फ भारत तक ही नहीं, विदेश में भी धूम मचा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले मार्केटिंग की वजह से समस्या होती थी, लेकिन पीएम मोदी की अपील से रास्ता काफी आसान हो गया है। व्यापार को बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से भी मदद मिलती है। जम्मू क्षेत्र में दीवार चित्रकला एक प्राचीन कला परंपरा रही है, जो मंदिरों, पुराने महलों और हवेलियों की दीवारों पर देखने को मिलती है। इन चित्रों में धार्मिक कथाएं, स्थानीय लोककथाएं और आम लोगों के जीवन से जुड़े दृश्य दर्शाए जाते हैं। आज यह पारंपरिक कला नए कलाकारों और शोधकर्ताओं के माध्यम से फिर से जीवंत हो रही है। फाइन आर्ट्स और म्यूजियोलॉजी के क्षेत्र से जुड़े युवा कलाकार इस कला को संरक्षित करने के साथ-साथ इसे आधुनिक मंच भी दे रहे हैं।

## सैन्य शिविर पर ड्रोन हमले से पाकिस्तान को हुआ भारी नुकसान

**काबुल।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा करते हुए कहा कि उसने खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वजीरिस्तान क्षेत्र के वाना इलाके में पाकिस्तान के एक सैन्य शिविर पर लक्षित ड्रोन हमला किया है। यह हमला इस्लामाबाद की ओर से कंधार प्रांत में रातभर किए गए हवाई हमलों के जवाब में किया गया। ड्रोन हमले में स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) के कमांडो की ओर से इस्तेमाल की जाने वाली सुविधाओं और अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### अफवाहों के बीच नेतन्याहू का वीडियो आया सामने

# आम लोगों से घुलते-मिलते दिखे इजरायली प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। लगातार ऐसी खबरें आ रही हैं जिनमें उनकी मौजूदगी को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इस सबके बीच नेतन्याहू का एक वीडियो उनके आधिकारिक एक्स अकाउंट पर जारी किया गया है, जिसमें वह आम लोगों के बीच मुस्कुराते और हिब्रू में बात करते सुने-देखे जा सकते हैं। रविवार को



भी इजरायली पीएम ने एक वीडियो जारी कर उन साजिशों का मजाक उड़ाया था जिसमें उन्हें मार दिए जाने का दावा किया गया था।

## चीन ने बनाई दुनिया की सबसे सटीक घड़ी

**नई दिल्ली ।** चीन के वैज्ञानिकों ने दुनिया की सबसे सटीक ऑप्टिकल घड़ियों में से एक विकसित की है। यह घड़ी इतनी सटीक है कि करीब 30 अरब साल में भी इसमें सिर्फ 1 सेकंड की गलती होगी। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तकनीक भविष्य में समय की सबसे छोटी इकाई 'सेकंड' की नई परिभाषा तय करने में मदद कर सकती है। यह घड़ी परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन के ऊर्जा स्तर बदलने पर निकलने वाली रोशनी की आवृत्ति को मापकर समय तय करती है। ऑप्टिकल घड़ियां अभी दुनिया की सबसे सटीक समय मापने वाली तकनीक मानी जाती हैं। इतनी सटीक घड़ी से सैटेलाइट नेविगेशन, टेलीकॉम और वैज्ञानिक माप में बड़ी मदद मिल सकती है।

- **30 अरब साल में सिर्फ 1 सेकंड की गलती**

# ईडी ने किया मोदी को गिरफ्तार मिलावटी डेयरी उत्पादों के निर्यात से 21 करोड़ की कमाई का आरोप

**एजेंसी । भोपाल**

प्रवर्तन निदेशालय के भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय ने 13 मार्च 2026 को किशन मोदी को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ चल रही जांच के दौरान की गई। प्रवर्तन निदेशालय ने यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 की धारा 19(1) के तहत की। इसके बाद 14 मार्च 2026 को किशन मोदी को भोपाल की विशेष अदालत के सामने पेश किया गया। अदालत ने मामले की आगे की जांच के लिए उन्हें 18 मार्च 2026



तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेजने की अनुमति दे दी है।यह मामला भोपाल के हबीबगंज थाने में 29 अगस्त 2023 को दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा है। इसके अलावा आर्थिक अपराध शाखा, भोपाल ने 22 जुलाई 2024 को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों और अधिकारियों के खिलाफ एक अन्य प्राथमिकी भी दर्ज की थी। इन्हीं मामलों के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन की जांच शुरू की थी। जांच के दौरान सामने आया कि जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड 'मिल्क मैजिक' नाम से डेयरी उत्पादों की आपूर्ति करती थी। आरोप है कि कंपनी असली दूध की वसा के स्थान पर पाम तेल और अन्य हानिकारक रसायनों का उपयोग कर मिलावटी डेयरी उत्पाद तैयार कर रही थी। इन मिलावटी उत्पादों की बिक्री देश के भीतर ही नहीं बल्कि कई विदेशी बाजारों में भी की जा रही थी।

जांच में यह भी सामने आया कि इन उत्पादों के निर्यात के लिए इंदौर स्थित निर्यात निरीक्षण एजेंसी के सामने प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं की कथित जांच रिपोर्टें प्रस्तुत की गई थीं। बाद में जब इन रिपोर्टों की संबंधित प्रयोगशालाओं से पुष्टि कराई गई तो पता चला कि उनमें से कई रिपोर्टें जाली थीं और उन्हें प्रयोगशालाओं द्वारा जारी ही नहीं किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार इन्हीं जाली जांच रिपोर्टों के आधार पर कंपनी ने मिलावटी डेयरी उत्पादों का निर्यात किया और इस निर्यात से प्राप्त धनराशि अपने बैंक खातों में जमा कराई। जांच में सामने आया कि ऐसे निर्यात से करीब 20 करोड़ 59 लाख रुपए की आय हुई। जांच एजेंसी ने इस रकम को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति माना है।

# विदेश मंत्री ने ईरान से 550 से ज्यादा भारतीयों को निकालने में मदद के लिए आर्मेनिया को दिया धन्यवाद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर बेल्जियम के दौरे पर हैं। मिडिल ईस्ट में इस समय भारी तनाव चल रहा है। ताजा हालात में वहां के लोगों के जीवन को खतरा है। ऐसे में विदेश मंत्री ने सोमवार को ईरान से 550 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में मदद करने के लिए आर्मेनियाई सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "ईरान से अब तक 550 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में मदद करने के लिए आर्मेनिया की सरकार और लोगों का धन्यवाद। इस मुश्किल समय में उनके समर्थन की तारीफ करता हूं। बता दें कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच इस संघर्ष की शुरुआत 28 फरवरी को हुई। देखते ही देखते यह पश्चिम एशिया तक पहुंच गया। मौजूदा हालात में भारत पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने की कोशिशों में लगा हुआ है। इस बीच जम्मू और कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) ने रविवार को कहा कि ईरान से आर्मेनिया के रास्ते निकाले गए 70 भारतीय छात्रों का पहला बैच सुरक्षित दिल्ली पहुंच गया है।



# ब्रज रंगोत्सव बना आस्था से आर्थिक पर्यटन का मॉडल, प्रमुख दिनों में टूटा रिकॉर्ड

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में विकसित हो रही 'टेंपल इकॉनमी' अब पर्यटन और स्थानीय रोजगार का अहम आधार बनती जा रही है। तीर्थ स्थलों पर पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और पर्यटन से जुड़ी सुविधाएं भी तेजी से विकसित हो रही हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रदेश अब 'ग्रेवयार्ड इकॉनमी' से निकलकर मंदिर, तीर्थ और सांस्कृतिक आयोजनों पर आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें कब्रिस्तानों की दीवारों तक ही विकास सीमित रखती थीं, जबकि अब आस्था, त्योहार और संस्कृति के जरिए पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

मंत्री ने बताया कि ब्रज रंगोत्सव 2026 के दौरान होली के प्रमुख दिनों में ही ब्रज क्षेत्र में 44 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे। इस दौरान लठमार होली, फूलों की होली, हुरंगा और मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में होने वाले पारंपरिक आयोजनों ने देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को खूब आकर्षित किया। अमेरिका, यूके, रूस और ब्राजील समेत कई देशों से भी लोग इन उत्सवों में शामिल होने आए।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मथुरा-वृंदावन से लेकर अयोध्या



और काशी तक उत्तर प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थल अब वैश्विक पहचान बना चुके हैं। वर्ष 2025 में अकेले मथुरा में लगभग 10.24 करोड़ पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचे, जो प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। इसी तर्ज पर अब ब्रजधाम के समग्र विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। ब्रज क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हाल ही में ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में करीब 300 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। इसके तहत मथुरा से वृंदावन के बीच 11.80 किलोमीटर लंबे फोरलेन मार्ग के निर्माण और आधुनिक पॉड रैपिड ट्रांजिट सिस्टम जैसे कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स पर काम आगे बढ़ाया जा रहा है। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की स्थापना के साथ ही प्रदेश सरकार ने ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए बजट में वृद्धि सुनिश्चित की है। परिषद के गठन के बाद से ही ब्रज क्षेत्र में आधारभूत ढांचे, तीर्थ स्थलों के संरक्षण और पर्यटन सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की गई है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में 4387.91 लाख रुपए से आरंभ हुई यह राशि 2019-20 में बढ़कर 12483.47 लाख रुपए पहुंची, जबकि 2020-21 में 5170 लाख रुपए और 2021-22 में 5500 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6000 लाख रुपए, 2023-24 में 10000 लाख रुपए तथा वित्त वर्ष 2024-25 में 14000 लाख रुपए की स्वीकृति देकर राज्य सरकार ने ब्रज क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया है। मथुरा-वृंदावन सहित ब्रज क्षेत्र के सर्वांगीण विकास ने दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित किया। भगवान कृष्ण की लीलाओं और राधा रानी के प्रेम को समर्पित ब्रज क्षेत्र में मंदिरों की वृहद श्रृंखला है।

## नेपाल सड़क हादसे में मारे गए तीर्थयात्रियों के शव स्वदेश लाने की प्रक्रिया जारी

**काठमांडू ।** नेपाल में हुए एक सड़क हादसे में मारे गए भारतीय तीर्थयात्रियों के शवों को जल्द स्वदेश लाने के लिए भारतीय दूतावास सक्रिय रूप से काम कर रहा है। शनिवार को गोरखा जिले में ये दर्दनाक हादसा हुआ था। स्थानीय पुलिस के अनुसार, माइक्रोबस में सवार तीर्थयात्री मनकामना मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद लौट रहे थे तभी बस खाई में जा गिरी। इस हादसे में सात भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत हो गई जबकि सात अन्य भारतीय तीर्थयात्री घायल हो गए।

## जर्मनी ने ट्रंप के होर्मुज स्ट्रेट प्लान को दिया झटका

**बर्लिन ।** जर्मनी ने होर्मुज स्ट्रेट में संभावित सैन्य मिशन में भागीदारी से इनकार कर दिया है। जर्मन विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने एआरडी टेलीविजन को दिए एक इंटरव्यू में स्पष्ट संकेत दिया कि बर्लिन फिलहाल इस क्षेत्र में कोई सक्रिय सैन्य भूमिका नहीं निभाएगा। वेडफुल ने कहा, "क्या हम जल्द ही इस संघर्ष का सक्रिय हिस्सा बनेंगे? नहीं।" उन्होंने जोर देकर कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षा केवल बातचीत और कूटनीतिक समाधान से ही सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने यूरोपीय संघ के मौजूदा नौसैनिक मिशन 'ऑपरेशन एस्पाइड्स' का जिक्र करते हुए इसकी प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाए और इसे होर्मुज तक विस्तार करने पर संदेह जताया।

### 'बैटल ऑफ गलवान' का बदला गया नाम

# नए टाइटल से सलमान खान ने उठाया पर्दा




दमदार पोस्टर में दिखी झलक

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और 'सलमान खान फिल्म्स' ने अपनी आगामी और मचअवेटेड फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है। लंबे समय से 'बैटल ऑफ गलवान' के नाम से चर्चा बटोर रही इस फिल्म का शीर्षक अब आधिकारिक तौर पर बदल दिया गया है। मेकर्स ने नए नाम का ऐलान भी कर दिया है। नए पोस्ट के साथ सलमान खान ने खुद फिल्म के नए नाम की झलक फैंस के साथ साझा की है। अब 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' कर दिया गया है। मेकर्स ने इस बदलाव के साथ एक बेहद प्रभावशाली नया पोस्टर भी जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

1. **नए नाम की टैग लाइन खींच रही ध्यान :** इस नए शीर्षक की सबसे बड़ी विशेषता इसकी टैगलाइन है, 'मे वॉर रेस्ट इन पीस' यानी युद्ध खत्म हों। आमतौर पर युद्ध पर आधारित फिल्में वीरता और संघर्ष पर केंद्रित होती हैं, लेकिन सलमान खान ने इस टाइटल के जरिए एक वैश्विक और गहरा संदेश देने की कोशिश की है। यह टैगलाइन न केवल रणभूमि की सीमाओं की बात करती है, बल्कि पूरी दुनिया में शांति की अनिवार्यता और युद्ध के अंत की कामना को भी दर्शाती है। सामने आए पोस्ट में सलमान की आधा चेहरा दिख रहा है। वो खून से लथपथ नजर आ रहे हैं।

2. **फिल्म से है बड़ी उम्मीदें :** बता दें, यह फिल्म गलवान घाटी की वास्तविक और ऐतिहासिक घटना से प्रेरित है, लेकिन नाम में किया गया यह बदलाव यह संकेत देता है कि फिल्म केवल सैन्य संघर्ष तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और देशभक्ति के एक नए स्तर को छुएगी। घोषणा के तुरंत बाद ही इंटरनेट पर इस साहसी कदम की सराहना शुरू हो गई है। प्रशंसक फिल्म के नाम के पीछे छिपी भावनात्मक गहराई और शांति के इस अनूठे आह्वान की जमकर तारीफ कर रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट्स का मानना है कि 'मातृभूमि' के जरिए सलमान खान एक ऐसी सिनेमाई गाथा पेश करने जा रहे हैं, जो दर्शकों को राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ मानवता के प्रति भी जागरूक करेगी।

## बीएयू में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का समापन

# टिकाऊ उत्पादन एवं आय के लिए कृषि का विविधीकरण जरूरी : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**आइआइएलएम कांके को सर्वाधिक 18 पुरस्कार**

तीनदिवसीय उद्यान प्रदर्शनी में भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान (आइआइएलएम), कांके को सात प्रथम पुरस्कार सहित सर्वाधिक कुल 18 पुरस्कार प्राप्त हुए। धनबाद के नरेश कुमार महतो ने पांच प्रथम पुरस्कार सहित कुल 12 पुरस्कार प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। होचर, कांके के राम कुमार साहू 8 पुरस्कार के साथ तृतीय स्थान पर रहे। फल, फूल, स जी, मसालों, सजावटी, औषधीय एवं सगंधीय पौधों तथा बागवानी फसलों के प्रसंस्कृत पदार्थों से संबंधित इस प्रदर्शनी में 236 किसानों से कुल 1115 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं।

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किसानों का जोखिम कम करने तथा टिकाऊ उत्पादन एवं आय के लिए कृषि पद्धति में पशुपालन, बागवानी, मुर्गीपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खीपालन और मशरूम उत्पादन को जोड़ते हुए कृषि के विविधीकरण पर बल दिया है। उन्होंने कहा की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के मामले में झारखण्ड आत्मनिर्भर बनने के साथ साथ बागवानी फसलों का निर्यातक भी बने, इसके लिए वैज्ञानिकों को तकनीकी ज्ञान के प्रसार के लिए ज्यादा लगन और निष्ठा से काम करना होगा।

राज्यपाल बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीनदिवसीय एग्रोटेक किसान मेला के समापन समारोह को सोमवार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों और छात्रों को प्रयोगशाला से निकलकर समय-समय पर किसानों के खेत में भी जाना होगा तभी धरातल पर अपेक्षित परिणाम मिलेंगे। राज्यपाल ने समुचित पोषण के लिए मडुआ, ज्वर, बाजरा जैसे मिलेट्स तथा सहजन के फल और पत्ते को नियमित आहार में शामिल करने की जरुरत बताई। उन्होंने कहा की राज्य सरकार को ऐसा मेला जिला एवं प्रखंड स्तर पर भी आयोजित करना चाहिए ताकि दूर-दराज के क्षेत्रों तक भी नयी प्रौद्योगिकी की रौशनी पहुँच सके। भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निदेशक डॉ सुजय रक्षित ने किसानों की उत्पादकता एवं आय बढाने के लिए झारखण्ड में स्थित आधा दर्जन आइसीएआर संस्थानों द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर प्रयास डाला। मंच पर राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी भी उपस्थित थे। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने स्वागत भाषण करते हुए विश्वविद्यालयकी उपलब्धियों तथा मेला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

राज्यपाल ने नवोन्मेषी कृषि में विशिष्ट योगदान के लिए छह प्रगतिशील किसानों- रविन्द्र महतो एवं उमेश कुमार महतो (धनबाद), कल्याण कुमार एवं सतीश देवगम (सराइकेला-खरसावां), सजल सहाय (रांची) तथा दिलीप बड़ाइक (जारी, गुमला) को सम्मानित किया। उन्होंने 'टिकाऊ कृषि हेतु जलवायु अनुकूल तकनीकी नवाचार' विषय पर प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण भी किया।

---

### सीयूजे में 'ड्रोन और एआई से डिजिटल फिल्म निर्माण' पर दो दिवसीय कार्यशाला आज से

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा 17 और 18 मार्च को "डिजिटल फिल्म मेकिंग यूजिंग ड्रोन एंड एआई" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय परिसर के डीएमसी कक्ष संख्या 404 में आयोजित होगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण में तेजी से विकसित हो रही आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को ड्रोन कैमरे से एरियल शूटिंग, सिनेमैटोग्राफी, स्टोरीबोर्ड तैयार करना, वीडियो प्रोडक्शन, एडिटिंग तकनीक तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आधुनिक टूल्स के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञ यह भी बताएंगे कि ड्रोन और एआई तकनीक फिल्म निर्माण, पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में किस प्रकार नई संभावनाएं पैदा कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एपेजे इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक सजल मुखर्जी शामिल होंगे।

# नियमों का पालन नहीं किया तो नर्सिंग कॉलेजों पर लगेगा जुर्माना : अजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग में सोमवार को नर्सिंग संस्थानों को मान्यता प्रदान करने को लेकर निष्पादन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने की।

बैठक में डीआईसी डॉ. सिद्धार्थ सान्याल, संयुक्त सचिव सीमा कुमारी उदयपुरी, उपसचिव ध्रुव प्रसाद सहित विभाग के कई अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में राज्य के 61 नर्सिंग कॉलेजों द्वारा एनओसी के लिए दिए गए आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन आवेदनों पर सरकार के निर्णय के अनुमोदन के उपरांत सुयोग्य पाये जाने वाले संस्थान को noc दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने काउंसिल की बैठक 15 दिनों के भीतर आयोजित करने का निर्देश दिया।



**अस्पतालों से जुड़ेगा प्रशिक्षण**

नर्सिंग छात्रों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए कॉलेजों को सरकारी या निजी अस्पतालों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) से जोड़ने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही मॉडल के तौर पर कम से कम पांच सीएचसी में तत्काल नर्सिंग की कक्षाएं शुरु करने का भी निर्देश दिया गया।

**ऑनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया**

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अब ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएं और पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाए। उन्होंने सभी कॉलेजों में फैकल्टी का एचआर ऑनलाइन प्रदर्शित करने, बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू करने तथा सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया।

अपर मुख्य सचिव ने कॉलेजों की आधारभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से पूछा कि संबंधित संस्थान अपनी जमीन पर संचालित हैं या लीज पर, कितनी जमीन उपलब्ध है, कितने कमरे हैं तथा कॉलेज नया है या पहले से संचालित है। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कॉलेजों के लिए जमीन की रसीद और शहरी क्षेत्रों में होल्डिंग टैक्स की स्थिति की भी जांच की जाए।

**लीज या किराए पर चल रहे कॉलेजों पर जताई सख्ती**

बैठक में उन्होंने कहा कि यदि किसी कॉलेज को पहले से मौका दिया गया है तो उसे अब तक अपना भवन निर्माण कर लेना चाहिए था। ऐसे मामलों में लीज या किराये की व्यवस्था की नवीनीकरण स्थिति की भी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

**नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई**

अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वाले कॉलेजों पर अधिकतम जुर्माना लगाया जाएगा। विभाग द्वारा तैयार चार्ट में विभिन्न कमियों के आधार पर जुर्माने की राशि तय की गई है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई कॉलेज लगातार तीन वर्षों से एडमिशन ले रहा है लेकिन नॉर्म्स का पालन नहीं कर रहा, तो ऐसे संस्थानों के निलंबन पर भी विचार किया जाना चाहिए। ऐसे कॉलेजों को शो-कॉज नोटिस जारी करने और फिलहाल एडमिशन रोकने का निर्देश दिया गया।

**निरीक्षण प्रक्रिया को किया जाएगा और सख्त**

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी कॉलेज को एनओसी देने से पहले अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान चार अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी, जिनमें संबंधित जिले के सिविल सर्जन, रजिस्ट्रार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और एडिशनल कलेक्टर शामिल होंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निरीक्षण की फोटो ऑनलाइन अपलोड की जाएं और निरीक्षण में संबंधित अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।



**सीएम से एनआईसी के महानिदेशक ने भेंट की**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के महानिदेशक अभिषेक सिंह, उप महानिदेशक दीपक कुमार एवं वैज्ञानिक-'एफ' ओमेश प्रसाद सिन्हा ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार की गई "कॉफी टेबल बुक" का लोकार्पण किया। इस पुस्तक में झारखंड राज्य में एनआईसी द्वारा संचालित विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजनाओं, डिजिटल पहलों एवं नवाचारों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित रहे।



**बजट सत्र के उपलक्ष्य में लोक भवन में रात्रि भोज का आयोजन**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में सोमवार को लोक भवन के बिरसा मंडप में झारखंड विधानसभा के बजट सत्र–2026 के उपलक्ष्य में मंत्रियों एवं विधायकों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हेमंत सोरेन, रबींद्र नाथ महतो सहित राज्य सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण तथा वरीय प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में संवाद हुआ। यह आयोजन झारखंड विधानसभा के बजट सत्र-2026 के अवसर पर आपसी समन्वय और संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

### झारखंड उच्च न्यायिक सेवा में 8 नए जिला जजों की हुई तैनाती

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड उच्च न्यायिक सेवा में जिला न्यायाधीश के पद पर आठ नव-नियुक्त अधिकारियों की तैनाती से संबंधित अधिसूचना जारी की है। उच्च न्यायालयकी ओर से 11 मार्च को जारी अधिसूचना संख्या 73 ए के अनुसार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा 26 फरवरी 2026 को जारी अधिसूचना के आलोक में इन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार सुश्री वर्दा को अतिरिक्त न्यायिक आयुक्त, रांची के पद पर तैनात किया गया है। दीपक कुमार को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, लातेहार, जे. जननी को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, धनबाद तथा आशुतोष कुमार मिश्रा को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, दुमका में पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा सुशील कुमार सिंह को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, गिरिडीह, शिव करण को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, साहिबगंज तथा ज्योति शील को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, डाल्टनगंज में तैनाती दी गई है।

# एआई और रोबोटिक तकनीक से टीबी की जांच पर सरकार का फोकस

## रिम्स में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू करने की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में टीबी और सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान और बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग अब एआई और रोबोटिक तकनीक के उपयोग की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

इसी सिलसिले में सोमवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मेरील कंपनी के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीबी मुक्त भारत, सर्वाइकल कैंसर मुक्त भारत, ड्रग एब्यूज नियंत्रण तथा रोबोटिक स्किल लैब की स्थापना से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई।



बैठक के दौरान मेरील कंपनी के अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति (पीपीटी) के माध्यम से बताया कि आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से सर्वाइकल कैंसर की शुरुआती पहचान आसान हो सकती है। इसके लिए किसी महंगी मशीन की जरूरत नहीं होगी और एएनएम स्तर की स्वास्थ्यकर्मी भी इस जांच को कर सकेंगी। प्रारंभिक जांच के बाद आवश्यकता पड़ने पर आरटीपीसीआर टेस्ट के माध्यम से इसकी पुष्टि की जा सकेगी।

प्रस्तुति में यह भी बताया गया कि टीबी की पहचान के लिए एआई आधारित एक्स-रे तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है। एक्स-रे में संदिग्ध मामला सामने आने पर आगे आरटीपीसीआर जांच की जाएगी, जिससे ड्रग रेजिस्टेंस का भी पता लगाया जा सकेगा।

बैठक में रोबोटिक सर्जरी की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि रोबोटिक तकनीक से सर्जरी अधिक सटीक होगी और इसमें ब्लड लॉस कम होने के साथ मरीज का रिकवरी समय भी कम होगा। इस तकनीक से जनरल सर्जरी, कैंसर सर्जरी, स्त्री रोग, यूरोलॉजी, ईएनटी, कार्डियक और ऑर्थोपेडिक सर्जरी जैसी जटिल प्रक्रियाएं भी की जा सकती हैं।

### गैस एजेंसियों की मनमानी हो बंद स्टॉक की हो जांच : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में डोमेस्टिक और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है, लेकिन गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की सरकारी कीमत लगभग 2040 रुपए है, लेकिन बाजार में इसे 3000 से 3500 रुपये तक में बेचा जा रहा है, जो आम लोगों के साथ सीधा अन्याय है। प्रसाद ने मांग की कि झारखंड के सभी जिलों में गैस एजेंसियों के गोदामों में उपलब्ध स्टॉक की जिला प्रशासन द्वारा जांच कराई जाए और कालाबाजारी पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## झारखंड में एआई आधारित शासन की नई शुरुआत

# ग्रामीण विकास विभाग में शुरू हुआ देश का पहला एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम

- **ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की है यह पहल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग में इन दिनों एक ऐसी पहल आकार ले रही है, जिसे देश में प्रशासनिक सुधार के एक नए प्रयोग के रूप में देखा जा रहा है।



विभाग ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रशिक्षण देना शुरू किया है। इस पहल के साथ झारखंड देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां किसी सरकारी विभाग ने अपने कर्मचारियों के लिए एआई आधारित क्षमता निर्माण को संस्थागत रूप दिया है।

यह उस सोच का परिणाम है जिसके केंद्र में यह विचार है कि यदि प्रशासनिक तंत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए तो शासन व्यवस्था अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बन सकती है। इस पहल के पीछे ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की स्पष्ट सोच और दीर्घकालिक दृष्टि मानी जा रही है।

**प्रशासनिक सुधार की शुरुआत कर्मचारियों से**

झारखंड में ग्रामीण विकास विभाग का दायरा बहुत व्यापक है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होने वाली कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन इसी विभाग के माध्यम से होता है। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, वाटरशेड विकास कार्यक्रम, ग्रामीण सड़क और आधारभूत संरचना तथा पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से संचालित विकास योजनाएं शामिल हैं।

**17 अक्टूबर 2025 को हुई नई पहल की शुरुआत**

इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम 17 अक्टूबर 2025 को उठाया गया, जब विभाग ने औपचारिक रूप से ग्रामीण एआई सपोर्ट सेल की स्थापना की। इस सेल का उद्देश्य केवल तकनीक को अपनाना नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में एआई के उपयोग को व्यवस्थित और स्थायी रूप से स्थापित करना है। सेल के माध्यम से विभाग की योजना है कि आने वाले समय में प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल टूल्स और डेटा आधारित प्रणालियों के माध्यम से अधिक प्रभावी बनाया जाए। इस पहल को आगे बढ़ाने में विनोद कुमार पांडेय, जो कि द नज इंस्टीट्यूट के साथ इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलो के रूप में विभाग से जुड़े हैं, और विभाग के अवर सचिव चंद्र भूषण की प्रमुख भूमिका रही है। दोनों अधिकारियों की पहल पर विभाग ने एआई आधारित प्रशिक्षण और डिजिटल प्रशासन के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। एआई सपोर्ट सेल के गठन के बाद विभाग ने सबसे पहले अपने कर्मचारियों को इस नई तकनीक से परिचित कराने का निर्णय लिया। जनवरी और फरवरी 2026 के बीच विभाग ने छह प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया, जिनमें 40 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

## न्यूज बॉक्स

### 'विकसित भारत युवा संसद' की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आज से

**रांची।** माय भारत, झारखंड द्वारा 'विकसित भारत युवा संसद' की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 17 और 18 मार्च 2026 को रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 17 मार्च को प्रातः 11 बजे होगा, जिसमें झारखण्ड के सभी जिलों से चयनित युवा प्रतिभागी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का विषय "केंद्रीय बजट 2026: विकसित भारत 2047 की ओर भारतीय युवाओं के मार्ग को सुदृढ़ बनाना" रखा गया है। इसमें 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा अपने विचार तार्किकता और स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करेंगे। 'विकसित भारत युवा संसद' कार्यक्रम जिला स्तर से शुरू होकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित किया जाता है। जिला स्तर पर चयनित शीर्ष पाँच प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं, जबकि राज्य स्तर के शीर्ष तीन विजेताओं को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की युवा संसद में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना, विभिन्न विचारों को समझने की प्रवृत्ति बढ़ाना तथा विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही यह मंच युवाओं को अपने विचार नीतिनिर्धारकों तक पहुँचाने का अवसर भी प्रदान करता है।

### पत्रकार प्रवीण सिन्हा के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा के भाई प्रवीण सिन्हा के असामयिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। श्री साहू ने कहा कि ईश्वर स्व प्रवीण सिन्हा की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। तथा दुख की घड़ी में परिवार जनों,परिजनों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा,मनोज कुमार सिंह,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, यदुनाथ पांडेय,प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,बालमुकुंद सहाय,नीलकंठ सिंह मुंडा,आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह,हेमंत दास, शिवपूजन पाठक,योगेंद्र प्रताप सिंह,सहित प्रदेश पदाधिकारी,नेतागण शामिल हैं।

### क्षत्रिय गौरव एकता मंच ने सारण घटना की निंदा की

**रांची।** झारखंड क्षत्रिय गौरव एकता मंच के प्रदेश संयोजक पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने बिहार के सारण जिले में समाज की एक लड़की के साथ दरिंदगी और उसकी हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रवीण सिंह ने कहा कि बलात्कार और हत्या के मामले में बिहार पुलिस का रवैया ठीक नहीं है। पुलिस इस मामले को गलत मोड़ देकर अपनी नाकामी छुपाना चाहती है। उन्होंने अभियुक्तू की अविलंब गिरफ्तारी की मांग करते हुए दोषियों को फास्ट ट्रैक अदालत में सुनवाई कर फांसी की सजा की मांग की है। श्री सिंह ने कहा कि 15 मार्च को रांची में आयोजित क्षत्रिय एकता गौरव समागम में इस घटना के खिलाफ एक निंदा प्रस्ताव पारित किया गया था। इस घटना से झारखंड- बिहार के क्षत्रिय समाज में आक्रोश है।

## पृष्ठ एक के शेष

**सरकार 1932 आधारित स्थानीय नीति...**

पर बहाली की गई है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग में 40 नए मोटर निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती इलाकों में चेक पोस्ट बनाने की योजना है। रांची में चिल्ड्रेन ट्रैफिक पार्क का निर्माण भी किया गया है, जिसका उद्घाटन जल्द होगा। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन में विपक्ष की ओर से लाए गए कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत करते हुए विभिन्न बजट के अनुदान मांगे स्वी्कृत कर दी। इसके साथ ही उन्होंने सदन की कार्यवाही 17 मार्च को दिन में 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**इंट भट्ठा संचालन में अनियमितता...**

कहा कि प्रश्न में नौ अवैध ईंट भट्ठों का जिक्र किया गया है, जबकि मंत्री 30 भट्ठों की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर विभागीय मंत्री मामलों को टालते रहते हैं और जब विधानसभा में सवाल उठता है, तभी सरकार की नींद खुलती है। वहीं, विधायक प्रकाश राम ने स्पष्ट किया कि विभागीय जवाब में जिले के 30 भट्ठों का उल्लेख है, लेकिन उन्होंने विशेष रूप से पर्यटन क्षेत्र में संचालित नौ अवैध ईंट भट्ठों का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि इन अवैध भट्ठों के कारण क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर पर्यटन पर पड़ रहा है और पर्यटकों की संख्या भी घट रही है।

**भतीजे ने चाचा को पीट-पीट कर किया...**

लगाए हुए थे, जब दोनों उक्त स्थान पर पहुंचे तो मेरे पिता जी राकेश यादव और बीरेंद्र यादव ने पकड़कर लिया और अन्य आरोपियों ने लाठी ठंडे और लोहे के रॉड से सर पर अन्धाधुंध प्रहार कर दिया और उन्हें मरा हुआ समझकर वहां से भाग निकले। इस मारपीट की सूचना मिलते ही हमलोगों ने तत्काल गंभीर अवस्था में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। वहां के चिकित्सकों ने इन्हें रिम्स रांची रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में उनकी स्थिति को नाजुक देखते हुए मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मेरे पिता जो को अक्सर कुंती देवी और अनिता देवी ओझा गुणी का आरोप लगा कर लड़ाई झगड़ा करते थे। हुसैनाबाद पुलिस को मौत की सूचना मिलते ही शव पहुंचने के बाद हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता हैं कि बीते 27 फरवरी को रास्ता विवाद को लेकर जगनारयान यादव की पत्नी प्रभा देवी, और दूसरे पक्ष से राकेश यादव ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

संताली भाषा में सुमित्रा सोरेन...

को सम्मानित किया जाएगा। इन कृतियों के माध्यम से भारतीय भाषाओं की काव्य परंपरा, सांस्कृतिक विविधता और समकालीन संवेदनाओं को प्रभावी रूप से अभिव्यक्ति मिली है। उपन्यास विधा में असमिया लेखक देवब्रत दास की 'कड़ि खेलर साधु', बोडो भाषा की 'दोनै लामाः मोनसे गाथोन (सहायसुलि ब्रह्म)', अंग्रेजी उपन्यास 'क्रिमसन स्प्रिंग' (नवतेज सरना) और मलयालम की 'मायामानुश्यर' (एन. प्रभाकरन) को पुरस्कार के लिए चुना गया है। इन उपन्यासों में समाज, इतिहास, मानव मन और बदलती जीवन परिस्थितियों को गहराई से चित्रित किया गया है। कहानी विधा में कन्नड़ की 'दडा सेरिसु तंदे' (अमरेश नुगडोणी), मणिपुरी की 'कंगलमद्रीब इफुत' (हाओबम नलिनि), पंजाबी की 'सेफ्टी किट' (जिंदर), राजस्थानी की 'भरखमा' (जितेंद्र कुमार सोनी), संताली की 'मिड बिर्ना चेनने साओन इनाग सागई' (सुमित्रा सोरेन) और सिंधी की 'वाघू' (भगवान अटलानी) को पुरस्कार के लिए चुना गया है। इन कहानी संग्रहों में समाज के विविध वर्गों की समस्याएं, मानवीय संवेदनाएं और जीवन की जटिलताओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। निबंध श्रेणी में कोंकणी की 'कोंकणी काव्यें: रुपां आनी रूपकां' (हेनरी मेंडोनका) और नेपाली की 'नेपाली पारम्परिक संस्कृति र सभ्यताको ढुकुटी' (प्रकाश भट्टराई) को पुरस्कार मिलेगा। तमिल भाषा में साहित्यिक आलोचना के लिए 'तमिळ सिरुकथैयिन थडंगल' (सा. तमिळसेलवन) का चयन किया गया है। आत्मकथा श्रेणी में मराठी की 'काळ्यानिळ्या रेषा' (राजू बाविस्कर) को सम्मानित किया जाएगा। संस्मरण विधा में हिंदी लेखिका ममता कालिया की पुस्तक 'जीते जी इलाहाबाद' तथा मैथिली की 'धात्री पात सन गाम' (महेंद्र) को पुरस्कार के लिए चुना गया है।

# सूर्यवंशी की नजर गेल के रिकॉर्ड पर

## बोले- आईपीएल में 175 रन का रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं



### राजस्थान को आईपीएल जीताना है : वैभव

अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाले वैभव ने कहा, इस सीजन उनका लक्ष्य राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल खिताब दिलाना है। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 2024 में 1.1 करोड़ रुपए में टीम में शामिल किया था। पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट की क्षमता अब मैदान पर नतीजों के रूप में साफ दिखाई दे रही है।

### क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ना चाहते हैं वैभव

कार्यक्रम के दौरान वैभव सूर्यवंशी ने अपने क्रिकेट सपनों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि वे टी-20 क्रिकेट में क्रिस गेल के 175 रन के रिकॉर्ड को तोड़ना चाहते हैं। वैभव ने बताया कि उन्होंने 2017 में पुणे सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच स्टेडियम में देखा था। उन्होंने अपनी पसंदीदा फिल्म का नाम धुरंधर भी बताया।



**एजेंसी । नई दिल्ली**

बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स 2026 में खिलाड़ियों ने मंच पर कई दिलचस्प किस्से साझा किए। इस दौरान संजू सैमसन ने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की मिमिक्री करते हुए उनके आईपीएल डेब्यू से पहले का मजेदार किस्सा सुनाया। संजू ने कहा- मैदान पर वैभव का खेल देखकर ऐसा लगा मानो वे कोई वीडियो गेम खेल रहे हों। वहीं पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ ने मौजूदा भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा कि अब भारत का असली दम नजर आने लगा है। समारोह में स्टेज पर हार्दिक पंड्या, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और वैभव सूर्यवंशी मौजूद थे। बातचीत के दौरान सैमसन ने बताया कि राजस्थान रॉयल्स के लिए डेब्यू से पहले हेड कोच राहुल द्रविड़ ने वैभव से उनके गेम प्लान के बारे में पूछा था। सैमसन ने बताया कि द्रविड ने वैभव से पूछा, तुम्हारा गेम प्लान क्या है?

इस पर वैभव ने कहा, ऐसा कुछ नहीं है सर, हम तो खेलेंगे। जब द्रविड़ ने दोबारा पूछा तो वैभव बोले, अगर हमें पहली बॉल मिली तो हम उसे उड़ा देंगे। सैमसन ने कहा कि वैभव ने मैदान पर भी लगभग वैसा ही खेल दिखाया और उन्हें देखकर लगा कि वह कोई अलग ही वीडियो गेम खेल रहे हैं।

### भारत और भी वर्ल्ड कप जीतेगा : संजू सैमसन

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के हीरो संजू सैमसन ने भारत के भविष्य को लेकर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि टीम आने वाले सालों में और वर्ल्ड कप जीत सकती है। सैमसन ने कहा कि देश में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की बड़ी संख्या है, इसलिए भारत भविष्य में बार-बार बड़े टूर्नामेंट जीतने की क्षमता रखता है।

# अरुंधति रेड्डी समेत ये 3 खिलाड़ी 'आईसीसी वीमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी समेत पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना और श्रीलंकाई बल्लेबाज हर्षिता समरविक्रमा को फरवरी माह के लिए 'आईसीसी वीमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित किया गया है। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की टी20 सीरीज में भारत की गेंदबाजी की अगुवाई की। वह सर्वाधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी बनकर उभरीं, जिन्होंने 10.87 की औसत के साथ 8 विकेट हासिल किए। अरुंधति रेड्डी ने सीरीज के पहले मैच में 22 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। अगले मैच में 30 रन देकर 2 विकेट निकाले। सीरीज के तीसरे मैच में 35 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। विकेट लेने की उनकी काबिलियत ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखने में बहुत अहम साबित हुई। आखिरकार भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। दूसरी ओर, श्रीलंका की टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज हर्षिता समरविक्रमा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रीलंका की 2-1 से सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। इस बाएं हाथ की खिलाड़ी ने सीरीज में सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 3 वनडे मुकाबलों में 57 की औसत से कुल 171 रन बनाए। समरविक्रमा ने सीरीज में 66, 35 और 70 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए हर्षिता को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना के प्रदर्शन पर नजर डालें, तो उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ बल्ले के साथ गेंद से भी शानदार प्रदर्शन किया। फातिमा ने वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 52 रन बनाने के साथ 2 विकेट हासिल किए और तीसरे मैच में 60 रन बनाने के साथ 2 विकेट निकाले।

# चक्रधरपुर में आज से जूनियर व सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक राज्य चैंपियनशिप

**नवीन मेल संवाददाता**



**चक्रधरपुर (पश्चिम सिंहभूम)** । झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन के तत्वावधान में जूनियर एवं सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक राज्य चैंपियनशिप का आयोजन 17 मार्च से 22 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य के उभरते जिम्नास्ट खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और जिम्नास्टिक खेल को बढ़ावा देना है। आयोजन के दौरान विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और खेल प्रेमियों में भी उत्साह का माहौल है। इस संबंध में झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन की सचिव तुलिका श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य के अलग-अलग जिलों से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे और यह आयोजन राज्य में जिम्नास्टिक खेल के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा

# अर्जेंटीना-स्पेन के बीच होने वाला फाइनालिसीमा मैच रद्द

**एजेंसी । नई दिल्ली**

**● मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण कतर में 27 मार्च को नहीं होगा मुकाबला**

अर्जेंटीना और स्पेन के बीच होने वाला फाइनलिसिमा मुकाबला रद्द कर दिया गया है। यूरोपीय फुटबॉल संघ ने कहा कि मिडिल ईस्ट में बढ़ते युद्ध और सुरक्षा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया। यह मैच 27 मार्च को कतर की राजधानी दोहा में खेला जाना था। इसमें साउथ अमेरिका की चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोप की चैंपियन स्पेन आमने-सामने होने वाली थीं। मुकाबले को लियोनेल मेस्सी और लामिन यामल की टीमों के बीच बड़ा मैच माना जा रहा था। युद्ध के चलते सुरक्षा पर मंडराया खतरा मिडिल ईस्ट में ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच जारी संघर्ष और अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों के कारण क्षेत्र में स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। पिछले तीन हफ्तों से जारी इस तनाव के बीच कतर में मैच कराना जोखिम भरा माना गया।

# बांग्लादेश से वनडे सीरीज हारने के बाद पाकिस्तान ने अंपायरिंग पर उठाए सवाल, दर्ज कराई शिकायत

**एजेंसी । ढाका**



पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए वनडे सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ा है। रविवार को सीरीज का तीसरा मुकाबला ढाका में खेला गया। पाकिस्तान को 11 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने सीरीज 2-1 से जीत ली। तीसरे वनडे में हार के साथ ही सीरीज गंवाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने मैच के दौरान हुए अंपायरिंग फैसले को लेकर आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। टीम मैनेजमेंट ने मैच रेफरी के पास ऑन-फील्ड अंपायर के एक विवादित निर्णय के खिलाफ आपत्ति जताई है।रिपोर्ट्स के अनुसार, यह विवाद मैच की आखिरी से दूसरी गेंद पर लिए गए एलबीडब्ल्यू रिव्यू से जुड़ा है। पाकिस्तान का आरोप है कि बांग्लादेश की टीम ने बड़ी स्क्रीन पर रिप्ले देखने के बाद रिव्यू लेने का फैसला किया, जो कि तय नियमों के खिलाफ है। नियमों के मुताबिक, किसी भी टीम को रिव्यू लेने का फैसला रिप्ले स्क्रीन पर आने से पहले करना होता है। मैच के उस अहम मोड़ पर पाकिस्तान को जीत के लिए दो गेंदों पर 12 रन चाहिए थे।

# सिनर पहली बार इंडियन वेल्स चैंपियन, मेदवेदेव को हराया



## वीमेंस सिंगल्स में सबालेंका जीतीं...

### फाइनल में रायबाकिना को मात दी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में खेले गए इंडियन वेल्स ओपन में इटली के जैनिक सिनर और बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने खिताब जीता। मेन्स सिंगल्स के फाइनल में सिनर ने रूस के डैनियल मेदवेदेव को हराकर अपना पहला इंडियन वेल्स टाइटल जीता। वहीं, विमेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने एलिना रायबाकिना के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। सिनर फेडरर और जोकोविच के क्लब में शामिल हुए सिनर ने इस जीत के साथ हार्ड कोर्ट पर होने वाले सभी बड़े खिताब अपने नाम कर लिए हैं। इनमें छह एटीपी मास्टर्स 1000, निट्टो एटीपी फाइनल्स, ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन शामिल हैं। इससे पहले यह उपलब्धि सिर्फ रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच के नाम थी। सिनर ने 2023 में टोरंटो में अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था और अगले तीन सालों के भीतर ही उन्होंने हार्ड कोर्ट के सभी बड़े एलीट खिताब अपने नाम कर लिए।

**सिनर ने मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराया: पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं हारा :** जैनिक सिनर ने फाइनल में पहला सेट टाईब्रेक में 7-6 (8-6) से जीता। इसके बाद दूसरे सेट में भी कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन सिनर ने इसे 7-6 (7-4) से अपने नाम कर लिया। खास बात यह रही कि सिनर ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए पहली बार इंडियन वेल्स मास्टर्स वेल्स की ट्रॉफी अपने नाम की।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# देश में गैस की कोई कमी नहीं, सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति जारी : केंद्र



**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को निर्बाध सीएनजी और पीएनजी की आपूर्ति जारी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की विपणन और तेल शोधन विभाग की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सीएनजी की आपूर्ति करने वाले ईंधन पंप और घरेलू पीएनजी कनेक्शन सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "सीएनजी उपयोगकर्ताओं और पीएनजी उपभोक्ताओं दोनों को आपूर्ति पूरी तरह से जारी रखी जा रही है। अधिकारियों ने जमाखोरी रोकने के लिए प्रवर्तन कार्रवाई भी शुरू कर दी है। ईंधन भंडारण और आपूर्ति की जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे गए हैं। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आगे कहा कि कच्चा तेल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा, "सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। हमारे पेट्रोल पंप सामान्य रूप से चल रहे हैं। अभी तक किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं मिली है। गैस वितरण कंपनियों ने नए पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए प्रोत्साहन योजनाएं भी शुरू की हैं। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने 31 मार्च से पहले पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को 500 रुपए की मुफ्त गैस देने की घोषणा की है। इस बीच, घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं में व्याप्त भय कम होने से एलपीजी बुकिंग में गिरावट आई है, वहीं जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए राज्यों भर में छापेमारी की जा रही है। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए राज्यों भर में छापेमारी की जा रही है और 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने स्थिति पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे घबराहट में बुकिंग न करें, डिजिटल बुकिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करें और एलपीजी वितरकों के पास अनावश्यक रूप से जाने से बचें। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार घरेलू उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देती रहेगी और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति विशेष रूप से घरों और अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए सुनिश्चित करेगी।

### देश में 25,605 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स, 17677 ग्रामीण क्षेत्रों में : सरकार



सरकार ने सोमवार को बताया कि देश में कुल 25,605 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं (1 मार्च 2026 तक), जिनमें से 17,677 डिस्ट्रीब्यूटर्स ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इन डिस्ट्रीब्यूटर्स को तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के 214 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट्स के जरिए आपूर्ति की जा रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में एलपीजी की पहुंच बढ़ाने के लिए अप्रैल 2016 से फरवरी 2026 के बीच 8,037 नए डिस्ट्रीब्यूटर्स शुरू किए गए। इनमें से 7,444 यानी करीब 93 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं। मंत्री ने बताया कि पारदर्शिता बढ़ाने और उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए पूरे देश में आईवीआरएस और एसएमएस के जरिए एलपीजी रीफिल बुकिंग की सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत बुकिंग, कैश मेमो बनने और डिलीवरी जैसे महत्वपूर्ण चरणों पर उपभोक्ताओं को एसएमएस अलर्ट भेजे जाते हैं। इसके अलावा, तेल विपणन कंपनियों ने डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) भी शुरू किया है, जो एसएमएस के जरिए उपभोक्ता को भेजा जाता है और डिलीवरी करने वाले व्यक्ति को दिखाने पर ही सिलेंडर की पुष्टि के साथ डिलीवरी होती है।

# हरे निशान में बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 939 अंक उछला



**एजेंसी । मुंबई**

लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। दिन के शुरुआती कारोबार में बड़े उतार-चढ़ाव के बाद बैंकों, ऑटो और एफएमसीजी क्षेत्रों में तेजी के चलते बाजार में 1 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। दोपहर के बाद दोनों प्रमुख बेंचमार्कों ने अच्छी रिकवरी की और बीएसई सेंसेक्स जहां 939 अंक या 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी50 1.11 प्रतिशत या 257.70 अंक बढ़कर 23,408.80 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स 1,241 अंक या 1.66 प्रतिशत बढ़कर 75,805.27 के अपने दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी 351 अंक या 1.5 प्रतिशत बढ़कर 23,502 के अपने दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान व्यापक बाजारों का प्रदर्शन बेंचमार्क सूचकांकों से कमजोर रहा।

# पश्चिम एशिया तनाव के बीच 4300 से ज्यादा भारतीय उड़ानें रद्द



**नई दिल्ली** । पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण भारतीय और विदेशी एयरलाइंस ने हजारों उड़ानें रद्द कर दी हैं। यह जानकारी सोमवार को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने लोकसभा में दी। संसद के चल रहे बजट सत्र के छठे दिन बोलते हुए मंत्री ने बताया कि भारतीय एयरलाइंस ने 4,335 से ज्यादा उड़ानें रद्द की हैं, जबकि विदेशी एयरलाइंस ने करीब 1,187 उड़ानें रद्द की हैं। मंत्री ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सरकार और एयरलाइंस की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जब किसी संघर्ष प्रभावित क्षेत्र का एयरस्पेस बंद हो जाता है, तो वहां उड़ानें संचालित करना संभव नहीं होता। उन्होंने कहा, "भारतीय एयरलाइंस ने 4,335 उड़ानें और विदेशी एयरलाइंस ने 1,187 तक उड़ानें रद्द की हैं। हमें सबसे पहले सुरक्षा का ध्यान रखना होता है।

# इंडिगो ने अदाणी एयरपोर्ट्स के साथ की साझेदारी

### अब ड्यूटी-फ्री शॉपिंग पर मिलेंगे 'इंडिगो ब्लूचिप्स'




**अहमदाबाद** । देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो और अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने सोमवार को साझेदारी का ऐलान किया। इसके तहत एएएचएल द्वारा प्रबंधित एयरपोर्ट्स पर ड्यूटी-फ्री शॉपिंग करने पर इंडिगो ब्लूचिप मेंबर्स प्वाइंट्स हासिल कर पाएंगे। दोनों कंपनियों की ओर से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया कि इस साझेदारी के तहत, सदस्य अदाणी प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहले से बुक किए गए ड्यूटी-फ्री उत्पादों पर खर्च किए गए प्रत्येक 100 रुपए पर पांच इंडिगो ब्लूचिप्स कमा सकते हैं। यात्री प्रस्थान से पहले ऑनलाइन उत्पादों को ब्राउज कर सकते हैं, रिजर्व कर सकते हैं और भुगतान कर सकते हैं, और एयरपोर्ट्स पर आसानी से अपनी खरीदारी प्राप्त कर सकते हैं।

# भारत का कुल निर्यात फरवरी में 11.05 प्रतिशत बढ़कर 76.13 अरब डॉलर रहा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत का कुल निर्यात (वस्तु और सेवा) फरवरी 2026 में सालाना आधार पर 11.05 प्रतिशत बढ़कर 76.13 अरब डॉलर हो गया है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को दी गई। मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 26 की अप्रैल-फरवरी अवधि में भारत का संचयी निर्यात 790.86 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो कि वित्त वर्ष 25 की समान अवधि में 747.58 अरब डॉलर था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते महीने देश का वस्तु निर्यात 36.61 अरब डॉलर रहा है, जो कि बीते साल फरवरी में 36.91 अरब डॉलर था। देश का वस्तु निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी अवधि में 402.93 अरब डॉलर रहा है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 395.66 अरब डॉलर था। यह समीक्षा अवधि में सालाना आधार पर 1.84 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी माह के लिए सेवाओं के निर्यात का अनुमानित मूल्य 39.53 अरब डॉलर है, जबकि फरवरी 2025 में यह 31.65 अरब डॉलर था। वहीं, अप्रैल-फरवरी 2025-26 की अवधि के लिए यह 387.93 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जबकि अप्रैल-फरवरी 2024-25 में यह 351.93 अरब डॉलर था।